CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C
तापमान

सेंसेक्स
74,227.08
22,535.85

सोना 91,025
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 9 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 87 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रेड वॉर हुआ, तो हम तैयार: चीन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रक्षा सहयोग और सह-उत्पादन में मिलकर काम करेंगे भारत व यूएई



**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन तथा सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। भारत की यात्रा पर आए दुबई के शहजादे एवं संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच मुलाकात के दौरान देशों ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री सिंह ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ के साथ नई दिल्ली में एक सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यधिक प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि शहजादे मकतूम कल भारत यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे थे।

### मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस हमदान का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था।

### दुबई के युवराज शेख हमदान ने की विदेश मंत्री से बातचीत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुबई के युवराज शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम का राजधानी स्वागत किया। विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने अपने कार्यालय में बातचीत के लिए पहुंचे शेख हमदान की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा कि दुबई के युवराज और संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री महामहिम हमदान मोहम्मद से मिले।

# कर्नाटक छेड़छाड़ मामला गृह मंत्री ने माफी मांगी

■ कहा- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित, पहले बोले थे- बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं आम

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** गृह मंत्री जी परमेश्वर ने यौन उत्पीड़न की घटना पर अपनी टिप्पणी के बाद माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं, जो हमेशा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता हूं।

अगर मेरी बातों से किसी महिला को ठेस पहुंची है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। जी. परमेश्वर ने अपने बयान को गलत समझने और इसे और तोड़-मरोड़ कर पेश करने की बात कही। दरअसल, बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में एक युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दिया था। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है, जिसके बाद जांच को लेकर पूछे गए सवाल पर जी परमेश्वर ने कहा था कि इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने राज्य गृह मंत्री की आलोचना की और इस्तीफे की मांग की थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जी परमेश्वर से इस्तीफा मांगना चाहिए।

### मुद्रा योजना उद्यमशीलता के बारे में एक मौन क्रांति लाई: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को यहां अपने निवास पर इसके लाभार्थियों से बात की और कहा कि इस योजना ने उद्यमशीलता के बारे में सामाजिक बदलाव के साथ एक मौन क्रांति ला दी है। श्री मोदी ने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 वर्ष की उम्र में निधन

**आबू रोड (सिरोही)।** महिला शक्ति संगठन ब्रह्माकुमारी की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का सोमवार देर रात निधन हो गया। वह 101 वर्ष की थी। उन्होंने गुजरात में अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में देर रात एक बजकर बीस मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को आबूरोड लाया गया, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा गया। ब्रह्माकुमारीज के अनुसार उनका दस अप्रैल को सुबह दस बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं।

### इजरायल के कृषि मंत्री ने देखा पूसा परिसर का कामकाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजरायल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को आईएआरआई के कृषि परिसर का कामकाज देखा। केंद्रीय कृषि सचिव और आईसीएआर के प्रभारी महानिदेशक देवेश चतुर्वेदी ने दोनों मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों को पूसा दिल्ली में शुरू किए गए कृषि में भारत-इजरायल उत्कृष्टता के पहले केंद्र और देश के विभिन्न हिस्सों के किसानों और अधिकारियों को प्रदर्शन और प्रशिक्षण के साथ-साथ संरक्षित खेती की तकनीकों को लोकप्रिय बनाने में इसके व्यापक योगदान के बारे में जानकारी दी।

### तीन और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों, जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की।

# वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते गवर्नर: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: तमिलनाडु के राज्यपाल का 2023 में 10 विधेयकों को रोकना अवैध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं
■ राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने श्री रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाइयों को खारिज करने का फैसला सुनाया।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि 10 विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए अनुच्छेद 200 के तहत पॉकेट वीटो का कोई प्रावधान नहीं है। शीर्ष अदालत ने विधेयकों पर समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि स्वीकृति रोके जाने तथा मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित किए जाने की स्थिति में समय-सीमा अधिकतम एक महीने की है। यदि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना स्वीकृति रोकी जाती है, तो विधेयक को तीन महीने के भीतर वापस करना होगा। पीठ ने अंत में, स्पष्ट किया कि राज्य विधानसभा की ओर से पुनर्विचार के बाद विधेयक प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर एक महीने के भीतर स्वीकृति दी जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस समय-सीमा का पालन न किए जाने पर न्यायिक जांच की जाएगी।

## नैतिक पुलिसिंग अदालतों का काम नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला और संगीतकार विशाल ददलानी पर 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित तौर पर अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने पूछा कि अदालत (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय) ने किस तरह का आदेश पारित किया है? अदालत को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। यह अदालत का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं (तहसीन पूनावाला और विशाल ददलानी) को राहत देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ताओं ने एक खास धर्म के पुरोहित की आलोचना की थी।

# नौ राज्यों में लू की चेतावनी राजस्थान में रेड अलर्ट

■ मप्र के 23 जिलों में पारा 40 पार, 13 राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है।

नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार हैं। इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। मंगलवार को यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश में सोमवार को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट है।

### दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में मौत की सजा बरकरार

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे। एनआईए ने सिलसिलेवार बम विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी।

# यूपी: PRD जवानों के ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अब 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) स्वयंसेवकों के दैनिक ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव के तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

# शीर्ष अदालत से ममता सरकार को राहत

■ बंगाल के स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजन के फैसले की सीबीआई जांच का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजित करने के पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के फैसले की सीबीआई से जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया।

सीजेआई खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि संविधान ने स्पष्ट रूप से न्यायालयों को मंत्रिमंडल के फैसलों और राष्ट्रपति/राज्यपाल को दी गई सलाह की जांच करने से रोक दिया है। 'अतिरिक्त पद' का तात्पर्य ऐसे अस्थाई पद से है जो किसी ऐसे कर्मचारी को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, जो नियमित पद के लिए पात्र है और जो (पद) वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि प. बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित सीबीआई द्वारा जांच की जारी रहेगी।

### राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक मुद्दे पर मुर्मू से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के बाद अपनी नौकरी खो देने संबंधी मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पत्र की प्रति जारी करते हुए लिखा कि मैं पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के मामले में आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के कारण अपनी नौकरी खो दी है।

# मुर्मू को पुर्तगाल ने दिया 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मू को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया।



राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।

### सम्भल हिंसा मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ

**सम्भल।** उप्र के सम्भल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में भीड़ को उकसाने के मामले में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ की। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल में हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के मामले में सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान बीते माह जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जफर अली एडवोकेट ने भी पूछताछ के दौरान मामले में जियाउर्रहमान बर्क के नाम का खुलासा किया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए जियाउर्रहमान बर्क को दिल्ली जाकर एक नोटिस दिया था, जिसमें उन्हें मंगलवार को तलब किया गया था। नोटिस पर कोतवाली जाने से पहले जियाउर्रहमान बर्क ने अपने आवास पर कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। कोतवाली में सीओ कुलदीप कुमार एवं विवेचन आदि जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला राज्यपालों के लिए आईना

## गैर भाजपा शासित राज्यों में आ रहे विवाद सामने, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय

समीउल्लाह



■ तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**बिजनौर।** तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए अहम फैसले ने गैर भाजपा शासित राज्यों के उन राज्यपालों को आईना दिखाया है, जो केन्द्र सरकार के इशारों पर इन सरकारों को परेशान करते हुए उनके विधेयकों को लम्बित रखते हैं।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाईयों को खारिज करने का फैसला सुनाया। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, इन विधेयकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि दस विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई -शेष पृष्ठ दो पर

# 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय

■ वित्त मंत्रालय ने कहा: यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण

**नई दिल्ली।** सरकार ने 'एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है।

विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवम्बर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है। वर्तमान में, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 43 आरआरबी काम कर रहे हैं। विलय के बाद, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 28 आरआरबी होंगे, जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएं होंगी।

# प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं: अखिलेश



जौनपुर, वार्ता

■ पुलिस ही पुलिस को कर रही गिरफ्तार, फर्जी मुकदमे लिखकर वसूले जा रहे पैसे

सपा सुप्रीमोअखिलेश यादव ने यूपी की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी मोर्चे पर ठीक से काम नहीं कर रही है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। अखिलेश यादव ने पुलिस हिरासत में पुजारी यादव की मौत, मंगेश यादव एनकाउंटर समेत कई उदाहरण देकर सरकार पर निशाना साधा। सपा नेता ने वाराणसी में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को दुखद बताया है।

कन्नौज सांसद अखिलेश यादव जौनपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरजूदेई के दिवंगत पति धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि देने आए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला। योगी को वीवो का मोबाइल दे दो, तो वह चला नहीं पाएंगे। उन्हें आईफोन दे दो, तो दीवार पर पटक कर तोड़ देंगे।

अखिलेश यादव ने इस दौरान वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया और कहा कि सपा उन लोगों के साथ है, जो सुप्रीम कोर्ट गए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार पर फटकार पर कहा कि जो हम लोग कहते थे, वह सुप्रीम कोर्ट का रहा है, प्रदेश में फर्जी मुकदमे लिखा जा रहे हैं, पैसे वसूले जा रहे हैं।

गाजियाबाद के विधायक पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में पार्टी के विधायक तक सुरक्षित नहीं है। कुर्ते फाड़ दिए जा रहे हैं और विधायक जी आज अभी भी फटे कुर्ते पहनकर टहल रहे हैं। इस सरकार में पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। पुलिस ही पुलिस को गिरफ्तार कर रही है और पुलिस पुलिस को ढूंढ रही है।

## भाकियू नेता समेत तीन की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम क्षेत्र में मंगलवार सुबह वर्चस्व को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के जिला उपाध्यक्ष और उनके भाई व बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात उस समय हुई, जब मृतक एक ही मोटर साइकिल से खेत से अपने गांव वापस आ रहे थे। हमलावर ट्रैक्टर में सवार थे। विरोध स्वरूप अभी तक शवों को पुलिस घटनास्थल से उठा नहीं पा रही है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हत्यारों की गिरफ्तारी तक शवों को न उठने देने की घोषणा की है। घटनास्थल पर पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन प्रेम गौतम भारी फोर्स के साथ मौजूद है। पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम लवरी निवासी भाकियू के जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ पप्पू सिंह (55) अपने छोटे भाई पिंकू सिंह (50) और पुत्र अभय सिंह (22) के साथ एक ही मोटर साइकिल से अपने खेत से गांव अखरी से वापस आ रहे थे कि तभी तहिरापुर के पास ट्रैक्टर सवारों ने उनका रास्ता रोका और ताबड़तोड़ फायलरग की जिससे घटनास्थल पर ही तीनों की मृत्यु हो गई। मृतक की मां शिव दुलारी सिंह वर्तमान में प्रधान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान इसी क्षेत्र के रहने वाले है। मृतक और हमलावर दोनों क्षत्रिय बिरादरी के हैं।

# शेयर बाजार ने लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

मुंबई, वार्ता



■ निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई थी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफ लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही, वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई, वहीं 67 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारतीय शेयर बाजारों में हालिया उछाल उस समय देखने को मिला, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह संकेत दिया कि जापान बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन भेजेगा। इस बयान ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई कि अमेरिका अपने टैरिफ नीति पर नरमी दिखा सकता है। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद भारतीय बाजारों को एक सकारात्मक पुश मिला। वहीं ट्रंप ने चीन को लेकर सख्त रुख बनाए रखा और यह चेतावनी दी कि यदि बीलजग अपने जवाबी टैरिफ को जारी रखता है, तो अमेरिका चीनी आयात पर 50 प्रतिशत तक का अतिरिक्त शुल्क लगा सकता है। इस धमकी ने बाजार में आशावाद की सीमाओं को रेखांकित कर दिया और निवेशकों को सतर्क कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में पहले से ही भारी बिकवाली हो चुकी थी, जिससे रिकवरी की संभावना बनी हुई थी।

### संक्षिप्त समाचार

## अपराधियों के गठजोड़ से चल रही है राजग सरकार: तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में अपराधियों के गठजोड़ से सरकार चल रही है। याादव ने मंगलवार को बिहार सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधनन सरकार अपराधियों के गठजोड़ से चल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इसको लेकर क्राइम बुलेटिन जारी किया है। बुलेटिन में तेजस्वी ने बिहार में अलग-अलग अपराध की 117 की घटनाओं का जिक्र किया है। नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, भाजपा-नीतीश और अपराधियों के गठजोड़ से संचालित राजग सरकार में घटित पिछले कुछ दिनों की केवल और केवल चंद आपराधिक घटनाएं गिनिए। इसके बाद उन्होंने 117 आपराधिक घटनाओं का विवरण दिया है। इससे पूर्व यादव ने सोमवार को भी प्रदेश की नीतीश सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, बिहार की बदहाल विधि व्यवस्था एवं अचेत सरकार के कारण अब आम बिहारी का घर में रहना में मुश्किल होता जा रहा है।

## भगवा झंडा फहराने में दरोगा और दो कांस्टेबल सस्पेंड

**प्रयागराज।** जनपद के गंगानगर में एक मजार पर भगवा झंडा फहराने की घटना के बाद पुलिस ने तीन पुलिसकर्मियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) पुष्कर्म वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार रविवार को रामनवमी के मौके पर कुछ युवक सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह के द्वार पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तीन नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अहमदाबाद: कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले खड़गे

# सरदार पटेल की सोच कांग्रेस की विरासत

अहमदाबाद, वार्ता



■ पटेल ने आरएसएस पर बेन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया था

■ साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ कर बुनियादी मुद्दों से हटाया जा रहा ध्यान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणामस्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया।

खड़गे ने मंगलवार को यहां शाहीबाग में सरदार पटेल स्मारक परिसर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के लिए बने विशाल सभागार में अधिवेशन की पहले दिन आज पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर कब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरदार पटेल कांग्रेस की विरासत है और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल ए सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अलहसा का हथियार दिया। ए इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। गांधीजी के नेतृत्व में चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा और उसने गांव-गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में ठीक वैसे ही मदद की जैसे गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली सत्याग्रह चला। खड़गे ने कहा कि इस साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलज की 150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएंगे। पंडित नेहरू उन्हें 'भारत की एकता का संस्थापक' कहते थे। जब सरदार पटेल कांग्रेस अध्यक्ष थे, तो उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए वह भारतीय संविधान की आत्मा है। सरदार पटेल संविधान सभा की महत्वपूर्ण मूल अधिकारों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासी एरिया समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है और 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाने का काम वे लोग कर रहे हैं, जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ए है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं। नेहरू और पटेल के बीच रिश्ते पब्लिक रिकॉर्ड में होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों के बीच लगभग रोज़पत्र-व्यवहार होता था। नेहरूजी तमाम विषयों में उनकी सलाह लेते थे। पटेल साहब के प्रति नेहरूजी के मन में अपार आदर था। उनको कुछ सलाह लेनी होती, तो वे खुद पटेलजी के घर जाते थे। पटेल जी की सुविधा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठकें उनके निवास पर रखी जाती थीं। डा. अम्बेडकर ने खुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के सहयोग के बिना संविधान नहीं बन सकता था, लेकिन जब संविधान बना, तो आरएसएस ने गांधी जी, पंडित नेहरु, डा. अम्बेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की।

## कांग्रेस अधिवेशन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा शुरू

**अहमदाबाद।** कांग्रेस में बड़े बदलाव की उम्मीद से आयोजित कांग्रेस का दो दिन चलने वाला गुजरात अधिवेशन मंगलवार को यहां शाहीबाग, सरदार पटेल स्मारक में शुरू हो गया, जिसमें पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के तमाम बड़े नेता यहां सरदार पटेल स्मारक हॉल के सामने बने विशाल पंडाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनौतियों से निपटने और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के मुद्दे पर विचार- विमर्श कर रहे हैं। पार्टी के बेलगांव सम्मेलन के बाद उसके प्रस्तावों को इस अधिवेशन के जरिए आगे बढ़ाने की नीति पर विचार होगा। कांग्रेस 2025 को पार्टी में सुधार लाने के लिए काम कर रही है और इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस सम्मेलन के दौरान पार्टी के जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम किया जाएगा।

### वक्फ कानून का विरोध

# अब्बास रजा ने सुभासपा से नाता तोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुभासपा के प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अब्बास राजा ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा कि अब्बास रज़ा सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रमुख महासचिव बरेली मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ साथ साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता से पूर्णरूपेण तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर जो कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री है उनके द्वारा दिए गए बयानों से आहत होकर एवं पार्टी द्वारा लगातार बयानों में मुस्लिम विरोधी नीतियों एवं हमारे धर्मिक इसतल इमामबाड़ो पर दिए गए बयानों से आहत हू और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को आगाह भी करना चाहता हू कि इनकी नियत अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कदापि हितकारी नहीं है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी मांग करता हुए कहा कि इनसे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय वापस लिया जाए क्यूंकि इनकी दृष्टि सबका साथ सबका विकास की नीति न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने समाज विशेष के उद्धार के लिए है जो प्रदेश के लिए अहितकारी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच के साथ राजनीति करना अपने जमीर को मारने जैसा है इसलिए सभी पदों से इस्तीफा देते हुए समाज का सेवक बनकर समाज की सेवा करता रहूंगा।

### अर्थ व्यापार

# दस वर्षों में 33.65 लाख करोड़ के मुद्रा ऋण दिए

नई दिल्ली, वार्ता



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के प्रति छोटे और लघु उद्यमियों का विश्वास बढ़ा है, जिससे पिछले 10 वर्षों में 52.37 करोड़ खातों के माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुद्रा ऋण दिए गए है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ किया था। मुद्रा योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय अर्जित करने वाली गतिविधियों के लिए आसानी से और बिना किसी जमानत के 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करती है। पहले यह ऋण सीमा 10 लाख रुपए थी, जिसको 24 अक्टूबर 2024 को बढ़कार 20 लाख रुपए कर दी गई। ए ऋण बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी), एमएफआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से दिए जाते हैं। इसके अंतर्गत तरुण प्लस के नाम से नई ऋण श्रेणी की घोषणा की गई है जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिज़ाइन की गई है, जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी के तहत ऋण लिया है और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया है। इससे उन्हें 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच फंडिंग प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। इसके अतिरिक्त, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए ऋणों के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा। यह भारत में उद्यमशीलता के लिए तंत्र को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। बड़े उद्योगों के पूरक के तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सहायक इकाइयों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश के समावेशी औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये उद्यम अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहे हैं और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं की विविधतापूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। मुद्रा योजना एक उल्लेखनीय सरकारी पहल है, जो एमएसएमई को ऋण प्राप्त करने में सहयोग करती है।

## मुद्रा योजना व्यापारी समुदाय के लिए गेम चेंजर: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को व्यापारी समुदाय के लिए 'गेम चेंजर' बताया और कहा कि यह योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। खंडेलवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों में बिना गारंटी ऋण देकर इस योजना ने लाखों सूक्ष्म और लघु व्यापारों को मजबूती दी है। इससे व्यापार विस्तार, बुनियादी ढांचा विकास और कार्यशील पूंजी के लिए बड़ी मदद मिली है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 27 रिंगिट फिसलकर 4535 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 45.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## आतंकी पासिया ने कराया था बीजेपी नेता के घर में विस्फोट

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में बीजेपी नेता मनोरंजन कालिया के घर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी आतंकी हैप्पी पासिया ने ली है। पासिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी ली है। इस आतंकी पर एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने लॉरेंस के 2 करीबियों को भी गिरफ्तार किया है। आतंकी हैप्पी पासिया खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा कमांडर है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का भरोसेमंद के साथ भी काम कर चुका है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट का...** गुंजाइश नहीं है। अहम बात यह है कि देश में जहां-जहां गैर भाजपाई दलों की सरकारें हैं, वहां-वहां राज्यपालों व सरकार के बीच टकराव के हालात देखे गए हैं। राज्यपाल प्रदेशों में राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के तहत संवैधानिक व्यवस्था में काम करते हैं। लेकिन देखने में आया है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका विवादों में रही है। जब तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब तक उप राज्यपाल एवं दिल्ली सरकार के बीच किसी न किसी मुद्दे पर टकराव के हालात बने रहे। पंजाब में भी इसी तरह के हालात समय-समय पर सामने आते रहे हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर ऐसा कोई विवाद कभी भी सामने नहीं आया। आखिरकार इसकी वजह क्या हो सकती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि केन्द्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के लिए परेशानी खड़ी करती रहती है। सुप्रीम कोर्ट पूर्व में भी राज्यपालों की भूमिका को लेकर अहम फैसला सुना चुका है। दिल्ली के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने सीधा दखल देते हुए उप राज्यपाल को अधिक अधिकार दे दिए थे। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने एवं उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने से रोकने की बढ़ती प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में देश व प्रदेशों के लिए बेहतर नहीं मानी जा सकती हैं। केन्द्र सरकार के द्वारा अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए प्रदेश सरकारों को कार्य करने से रोका जाना संविधान की मूल आत्मा के विरुद्ध है।

## भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान 1.216 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की और एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जिले के बोनियार इलाके में नियमित गश्त और नाका चेकिंग के दौरान ड्रग्स बरामद की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात को बर्नेट बाला, बोनियार में तैनात पुलिस दल ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका।

पुलिस के एक बयान में कहा गया, उस व्यक्ति को सूझबूझ से पकड़ लिया गया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद, उसने अपनी पहचान बर्नेट, बोनियार के मंजूर अहमद मीर के रूप में बताई। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को एक किलो 216 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद हुआ, जो शायद ब्राउन शुगर है और एक डिजिटल वज़न तौलने वाली मशीन भी बरामद हुई।

# महाकौशल एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

## यात्रियों ने वसूली का आरोप लगाकर कर किया हंगामा

महोबा, वार्ता

■ निजामुद्दीन से जबलपुर जा रही ट्रेन में हादसा

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मानिकपुर सेक्सन में महोबा क्षेत्र में सोमवार रात महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार एक यात्री की संदिग्ध रुप से ट्रेन से गिर कर मौत हो गई, जिसके बाद सह यात्रियों ने पुलिस और रेलवे कर्मचारी पर वसूली और यात्री को धक्का देने का आरोप लगा कर हंगामा किया।

ट्रेन में सवार यात्रियों ने घटना के लिए रेलवे पुलिस स्काट पर अवैध वसूली के चलते यात्री को ट्रेन से धक्का देकर मार डालने का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा है। करीब दो घंटे तक हुए बवाल के बाद उच्च अधिकारियों ने प्रकरण में जांच ओर कार्यवाही का आश्वासन देकर यात्रियों को शांत करके ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक हजरत निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस में यह घटना मध्य रात्रि में हरपालपुर व घुटई स्टेशनो के बीच हुई। बताया गया है कि उस वक्त टीसी द्वारा पुलिस एसकार्ट के साथ आरक्षित बोगी में यात्रियों के टिकट चेक किए जा रहे थे। इस दौरान एक यात्री के बिना टिकट पकड़े जाने पर उससे विवाद हुआ। पुलिस जवानो से हुई खींचतान में यात्री तेज रफ्तार में दौड़ रही ट्रेन के गेट से नीचे गिर गया। इस घटना को देख बोगी में सवार अन्य यात्री भड़क गए। उन्होंने हो हल्ला करते हुए ट्रेन रोकने के लिए चेन पुलिंग की कोशिश की। आरोप है कि रेल स्टाफ ओर पुलिस के चलते वह गाड़ी रोकने में सफल नहीं हुए। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि महोबा जंक्शन में ट्रेन के रुकने पर रेल यात्रियों ने गाड़ी से नीचे उतर कर स्टेशन में जमकर हंगामा काटा। उन्होंने टीसी ओर पुलिस स्काट के जवान को सम्बन्धित यात्री की मौत का जिम्मेवार ठहराते उनके खिलाफ कड़ी घनूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। यात्रियों के हंगामे के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी। घटना की सूचना पाकर जिले के आला अधिकारियों ने तत्काल मोके पर पहुंच यात्रियों को समझा बुझा कर शांत किया और ट्रेन को आगे अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। मृतक की तत्काल शिनाख्त नहीं की जा सकी है। मामले की सूचना मिलने पर महोबा पहुंचे जीआरपी झांसी के पुलिस उप अधीक्षक नईम खान मंसूरी ने कहा कि यात्री की मौत को लेकर रेलवे पुलिस पर लगे आरोपों को गंभीरता से लिया गया है, जिसके चलते घटना की सघनता से जांच कराई जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 7 घंटे बाद जीवित हो गया आइसक्रीम विक्रेता

## परिजन किशोर को दफनाने की कर रहे थे तैयारी

■ तेज रफ्तार कैंटर चालक ने रेहड़े में मारी टक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढाना।** आज मंगलवार की देर रात एक मृतक युवक को जब उसके परिजन मेहमानों और पड़ोसियों के साथ दफनाने के लिए कब्रिस्तान लेकर जा रहे थे तो शव को कब्र में ले जाने से कुछ समय पूर्व मृतक के शरीर में हरकत हुई तो वह कराहने लगा। तब ए सीन देखकर सभी अंचभित हो गए और उसको मौके पर आए डाक्टरों ने सांस चलने पर मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया।

इस घटना को देखकर लोग हैरत में हैं क्योंकि सात घंटे तक किशोर में किसी भी तरह की हलचल नहीं हुई थी। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढाना का जुबेर पुत्र इद्दू की आज एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था। घटना पोने दो बजे की है। अब देर रात उसको सुपुर्द ए खाक करने की तैयारी की जा रही थी और सभी उसको लेकर कब्रिस्तान में भी आ गए।

जैसे ही उसको कब्र के अंदर रखने की तैयारी चल रही थी तो उसकी सांसें चलने लगी तो लोग आश्चर्यचकित हो गए और उन्होंने तुरंत मौके पर डाक्टरों को बुलवाया तो उन्होंने भी 7 घंटे बाद सांस चलने पर हैरानगी जताते हुए उसको मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। उधर उसके जीवित होने की खबर पर परिजन उसकी सला. मती की दुआ कर रहे हैं। हर कोई ए सुनकर कि मृतक जुबैर कुरैशी जीवित हो गया है वो ही आश्चर्यचकित था और उसके घर की और जाने का रुख कर रहा था।

## कूकड़ा के युवक का जंगल में पेड़ पर लटका मिला शव

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम कूकडा के युवक का शव शेरनगर के जंगल में पेड़ पर लटका मिला। मृतक मूलरूप से तितावी क्षेत्र का निवासी था और पुलिस का कहना है कि गृहक्लेह के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दी है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि शेरनगर गांव के जंगल में पेड पर एक युवक का शव लटका हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार कर शिनाख्त का प्रयास किए गया तो उसकी शिनाख्त 40 वर्षीय जयपाल निवासी कूकडा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने स्वजन को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। थाना प्रभारी दिनेश चंग बघेल ने बताया कि जयपाल मूलरूप से तितावी थानाक्षेत्र बघरा गांव के रहने वाले थे और पत्नी व बच्चों के साथ कूकडा में रहते थे। बताया कि कुछ दिन से घर में पारिवा. रिक विवाद चल रहा थे, जिसके चलते जयपाल ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। जयपाल की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बंद मकान में संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग

■ सारा सामान जलकर हुआ राख, पीड़ित बोला- जानबूझकर लगाई है आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट में बेरी वाले कब्रिस्तान के पीछे स्थित एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियो में आग लग गयी। आग में मकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय मकान में कोई नहीं था। मकान मालिक ने रंजिश में मकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरवट में बेरी वाले कब्रस्तिान के पीछे हसीम परिवार सहित रहता है। सोमवार रात को वह मकान बंद करके अपनी बेटी के मल्हूपुरा स्थित ससुराल में चले गए। देर रात में अचानक मकान में आग लग गई। मकान की लपटें निकली तो आसपास के लोगों ने हसीम को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मकान में रखा लाखों का सामान व 22 हजार रुपए जलकर राख हो गए। मकान मालिक का आरोप है कि उसके मकान में रंजिश में आग लगाई गयी है। ईद के दिन बच्चों के विवाद में कुछ युवकों ने उसे जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी थी। इसी कारण उसके मकान में आग लगाई गयी है। मकान मालिक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सूजडू में परिवार पर हमला बोला, कार्रवाई शुरू

**मुजफ्फरनगर।** थाना खालापार क्षेत्र के नजदीकी गांव सुजडू में किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक परिवार पर हमला करने का मामला थाना खालापार में पहुंचा है। पुलिस ने घायलों का इलाज कराया और मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले के आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। खालापार कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती सुजडू गांव निवासी नियाज अली ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसका बेटा तसलीम घर के बाहर खडा था। आरोप है कि इस दौरान वहां से गय्यूर पहुंचा और यह भी आरोप लगाया कि गय्यूर ने आते ही गाली-गलौच शुरू कर दी और जब इसका विरोध किया तो इस समय तो वह चला गया, लेकिन कुछ समय बाद वह अपने साथी राजा, पुन्ना और शाहिद व अन्य को लेकर आया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसके बेटे को घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर वह अपने छोटे बेटे सलीम के साथ बचाने के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में बेटा सलीम बेहोश हो गया। लोगों को आते हुए देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने घायलों का डॉक्टरी मुआयना भी कराया है। पुलिस इस पर भी जांच कर रही है कि यह घटना पहले से ही रंजिश के चलते हुई है या इसकी मामले के पीछे कोई ओर कारण है।

# रामजीलाल के विरुद्ध धरने पर बैठे हिंदू संगठन कार्यकर्ता



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल की संसद सदस्यता भंग करने की मांग को संयुक्त हिंदू मोर्चा ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उन्होंने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की सदस्यता भंग कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सांसद राम लाल सुमन ने योद्धा महाराणा सांगा के खिलाफ राज्य सभा में बहुत ही अपमानजनक बयान दिया है। जिससे देश के हिन्दू समाज में बेहद रोष बना हुआ है। मंगलवार को कलक्ट्रेट में संयुक्त हिंदु मोर्चा के बैनर तले हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा कि आजाद भारत देश में ऐसे महान योद्धा का अपमान करने वालों को राज्य सभा में बैठने का अधिकार नहीं होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि राष्ट्रीय अधयक्ष अखिलेश यादव ने भी अपनी पार्टी के सांसद के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है, जिससे जाहिर होता है कि अखिलेश यादव भी उनके कथन से सहमत है। इस दौरान महासचिव शिव सेना मनोज सैनी, राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा, डा. योगेन्द्र शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, पंकज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगरः सरवट स्थित एक मकान में आग से जला सामान।

# मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग टी-20 के दूसरे दिन हुए दो मैच

## बिंदल स्ट्राइकर ने एमएमसी टाइटंस को हराकर किया शानदार जीत का आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मैदान पर खली जो आ रही मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग टी-20 प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिंदल स्ट्राइकर ने एक तरफा मुकाबला बनाते हुए एमएमसी टाइटंस पर धमाकेदार जीत दर्ज की।

बिंदल स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। एमएमसी टाइटंस की धीमी शुरुआत हुई। बिंदल स्ट्राइकर के गेंदबाजों के सामने एमएमसी टाइटन का शुरुआती क्रम लडखडा गया। उन्होंने 23 रनों अपने 4 विकेट खो दिए। दीपक राणा ने 44 ओर मोहित के 48 रनों ने एमसीएमसी टाइटंस की पारी संभाली और आखिर ओवरों में ऋतिक वत्स 19 गेंद पर शानदार 38 रन बनाकर टाइटंस की पारी को 178 तक पहुंचा दिया। इस लक्ष्य को बिंदल स्ट्राइकर ने बहुत ही आसानी से पर कर लिया। प्रियांशु ने 78 हिमेश ने 59 रनों की शानदार पारी खेली। मैच के समापन पर मुजफ्फरनगर के प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह, रोहित चौधरी, गौरव स्वरूप और अरविंद भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार। ऋतिक वत्स को फाइटर का मैच का पुरस्कार दिया। इस मैच में मोहम्मद आदिल रजा, रवि कौशिक निर्णायक की भूमिका निभाई शाहिद ने थर्ड अंपायर के रूप में उपस्थित रहे। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, उद्यमी समाजसेवी पंकज गोयल नरेंद्र गोयल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## अंबा वॉरियर्स ने एक्सएक्स जीएनसीसी को हराकर पहली जीत दर्ज की

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग टी-20 के दूसरे दिन दूसरे मैच में अंबा वॉरियर्स में जीएनसीसी रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। जीएनसीसी रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। करण और अवनीश ने 24 और 29 रन बनाकर एक मजबूत शुरुआत अपनी टीम को दिलाई लेकिन उनके आउट होने के बादजीएनसीसी रॉयल्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट होते चले गए। प्रियांश और अभिषेक ने 30 ओर 27 रन बनाकर टीम का स्कोर सम्मानजनक स्टार 148 तक पहुंचाया। अंबा वॉरियर्स की तरफ से अभिषेक, दिनेश और सचिन ने दो-दो विकेट लिए। जीत के लिए 149 का लेक्चर लेकर उतरी अंबा वॉरियर्स की टीम ने 4 विकेट खोकर 148 के लक्ष्य को पार कर लिया। अंबा वॉरियर्स की ओर से हर्षित ने 36 गेंद का सामना करके शानदार 48 रनों का योगदान दिया, उदित और दिनेश ने भी उपयोगी पारी खेलते हुए 36 और 35 रन का योगदान अपनी टीम के लिए किया। मैच के समापन पर एमसीए के चेयरमैन भीम कंसल, नरेंद्र गोयल और विकास राठी उपस्थित रहे। हर्षित शेट्टी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रियांश राठी फाइटर ऑफ द मैच को चुना गया। भीम कंसल ने हर्षित राठी को मैन ऑफ द मैच तथा नरेंद्र गोयल ने प्रियांशु राठी को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मोहम्मद आदिल रजा, रवि कौशिक ने निर्णायक की भूमिका निभाई शाहिद ने थर्ड अंपायर के रूप में उपस्थित रहे। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद उपस्थित रहे।

## साइबर सेल करेगा सिपाही की मौत के मामले की जांच

**मुजफ्फरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव की सुरक्षा में लगाए गए सिपाही मृतक रुपेंद्र के मोबाइल की साइबर सेल ने जांच शुरू की है। बता दे कि रविवार रात में सिपाही का शव रेलवे ट्रेक पर पडा मिला था। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि सिपाही की सरकारी कारबाइन से गोली चली थी। सिपाही के सिर में तीन गोली लगी थी। पुलिस ने मौके से कारबाइन व खोखा कारतूस व सिपाही का मोबाइल बरामद किया था। सिपाही की मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिपाही का मोबाइल साइबर सेल टीम को सौंप दिया है। वह कॉल डिटेल आदि जानकारी का पता लगाएगी। पुलिस मृतक सिपाही के हाथों के निशानों को भी जांच के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# खेत में ट्यूबवैल से बिजली का सामान चोरी

■ ग्राम रोहाना कलां में चोरों ने मचा रखा है आतंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जंगल चोरो ने कई दिन से ग्राम रोहाना कलां में आतंक मचा रखा है। चोर लगातार किसानों के खेतों से ट्यूबवैलों से सामान कैबिल व ट्रांसफार्मर चोरी कर रहे है। बदमाशों ने बीती रात भी समरसेबिल से तार चोरी कर लिया है जिससे किसानों की खेती को नुकसान हो रहा है। चोरी का शिकार किसान रोहाना चौकी पुलिस से लगातार घटना की जानकारी दे रहे है।

मंगलवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहाना कलां से ग्रामीणों ने रोहाना चौकी पुलिस को बताया कि बदमाश कई रोज से जंगल में ट्रांसफार्मर का सामान ट्यूबवैल व केबिल आदि चोरी कर रहे हैं। किसान सतवीर त्यागी ने बताया कि गत दिवस उसने समरसेबिल पंप चालू किया था जहां सोमवार की रात बदमाशों ने उसकी ट्यूबवैल से करीब बीस मीटर केबिल तार काटकर चोरी कर लिया। घटना से एक तरफ किसानों को खेती का नुकसान हो रहा है तो उन्होने लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नाराजगी जताई।

पुलिस ने इस संबंध में चोरों को जल्द ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। वहीं किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो यहां पर ओर बड़ा नुकसान हो सकता है और फसलों को भी हानि पहुंच सकती है। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

## प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित का तबादला

**मुजफ्फरनगर।** चार साल से मुजफ्फरनगर और शामली जनपदों में प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर दायित्व निभा रहे अंकित सिंह का आखिरकार शासन ने तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर बुलन्दशहर से यहां पर क्षेत्रीय अधिकारी तैनात किया गया है। मंगलवार को खुद अंकित सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि शासन द्वारा उनका तबादला मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद कर दिया गया है। उनके स्थान पर बुलन्दशहर में तैनात अधिकारी को यहां पर भेजा गया है। अंकित सिंह यहां पर करीब चार साल से तैनात रहे और अपने कार्यकाल के दौरान उनके कई निर्णय भी काफी चर्चाओं में बने रहे हैं।



मुजफ्फरनगरः टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम।

# जैविक खाद प्लांट का आरोपी हुआ गिरफ्तार

## 25 किसानों से हुई थी करोड़ों की ठगी, गिरफ्तारी की सूचना पर किसान पहुंचे थाने

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जैविक खाद बनाने और प्लांट लगाने के नाम पर जिले के 25 किसानों से करोड़ों की ठगी करने वाले एक आरोपित पुलिस की गिरफ्त में आ गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। उधर, आरोपित के पकडे जाने की सूचना पर पीडित पक्ष थाने पहुंचे और रुपया दिलाने की मांग पुलिस से की।

बता दे कि इसी साल फरवरी माह में सिविल लाइंस थाने में कई किसानों ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया था कि स्टेप फार्मिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड माझीपुर पोस्ट संसारपुर जिला सहारनपुर के प्रबंधक निदेशक (एमडी) हाजी इकराम ने अपनी दो अन्य कंपनी स्टेप्स फार्मिंग प्राइवेट लिमिटेड व एसएफ आर्गेनिक द्वारा एक साल पहले मुजफ्फरनगर में एक प्रोग्राम किया गया था, जिसमें कंपनी के प्रमोटर्स जुनेद अंसारी निवासी ढंढेरा, रुड़की (उत्तराखंड) और खालिद अंसारी निवासी गंगोह जिला सहारनपुर ने बताया गया था कि कंपनी जैविक भारत मिशन के साथ बेरोजगारी के मुद्दे पर काम कर रही है। कंपनी अपने साथ मिलकर व्यापार करने का मौका देती है। जैविक भारत मिशन के अंतर्गत कपनी वर्मी कम्पोस्ट, केंचुआ खाद बनाती है। किसान भाइयों की जमीन पर केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगाया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास जमीन नहीं या फिर उसका बजट कम है, तो कंपनी अपनी जमीन पर ही उसका वर्मी कम्पोस्ट तैयार करती है। साथ ही बताया था कि कंपनी आपको एवं किसानों को खाद बनाने का प्रशिक्षण भी देगी। कंपनी अलग-अलग शहरों में आर्गेनिक प्रोडक्ट्स के स्टोर भी खोलेगी। आरोपितों ने बताया था कि यदि कोई व्यक्ति बेरोजगार, किसान, नौकरीपेशा या व्यापारी यदि एक लाख रूपये कंपनी में जमा करता है तो कंपनी प्रति माह के हिसाब से भुगतान करती रहेगी और प्राकृतिक खेती में अच्छा मुनाफा देगी।

कंपनी के अधिकारियों पर विश्वास कर पीडितों ने करोडों रुपया जाम करा दिया था लेकिन कंपनी ने पीडितों को लाभ देने के बजाए उनके रुपया पडप लिया था। तभी से सिविल लाइंस पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है। मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपित को पकड लिया। इसकी जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार पीडितों के साथ सिविल लाइंस थाने पहुंच गए। राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने जुनेद अंसारी को पकडा है। पीडित आरोपित से रुपये वापस दिलाने की मांग कर रहे थे। उधर, सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया, एक आरोपित को हिरासत में लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई का जाएगी।

# शातिरों की सम्पत्ति कुर्क करें: एसपी सिटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी सिटी ने कहा कि संगीन मामलों में फरार चल रहे अपराधियों के विरूद्ध सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही करें। और अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। बैठक में बाला जी शोभायात्रा के मद्देनजर सतर्कता बरतने के लिए भी कहा गया। एसपी सिटी ने मंगलवार को एक बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाया जाए और शांति व्यवस्था के लिए अपराधियों पर नजर रखे।



उन्होने समीक्षा बैठक के दौरान थानों में लंम्बित विवेचना, महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेने के लिए कहा और साथ ही यह भी आदेश दिए कि शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी सम्पत्ति जब्त की जाए। उन्होने अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही के आदेश भी दिए है।

उन्होने इस पर भी जोर दिया कि दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी देखकर उन पर तुरंत कार्यवाही करें और पटाखे वाली बुलेट को सीज करें। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश गुणावत, क्षेत्राधिकारी नगर राजू साहो व नई मंडी सीओ रूपाली राव आदि उपस्थित रहे।

# 41 सभासदों की मांग पर ऐई अखंड प्रताप कार्यमुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका सहायक अभियंता निर्माण अखंड प्रताप सिंह को आखिरकार चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सख्त कदम उठाते हुए पालिका से कार्यमुक्त कर दिया है। शासन करीब दस माह पूर्व उनका अलीगढ़ तबा. दला कर चुका है। चेयरपर्सन से पालिका के 41 सभासदों ने एई निर्माण के खिलाफ बोर्ड मीटिंग में ही शिकायत करते हुए जांच कराये जाने की मांग की थी, आरोप सही पाये जाने के बाद हुई यह कार्यवाही सभासदों की जीत के रूप में देखी जा रही है।

07 मार्च को हुई पालिका की बजट विशेष बोर्ड मीटिंग में सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, सीमा जैन, मौहम्मद खालिद, नौशाद खान सहित 41 सभासदों ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को सहायक अभियंता निर्माण अखंड प्रताप सिंह के खिलाफ शिकायत दी और उनको पालिका से कार्यमुक्त करने की मांग की गई थी। सभासदों का आरोप था कि 10, 15 और 18 फरवरी को निर्माण कार्यों के लिए निकाली गई निविदाओं में शर्त पूरी करने वाले ठेकेदारों की निविदा भी अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया।

इन आरोपों की जांच हुई तो आरोप सही पाये गये और इसके बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अब सहायक अभियंता अखंड प्रताप सिंह को भ्रष्टाचार में दोषी पाये जाने पर पालिका से कार्यमुक्त कर दिया है।

## शहर की आबो हवा फिर हुई जहरीली

**मुजफ्फरनगर।** फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं एक बार फिर शहर की आबो हवा को बिगाड रहा है। औद्योगिक विकास के नाम पर दिन-प्रतिदिन होने वाले जहरीले वातावरण के आगे अधिकारी बेबस नजर आ रहे है। जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज 143 दर्ज किया गया जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लगातार येलो और ओरेंज श्रेणी में बना प्रदूषण इस बात का संकेत है कि हालात सुधरने के बजाए और खराब हो रहे है। विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ता एक्यूआई सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोगियों के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गो के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। शहर के औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियो की चिमनियों से निकलने वाला काला और जहरीला धुआं लगातार पर्यावरण को दुषित कर रहा है।

# किशोरी से छेड़खानी में तीन वर्ष का कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने सबूत व गवाहों तथा वकीलों की दलीलों के मद्देनजर आरोप सिद्ध होने पर किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष की कैद और उस पर जुर्माना लगाया है।

अभियोजन के अनुसार 27 मार्च 2018 को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जनकपुरी के रहने वाले पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव पचेंडा खुर्द निवासी प्रवेश कुमार पुत्र निरंजन कुमार ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की और जब किशोरी ने विरोध किया तो उस पर हमला कर दिया गया।

पुलिस ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर धारा 354, 352 आईपीसी व 7/8 पोक्सो के तहत मुक. दमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्यवाही को आगे बढाया और 28 मार्च 2018 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

उसके बाद पुलिस ने मुकदमें की विवेचना करते हुए दस अप्रैल 2018 को मुकदमें में नामजद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। उसके बाद यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मुकदमें की पैरोकारी लोक अभियोजक विनय कुमार अरोरा व पैरोकार महिला हैड कॉस्टेबिल बबली द्वारा की गई। कोर्ट ने सबूत व गवाहो के आधार पर आरोपी को तीन वर्ष की कैद व पांच हजार रूपये से दण्डित किया।

# बुढ़ाना क्षेत्र में फल फूल रहा ब्याज का कारोबार

**बुढ़ाना।** कस्बे-क्षेत्र में सूदखोरी का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। सूदखोर ब्याज इतना ज्यादा वसूल रहे हैं कि उधार लेने वाला मूलधन अक्सर जीवन में कभी नहीं चुका पाता। हर माह बढ़ती रकम अदा न कर पाने की वजह से लोग मजबूरी में मौत को गले लगा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि घटना होने के बाद परिजन पुलिस से शिकायत नहीं करते मगर कार्रवाई न होने की वजह से सूदखोरों के हौसले बुलंद हैं। कई रसूखदार ब्याज पर पैसा देने का काम कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि सूदखोर जरूरतमंद की जरूरतों को देखकर उस पर ब्याज लगाते हैं जिसको ज्यादा रुपयों की जरूरत होती है उससे 30 प्रतिशत तक ब्याज वसूलते हैं। कई मामलों में देखा गया है कि सूदखोर चक्रवृद्धि ब्याज तक लगा देते हैं। हाल ये है कि बढ़ते ब्याज व मूलधन न लौटा पाने पर सूदखोर अपने साथियों संग मिलकर पीड़ितों को धमकाते हैं। समाज में बेइज्जत करते हैं। आखिर में पीड़ित फिर मौत को गले लगाना सही समझता है। जरुरत पर इंसान सारी हदें भूल जाता है और ऐसे कार्य कर बैठता है जिसमें उसके भविष्य का विनाश होना तय है। बैंकों की सख्त शर्तें व उन्हें पूरा करने के बाद भी कमीशनखोरी से त्रस्त होकर लोग मजबूरी में सूद पर पैसा लेते हैं। जो ब्याज दर ब्याज चुकाने के बाद भी देनदारी से मुक्ति नहीं पाते। कुछ लोग तो किसी तरह सूदखोरों के चंगुल से निकल जाते हैं मगर बहुत लोगों के घर व खेत तक भी बिक जाते हैं। परिवार सड़क पर आ जाता है। दाने दाने को मोहताज हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है। लड़के की शादी टूट जाती है। आलम ये है कि सब कुछ गंवाने के बावजूद सूदखोरों से लिया गया मूलधन मरते दम तक भी अदा नही होता। न लाइसेंस न कोई अधिकार इसके बाद सूदखोर मनमाना ब्याज वसूल रहे हैं जबकि वर्तमान समय में कस्बे में न तो कोई संस्था रजिस्टर्ड है और न ही कोई व्यक्ति ब्याज पर पैसा देने हेतू अधिकृत है। इसके बाद भी कस्बे में सूदखोरों का करोड़ों रुपए का धंधा फल-फूल रहा है जो गांव से कस्बे तक फैला हुआ है। ब्याज की वसूली प्रति माह के हिसाब से की जाती है। यदि समय पर ब्याज की अदायगी नही होती तो वह मूलधन में जुड़ जाता है। सूदखोरों ने ब्याज की वसूली के लिए अपने एजेंट बना रखे हैं। जो निर्धारित कमीशन पर ब्याज की वसूली कर सूदखोरों को देते हैं। जब सूद पर पैसा लेने वाला पैसा नहीं देता तो जबरन उसका खेत, दुकान या फिर घर सूदखोरों द्वारा बैनामा करवा लिया जाता है। जिसकी शिकायत भय के चलते प्रशासन से हो नही पाती। लोगों ने बताया कि सूदखोरों ने ब्याज दर ब्याज जोड़कर कई लोगों के खेत, दुकान व मकान लिखवा लिए हैं। न जाने कितने लोग इन सूदखोरों के मकड़जाल में उलझकर जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। सूदखोर ब्याज की अदायगी को लेकर काफी सक्रिय हैं। मूलधन पर कोई जोर नहीं देता। सूद पर पैसा देने से पूर्व स्टांप पेपर पर लिखवा लेते हैं कि समय पर पैसा नहीं दे पाये तो फिर अमुक प्रापर्टी उनकी होगी।

### सूदखोरों से तंग आए इन लोगों ने दी जान.....

बुढाना। बीते साल 23 दिसम्बर को गांव जौला निवासी जितेंद्र जांगिड़ ने एक सूदखोर की ज्यादतियों के चलते मौत को गले लगा लिया था। बीते वर्ष ही 1 दिसम्बर को काला कस्सार निवासी तहसील के पीछे सफीपुर पटी ने भी एक अन्य सूदखोर से 22 लाख रूपये ब्याज पर लेकर मोटे ब्याज के कारण अदायगी न कर पाने पर आत्महत्या कर ली थी। बीते वर्ष ही 04 अप्रैल को गांव उमरपुर की एक महिला को एक समीपवर्ती एक गांव के सूदखोर ने मारपीट कर घायल कर दिया था। बीते वर्ष ही 21 फरवरी को गांव हुसैनपुर कलां निवासी वहाब कुरैशी ने एक अन्य सूदखोर की ज्यादतियों के चलते आत्महत्या कर ली थी। बीती 16 जनवरी सन 2022 को गांव अलीपुर अटेरना में दो भाईयों रिजवान व मुबारक का एक अन्य सूदखोर ने ब्याज के डबल रुपये न देने पर घर पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया था और विगत वर्ष कस्बे का एक युवक परिवार सहित एक अन्य सूदखोर की वजह से पलायन कर चुका है। इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें सूदखोरों ने मोटे ब्याज पर रूपये देकर लोगों का सुख चौन छीन रखा है। इनमें किसी भी सूदखोर के खिलाफ कोई भी कार्यवाही आज तक नहीं हुई। बस ये ही वजह है कि सूदखोरों का आतंक यहां दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।

# मिल पर शव रख परिजनों ने दिया धरना

## साढ़े सात लाख देने और इलाज कराने के आश्वासन पर किया धरना समाप्त

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोमवार को गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक पलटने से हुए हादसे में जान गंवा चुकी दो महिलाओं के परिजनों ने मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ त्रिवेणी शुगर मिल के गेट पर शव रखकर धरना दिया और मुआवजे की मांग की। लंबी जद्दोजेहद के बाद शुगर मिल प्रबंध तंत्र मुआवजा देने पर व घायलों का इलाज करने पर राजी हुआ। धरना देर सांय समाप्त हो गया और परिजन मृत महिलाओं के शव लेकर अपने घर लौट गए।

सोमवार की शाम खतौली के नवीन मंडी स्थल के बाहर उस समय एक बड़ा हादसा हो गया था, जब गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक सड़क किनारे मैक्स पिकअप पर पलट गया था। हादसे में जहां ट्रक के नीचे दबने से दो महिलाओं की मौत हो गई थी, वहीं कई लोग घायल हो गए थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन मृत महिलाओं के शव लेकर खतौली के भूड़ स्थित त्रिवेणी शुगर मिल के गेट पर पहुंचे और गेट पर शव रख कर मुआवजे की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में यहां भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी भी पहुंच गए और मुआवजे व पीड़ित परिवार के सदस्य को दस दस लाख रुपए और मिल में नौकरी देने की पुरजोर मांग करने लगे। इसके बाद मिल प्रबंधन के साथ बातचीत का दौर शुरू हुआ। लंबी बातचीत के बाद मिल प्रबंध तंत्र जीएम डॉक्टर अशोक द्वारा दोनों मृतकों के परिजनों को



साढ़े साढ़े सात लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया साथ ही घायल लोगों के उपचार का खर्च भी शुगर मिल ही उठाएगी। जिसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की गई लेकिन एक बार पिफर से परिजनों ने लिखित में आश्वासन और मौके पर ही चौक देने की बात को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया जिसके बाद आक्रोशित भीड़ को लोगो ने शांत करते हुय पीड़ित परिवार के लोगों को मुआवजे का चौक मिलने के बाद आक्रोशित भीड़ अपने घरों को लौट गई। हालांकि परिजन घोषित किए गए मुआवजे को लेकर संतुष्ट नहीं दिखे। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर भरी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# हनुमत जयंती महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने की शुकतीर्थ की परिक्रमा

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में चल रही श्री हनुमत जयंती महोत्सव के दौरान दूर दराज क्षेत्रों से आए अनेक श्रद्धालुओं ने नगरी की बारह किलोमीटर की पैदल परिक्रमा की। ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का जगह जगह फूलमालाओं के स्वागत किया।

हनुमद्धाम से मंगलवार सुबह सात बजे परिक्रमा रथ-पद यात्रा का शुभारंभ हरिद्वार से आए महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज व हनुमद्धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज ने पूजन के साथ किया। रथ यात्रा गांव बिहारगढ़, इलाहाबास, बहुपुरा, शुक्रतारी, फिरोजपुर से गंगा घाट होती हुई वापस हनुमद्धाम में पहुंची। रास्ते में जगह जगह ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से स्वागत किया। यात्रा में



श्रद्धालुओं ने जय बजरंग बली, शुकदेव महाराज की जय, हरे कृष्ण-राधे कृष्ण, जय श्रीराम, गंगे मइया के जय घोष की गूंज रही। हाथरस से आई संकीर्तन मंडली के भक्तों ने भजनों का गुणगान किया। गांव बहुपुरा में मनोज चौधरी के द्वारा संतों व भक्तों को ठंडा व फल आहार कराया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके टंडन, कैलाश चंद गोयल प्रबंधक स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती, गोपाल दास महाराज, स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती, भीम सैन गोयल, कंवर सैन गोयल, जीके अग्रवाल, जितेंद्र वर्मा, राजीव गुप्ता, आचार्य सीता राम शास्त्री आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित, मेधावी बच्चे पुरस्कृत



**शाहपुर।** क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था दयानन्द आर्यवीर इण्टर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया।

कक्षा में प्रथम, द्वित्तीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओ को ट्रॉफी व मैडल देकर पुरुस्कृत किया गया। जिसमे दिव्यांशी, फरमान, कुश, विराट, परी राठी, जीविका, समर सिंह, रावी शर्मा, मनु, अंशिका, तनु बालियान, सोनी चौधरी तथा खुशी बालियान ने अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कृष्णपाल, सुनील कुमार, मांगराम, सुमित कुमार, राजेंद्र सिंह आदि अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य करण सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। तथा बच्चो के उज्जवल भविष्य कि कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओ का विशेष सहयोग रहा।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में औषधीय पौधों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देशानुसार आयुष आपके द्वार व पोषण पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अलमासपुर मुज़फ्फरनगर में एक चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया।चिकित्सा शिविर में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि वितरण तथा औषधीय पौधों का वितरण किया गया । शिविर में उपस्थित जनमानस को संतुलित आहार विहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा एनीमिया रोग से बचाव के उपाय बताएं । शिविर में डाख रिम्पल





चौधरी,डा. वरुण चौधरी व डाख शिप्रा सिंह का योगदान रहा। योग शिविर में योग प्रशिक्षक अनुज त्यागी, पूनम वर्मा व रविंद्र, सुविपा, पूजा, जैकी कुमार का योगदान रहा। रमेशो देवी व योगेश कुमार व लीलू का सहयोग रहा शिविर मे अयूब (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) आयुष शामिल रहे। शिविर में कुल लाभार्थी 71 रहे।

# ईद मिलन में दिखा मुजफ्फरनगर का भाईचारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगला राई स्थित जामिया अल हिदाया में आयोजित ईद मिलन समारोह ने जनपद में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक नई मिसाल कायम की।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिले की राजनीतिक,सामाजिक, शैक्षणिक और किसान संगठनों से जुड़ी तमाम हस्तियों ने शिरकत कर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और शीर खुरमा की मिठास के साथ अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया।

कार्यक्रम के आयोजक रहे जमीयत उलमा ए हिंद के ज़िला सचिव मौलाना मूसा क़ासमी और मौलाना अहसान क़ासमी ने सभी मेहमानों का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नफरत नहीं, मुहब्बत फैलाते हैं लोकसभा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि ईद जैसे त्योहार समाज को जोड़ते हैं। पूर्व सांसद अमीर आलम ने भी भाईचारे की सराहना करते हुए हर वर्ग से मिलजुलकर त्योहार मनाने का संदेश दिया।किसान नेता धर्मेंद्र मलिक, अशोक बालियान, विकास बालियान, सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, राकेश शर्मा, डॉ. जमालुद्दीन क़ासमी, नवाज़िश आलम, नरेंद्र पाल वर्मा, एडवोकेट तस्लीम मलिक, पत्रकार तनवीर मलिक समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर हाफिज फुरकान असअदी, आसिफ राही और अन्य वद्राओं ने कहा कि ईद का असल पैगाम इंसा. नियत, अमन और सौहार्द है, और आज के समय में इसकी सबसे ज़ूयादा ज़रूरत है।कार्यक्रम में जिले भर की विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, सामा. जिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, एडवोकेट, पत्रकार और आमजन भारी संख्या में मौजूद रहे, जिससे यह आयोजन संप्रेषणीय और संदेशवाहक बन गया।किसान नेता व पत्रकार विकास बालियान,पूर्व विधायक नवाज़िश आलम खान,सपा ज़िलाध्यक्ष ज़िया चौधरी,सपा नेता राकेश शर्मा,जमीयत प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 जमालुद्दीन क़ासमी ,बॉबी त्यागी ,कांग्रेस के पूर्व ज़िलाध्यक्ष नरेंद्र पाल वर्मा एडवोकेट ,चरथावल चौयरमेन मास्टर इस्लाम , भूरा आढ़ती,अजमल राही ,गौहर सिद्दीक़ी , असद फ़ारूक़ी , इस्लाम एडवोकेट , जज सुहैल अहमद , डॉद्ध नूर अली, डॉ0 सलमान त्यागी एडवोकेट अब्दुल हक़ , शमशेर मलिक , किसान नेता ठाकुर कुशलवीर सिंह ,इकराम कस्सार, शमीम कस्सार,मौलाना मुस्तफा , दिलशाद पहलवान,किसान नेता पण्डित नन्द किशोर शर्मा ,प्रधान अफसरून, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य सलीम कुरैशी , सादिक पत्रकार,ठाकुर महेंद्र प्रधान ,डॉ साजिद त्यागी, रालोद नेता मतलूब राईन , पत्रकार मुस्तक़ीम राईन ,जावेद आलम ,डॉ0 नौशाद आदि उपस्थित रहे ,इस अवसर पर आयोजक मौलाना मूसा क़ासमी ,मौलाना अहसान क़ासमी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दंपति से कुंडल व नकदी लूटी

**बुढाना।** गांव विज्ञाना निवासी इरशाद शेख पुत्र लोटा ने अपनी पुत्री की शादी समीपवर्ती गांव भडल जिला बागपत निवासी अजीम संग 5 वर्ष पूर्व की थी। गांव के नासिर पुत्र शोयब ने उसकी पुत्री को बदनाम करने के लिए उसकी ससुराल में उसकी पुत्री के अश्लील फोटो वायरल कर दिये थे। जिसमें लोगो ने फैंसला करा दिया था। तब से ही नासिर उससे रंजिश रखता है। उसकी पुत्री व दामाद उसके बीमार पिता को देखने आए थे तो जब वे बुढ़ाना से बाहर नहर के पास पहुंचे तो नासिर आदि ने उनकी बाइक रोककर गाली गलौच और मारपीट कर उसके कानों के सोने के कुंडल और 50 हजार रूपये लूट लिए और किसी को भी बताने पर हत्या की धमकी दी। दोनों ने घटना की जानकारी गांव में आकर उसे दी तो वह गढी चौकी पर जाने लगा तब नासिर ने लाठी डंडे लेकर घर में घुसकर उसके दामाद और पुत्री से मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

# भोकरहेड़ी के युवा पहलवान ने कुश्ती में दिखाया दम जीता गोल्ड

**मोरना।** भोकरहेड़ी निवासी युवा पहलवान ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता मे बनारस के पहलवान को फाइनल मे हराकर गोल्ड मैडल जीतकर कस्बे का नाम रोशन किया है। कस्बा वासियो ने फूल मालाओ से युवा पहलवान का स्वागत किया है।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सेठपुरी निवासी पहलवान ज़ुबैर का मंगलवार को फूल मालाओ से स्वागत किया गया। ज़ुबैर पहलवान के भाई रिज़वान पहलवान ने बताया की जनपद बागपत के गांव किरठल मे उत्तर प्रदेश अंडर 20 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें ज़ुबेर पहलवान ने भाग लेते हुए शानदार कुश्ती का प्रदर्शन किया 19 वर्षीय ज़ुबैर ने 57 कि.ग्रा. वर्ग मे भाग लेकर प्री क्वार्टर फाइनल में बिजनौर के पहलवान क्वार्टर फाइनल में आगरा के पहलवान व सेमीफाइनल में मेरठ के पहलवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच में ज़ुबेर ने शानदार कुश्ती दिखाते हुए बनारस के पहलवान मिथलेश को 10-0 से एक तरफा मुकाबले मे हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। गोल्ड मैडल जीतने पर ज़ुबैर के परिवार मे खुशी का माहौल है। ज़ुबैर ने अपनी सफलता का श्रेय कोच निर्दोष बालियान को दिया है। ज़ुबैर मुज़फ्फरनगर के एसडी कॉलिज के स्नातक के छात्र हैं। ज़ुबैर बधाई देने वालों मे पिता जमील अहमद माता सायरा सहित वार्ड सभासद मुस्तकीम, राशिद, वकील, इरफ़ान, प्रवेज, आदिल, अरमान, साकिब, जयवीर सिंह, डॉ. अख्तर अली, डॉ. अलीशेर अंसारी, मरगूब मलिक आदि रहें

## गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** होली चाइल्ड एकेडमी शामली में आयोजित एथलेटिक चैम्पियनशिप में चौधरी अजब सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल भौंराकलां के छात्र ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय पहुंचने पर छात्र का स्वागत हुआ। शामली की होली चाइल्ड एकेडमी में तीसरी जूनियर व सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन हुआ। बीती 06 और 07 अप्रैल को आयोजित चैम्पियनशिप के शॉट-पुट-इवेंट में चौधरी अजब सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल भौंराकलां के कक्षा 11 के छात्र मयंक चौधरी ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढाया। गोल्ड मेडल लेकर विद्यालय पहुंचे छात्र का स्वागत हुआ। इस मौके पर यहां स्कूल के प्रबंधक रो. हित सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर रविता सिंह, प्रधानाचार्य पवन कुमार और सन्नी रघुवंशी आदि सहित विद्यालय का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## रैदासपुरी से 14 अप्रैल को निकाली जाएगी डा. अम्बेडकर की शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर।** रैदासपुरी में अम्बेडकर धर्मशाला रविदास मन्दिर के पास भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के 134 वे जन्मोत्सव पर एक भव्य शोभायात्रा बैंड बाजा और झांकियां के साथ निकलने का निर्णय लिया गया जिसमे मौहल्ले के अधिकांश व्यक्तियों ने भाग लिया और एक कार्यकारिणी का गठन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारम्भ अनिल कुमार केबिनेट मन्त्री एवं कपिलदेव अग्रवाल राज्य मन्त्री उप्र सरकार फीता काटकर करेंगें।

14 अप्रेल को डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव एवं जन सेवा समिति की नई कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमेंसंयोजक रजनीश गौतम,संरक्षक बाबू सूरजमल, अतरसिंह अमीन, मुनीश कुमार व राजीव कुमार, अध्यक्ष- राजकुमार सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष मास्टर नीरज छपारिया, अश्वनी कल्याणी, संजय जानिया, जितेन्द्र धीरयान व महिपाल जानिया,महासचिव दीपचन्द (माटू),सचिव अशोक ठेकेदार, सतीश डेन्टर, व सोमदत्त मास्टर, ओडिटर- रवि गौतम,कोषाध्यक्ष रामनिवास (रप्पू), कानूनी सलाहकार- डॉ. मुकेश गौतम एडवोकेट व कुलदीप कुमार एडवोकेट,मीडिया प्रभारी विजय कैमरिक तथा सदस्य किरणपाल, रोहित कुमार, सागर, अजय जानिया, सुभाष बर्मन, अश्वनी (सुभाष), भारत, डॉ. आवेश, प्रदीप मास्टर अनिल पिपिल, प्रो. रामकुमार, रामकुमार नाडिया, जोगेन्द्र ड्राइवर बनाए गए।

# भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में अनेक मुद्दों पर मंथन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के गांधीनगर स्थित कार्यालय पर आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर गहन मंथन किया गया। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनस शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया है कि आगामी 11 अप्रैल को शाम चार बजे टाउनहॉल मैदान भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विशाल बाईक रैली निकाली जाएगी, जिसे मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मुजफ्फरनगर की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रमों, जैसे बाइक रैली, एक





राष्ट्र-एक चुनाव तथा अन्य कार्यक्रमों को लेकर गहन मंथन तथा विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विनस शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने आगामी कार्यक्रमों की जानक. ारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया है कि आगामी 11 अप्रैल को शाम चार बजे टाउनहॉल मैदान से भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विशाल बाईक रैली निकाली जाएगी, जिसे मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक काकरान, ज़िला मंत्री युवा मोर्चा ;षभदेव शर्मा व सभी युवा मोर्चा पदा. धिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पंडित ऋषभदेव शर्मा ने अधिक से अधिक संख्या भाजयुमो कार्यकर्ताओं से 11 अप्रैल को टाउनहॉल से रवाना होने वाली बाइक रैली में शामिल होने की अपील की है।

# पुलिस ने ओवरहाईट गन्ना वाहनों के काटे चालान

**चरथावल।** खतौली हादसे के बाद चरथावल पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाकर ओवरहाईट गन्ना वाहनों की चौकिंग की गई।इस दौरान दूसरे जनपद के एक शुगर मिल के ओवरहाईट गन्ना वाहन का चालान काटा गया वही दर्जनों गन्ना ढुलाई वाहन ड्राइवरों को चेतावनी दी गई।चरथावल थानाध्यक्ष जसवीर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों गन्ना क्रय केंद्रों पर जाकर वाहन स्वामियों को ओवरलोड और मानक अनुरूप हाइट गन्ना ढुलाई करने की चेतावनी से वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा रहा।

सोमवार को खतौली में गन्ना वाहन हादसे में दो मौत होने से मंगलवार को चरथावल पुलिस ओवरलोड वाहनों पर सख्त नजर आई।इस दौरान रोहाना तिराहे पर कस्बा इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह के द्वारा गन्ना वाहनों की चौकिंग की गई।एक गन्ना वाहन को ओवरहाईट के चलते चेतावनी देते हुए चालान किया गया।वही दर्जनों वाहनों को सत्र समाप्ति तक ओवरलोड गन्ना न भरने और हाइट को भी मानकों के अनुसार लेकर चलने की हिदायत दी गई।वही चरथावल थानाध्यक्ष जसवीर सिंह के नेतृत्व में चरथावल पुलिस ने क्षेत्र के दर्जनों गन्ना क्रय केंदों पर जाकर वाहन स्वामियों तथा मिल अधिकारियों को गन्ना वाहनों से ढुलाई यातायात नियमानुसार कराने की चेतावनी दी गई।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे एसबीआई बैंक शाखा अलमासपुर के खाता संख्या 35243305188 मे मेरा नाम शौकीन पुत्र यामीन दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम मौ. शौकीन पुत्र मौ. यामीन है। जो मेरे आधार कार्ड मे दर्ज है।

मौ. शौकीन पुत्र मौ. यामीन निवासी म.नं. 394, कूकडा, मुजफ्फरनगर

# शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कंपोजिट विद्यालय मंदवाड़ा विकास क्षेत्र बुढाना में श्रीमती किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम आने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा जिन बच्चों की उपस्थिति सर्वाधिक है उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों के सामने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

जो बच्चे अच्छे कार्य विद्यालय की अन्य गतिविधियों में करते हैं उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। इंचार्ज अध्यापक शौकीन अली ने प्रोग्राम की व्यवस्था बहुत अच्छे ढंग से की। प्रोग्राम का संचालन अमीर अहमद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल होने में विद्यालय परिवार एवं समस्त स्टाफ का पूरा सराहनीय योगदान रहा।





यहां पर पारुल, दीपा, सोनिया, सारिका, अंजलि, मानसी, सोनिया, अनुज कुमार एवं मोहम्मद साजिद सैफी सभी ने प्रोग्राम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया तथा स्कूली बच्चों को अनुशासित रहने में पूरा सहयोग किया। फेज मोहम्मद प्रधान द्वारा बच्चों को यहां पर हर प्रकार से सहायता करने तथा विद्यालय परिवार को अच्छा कार्य करने वाले अध्यापक एवं अध्यापिका को सम्मानित करने के लिए भी सराहनीय कदम उठाया गया।

# तालीमी मुकाबले में इबरा सैफी रही टॉपर

**मुजफ्फरनगर।**अल असारा तहरीक तालीम की और से तीन सेन्टरो पर एक तालीमी मुकाबला कराया गया तालीमी मुकाबले में तकरीबन 250 छात्र छात्राओं ने शिरकत की जिस के परिणाम का ऐलान आज किया गया। न्यू ऐन्गलो पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता मास्टर हिदायतुल्लाह और संचालन तहसीन अली असारवी ने की। मुख्य अतिथि असद पफारूकी रहे। यहां डीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर की इबरा सैपफी टापर रही। अबूजर न्यू ऐन्गलो जूनियर हाई ने भी पहला नम्बर हासिल किया

जिन को प्रेस पन्खा और जूसर मिक्सर इनाम में दिया गया।कार्यक्रम के सरपरस्त मास्टर खुर्शीद खान ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। शुरुआत मौ तारिक फलाही असारवी की तिलावते कुरान पाक से हुई।टापर इबरा सेफी छात्रा को गोदरेज की एक सिलाई मशीन इनाम में दी गई, जबकि मौ आरिश और फातिमा डीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर ने दूसरा नम्बर हासिल किया। इरम कुरेशी रिहान डीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर ने तीसरा नम्बर हासिल किया। इस मौके पर तन्जीम के बानी जनाब मास्टर इरफान अली असारवी, इरपफ़ान, बद्र खान हाफ़िज़ मौ हाशिम, इसहाक मैनेजर डीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर मौ तारिक फलाही असारा, हाफिज जावेद, शमीम कस्सार, तनवीर कुरेशी, मास्टर अबरार, मास्टर मौहम्मद मौ आरिपफ, नईम अहमद,मौ खुर्शीद, मौ आसिफ, मौ नईम, मौ तौसीफ, मौ अहसान रहे।



# गोल्ड मेडल जीतने पर छात्रा का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** होली चाइल्ड एकेडमी शामली में आयोजित एथलेटिक चैम्पियनशिप में चौधरी अजब सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल भौंराकलां के छात्र ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय पहुंचने पर छात्र का स्वागत हुआ। शामली की होली चाइल्ड एकेडमी में तीसरी जूनियर व सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक चौघ्म्पियनघशिप 2025 का आयोजन हुआ। बीती 06 और 07 अप्रैल को आयोजित चौघ्म्पियनशिप के शॉट-पुट-इवेंट में चौधरी अजब सिंह मैमोरियल पघब्लिक स्कूल भौंराकलां के कक्षा 11 के छात्र मयंक चौधरी ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढाया। गोल्ड मेडल लेकर विद्यालय पहुंचे छात्र का स्वागत हुआ। इस मौके पर यहां स्कूल के प्रबंधक रोहित सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर रविता सिंह, प्रधानाचार्य पवन कुमार और सन्नी रघुवंशी आदि सहित विद्यालय का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई शादाब, आजाद, आबाद पुत्रगण शराफत निवासीगण सुजडू, थाना खालापार मुजफ्फरनगर आवारा और नशे के आदि हो गये हैं तथा गलत संगत में पड गये हैं। मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैने इन सभी से सम्बन्ध विच्छेद कर इनसे अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति रूबी पत्नी श्री फुरकान निवासी- म.नं. 108 ग्राम छपार, थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर।**

# हादसे के बाद भी परिवहन विभाग ने नहीं लिया सबक

**खाकी ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में हादसों के बाद भी आर्टियो विभाग सबक नहीं ले रहा। यातायात नियमों और तय मानकों को ताक पर रखकर सड़कों पर अब भी गन्ने से भरे ओवरलोड वाहन फर्राटा भर रहे हैं। जो कि कस्बे में बड़े हादसों का कारण बन रहे है। सोमवार को गन्ने के ओवर लोड वाहन के नीचे दबने से दो महिलाओं की मौत हो गई थी और बच्चों समेत कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। आर्टियो विभाग हादसे के बाद भी कुम्भकर्णी नींद में सोता रहा लेकिन वही खाकी ने इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुय अधादर्जन गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों को पकड़ कर सीज किया और कई वाहनों के चालान काट कर उन्हें चेतवानी दी।



सोमवार को गन्ने से भरे ओवरलोड वाहन के नीचे दबने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी और बच्चों समेत दस लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद जहां स्थानीय प्रशासन की रातों नई नींद उड़ गई थी वही आर्टियो विभाग हादसे के दूसरे दिन भी कुम्भकर्णी नींद में सोया पड़ा है। आर्टियो विभाग की इस अनदेखी के चलते खतौली पुलिस ने कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा के निर्देश पर सफेदा मार्ग पर ओवर लोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जहां पुलिस ने चार गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों को पकड़ के उन्हें सीज किया और अधादर्जन ओवरलोड वाहनों के चालान काटे। इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा ने ओवर लोड वाहन चालको को हड़काते हुय वाहनों में सीमित गन्ने और अन्य माल भरने के कड़े निर्देश दिए साथ ही उन्होंने सीओ रामाशीष यादव के साथ शुगर मिल अधिका. रियों से भी वार्ता करते हुय ट्रकों में गन्ने को ज्यादा मात्रा में न भरने के आदेश दिए। बता दे कि मिल प्रशासन और वाहन चालक लालच के चलते वाहनों में ट्रकों और ट्रोलो में भारी मात्रा ने गन्ने को भरते है चौकाने वाली बात ये है कि ट्रक और ट्रोलो में दोगुना गन्ना भरा जाता है जिससे ऐसे वाहन जीटी रोड पर पलट जाते है जिससे बड़े हादसे होते रहते है। वही आर्टियो विभाग द्वारा इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई न करने से जनता में भारी आक्रोश बना हुआ है।

## महिलाओं को दी पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच की जानकारी

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढाना महिला पुलिस ने महिला सशक्तिकरण के तहत सड़कों पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें बुढ़ाना महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा की अगुवाई में महिला बीट पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम की मदद से महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता, बाल विवाह, पास्को एक्ट, गुड टच और बैड टच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बुढाना कस्बा चौकी के पास आती जाती महिलाओं, छात्राओं व नवयुवतियों को महिला सुरक्षा संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया।

# कब्रिस्तान से लगे मकान में आग लगने से मची अफरा तफरी



**मुज़फ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट बेरी वाले कब्रिस्तान से सटे एक मकान में आग लग गई। घर में रखा सभी सामान और नगदी जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि इस दौरान बुजुर्ग मकान मालिक घर में मौजूद नहीं था। पीड़ित मकान मालिक हसीब ने मोहल्ले के ही दबंगों पर पीछे का जंगला फाड़ कर आग लगाने का आरोप लगाया। पीड़ित हसीब ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद वाले दिन बच्चों बच्चों में आपसी झगड़ा हो गया था। उसी दौरान दबंगों ने सभी के सामने जिंदे में आग लगाने की धमकी दी थी।

## किस्सा कोतवाल की कुर्सी का....

# कहीं चोरी न हो जाए कोतवाल की कुर्सी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी कहीं कोतवाली परिसर से चोरी ना हो जाए इसलिए इस कुर्सी को पुलिसकर्मियों ने लोहे की जंजीर से बांध दिया है। दरअसल इस कुर्सी को जंजीर से क्यों बांधी गयी है इस बात को तो सही पता नहीं चल पाया है लेकिन चर्चा यह चल रही है कि बुढाना कोतवाली परिसर में इस समय रंगाई पुताई साफ सफाई का कार्य जोरों शोरों से चल रहा है। यहां पर बाहर बरामदे में रखी कुर्सी जिस पर कोतवाल, क्राइम इंस्पेक्टर, सीओ या एसपी देहात बैठते हैं को इसलिए जंजीर से बांध दिया गया है कि रंगाई पुताई के दौरान कही कोई चोर कोतवाली में आकर मौका पाकर इस कुर्सी को चुरा ना ले। कुर्सी कितनी कीमती है और किसने गि"ट में भेंट की है या खुद पुलिसकर्मियों ने खरीदी है यह तो पता नहीं चल पाया है पर इस बात की चर्चा सोशल मीडिया पर जरुर हो रही है कि जब पुलिस को ही अपनी कुर्सी के चोरी होने का खतरा है तो फिर आम आदमी का क्या होगा। इस पर लोग चटखारे जरुर ले रहे हैं।

# ईद मिलन समारोह में जुटे दोनों धर्मों के लोग

**बुढ़ाना।** कस्बे में कुछ स्थानों पर बीती सोमवार की देर रात ईद उल फितर के ठीक 6 दिन बाद नफली रोजे रखकर मनाए जाने वाले सशाईद त्योहार को मुस्लिम लोगों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। मोहल्ला क़स्साबान के वार्ड नंबर 3 में मिस्त्री अनीस कुरैशी, बादुल्ला कुरैशी व वार्ड 16 में आसिफ शरीफ के आवास पर ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी के पति सुबोध त्यागी ने अपनी टीम संग सभी स्थानों पर शिरकत की और सभी को सशाइद की मुबारक. बाद देते हुए मीठी शीर का मजा लिया और एकजुटता का संदेश दिया। चेयरपर्सन पति सुबोध त्यागी ने कहा कि हम एक-दूसरे के बारे में ना जानने के कारण आपस में शक करते हैं जबकि मिलकर एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलेगा और नफ़रत कम होगी व सद्भाव बढ़ेगा। जमियत उलेमा ए हिंद के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा कि धर्म-जाति एक तरफ़ रखकर इंसानियत और देश की प्रगति व उत्थान के लिए साझा को. शिश करनी चाहिए। पत्रकार इसरार त्यागी ने कहा कि हमें अच्छे अख़लाक़ के साथ दिलों को जीतना चाहिए। आज भी ऐसे लोग हैं जो देश की पुरानी परंपरा भाईचारे को जीवित रखे हुए हैं। हमें आपस में संवाद करना चाहिए। अरविंद भटनागर ने कहा कि हम देश के किसी भी कोने में हों लेकिन सब साथ हैं। देश सबका है और बराबर का अधिकार सबको है। सभी समुदाय एक दूसरे के साथ रहकर ही देश को चला सकते हैं।

# खनन से परेशान राहगीरों ने की कार्रवाई की मांग

**मोरना।** मोरना के निकट सेंचुरी क्षेत्र के जंगल मे हो रहे मिटी के खनन से ग्रामीण व राहगीर परेशान हैं। मिटी दुलाई के दौरान उठ रही धूल से राहगीर व ग्रामीणों को धूल का सामना करना पड़ रहा है वहीं ग्रामीणों ने मिटी खनन को अवैध बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के मोरना-शुकतीर्थ मार्ग पर रजवाहे के निकट दिन रात मिटी का खनन कर मिटी को शुक्रताल ले जया जा रहा है। खनन से सड़क पर चलने वाले राहगीरों का चलना दुभर हो गया है। जेसीबी मशीन से खेत की मिटी की खुदाई कर डंपरो के द्वारा मिटी को शुक्रताल मे जारी निर्माण कार्य मे जारी कार्य मे प्रयोग किया जा रहा है।ग्रामीण जोगेन्द्र, मेघेन्द्र अक्षय आदि ने खनन को अवैध बताते हुए कहा की सरकार ने खनन पर रोक



लगा रखी है लेकिन दिनदहाड़े खनन की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद संबंधित विभाग सरकार की छवि को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उप जिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है मौके पर टीम भेज कर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला का फांसी का फंदा बनाने का वीडियो वायरल

**बुढाना।** इरफान पुत्र नूर हसन निवासी मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी बुढाना ने मंगलवार को पुलिस को बताया कि उसके लडके सलमान की शादी सोनम पुत्री आरिफ निवासी मौहल्ला शेखपुरा खेकडा जिला बागपत के साथ हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही सलमान व सोनम ने उसका घर में रहना दूभर कर दिया था। जिस कारण उसने सलमान व सोनम को बेदखल कर दिया था लेकिन ईद पर सलमान व सोनम जबरदस्ती उसके घर में घुस गये ओर कहा कि त्यौहार मनाकर हम लोग वापस चले जायेंगे लेकिन सोनम ने षडयन्त्र रचकर पहले तो घर मे लडाई की ओर उसके बाद उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर कमरे में घुसकर कमरे मे लगे पंखे से दुपटा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसकी पूरी वीडिया उसके छोटे लडके ने जंगले मे से बनाकर उसको दिखाई तो मौके पर परिवार के लोगो ने इक्ठा होकर उसको बचाया लेकिन सोनम ने धमकी दी कि आज तो तुम लोगो ने मुझे बचा लिया लेकिन मौका मिलते ही अपनी जान देकर तेरे पूरे परिवार को हत्या के मुकदमे में जेल भिजवाकर रहूँगी। जिससे उसका परिवार डरा हुआ है क्योकि सोनम भविष्य में कोई भी घटना अंजाम दे सकती है। महिला का पंखे मे फांसी का फंदा बनाने के कई वीडियो वायरल हो गये हैं।

### रास्ता रोकने वाला दबंग किसान देता है झूठी तहरीर

**छपार।** न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बावजूद भी एक दबंग किसान खेतों में जाने वाले रास्ते को खोदकर बंद कर देता है जब किसान विरोध करते हैं तो उनके नाबालिग बच्चों सहित झूठी तहरीर थाने में देता रहता है जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो। परेशान किसान ने रास्ता खुलवाने के लिए केबिनेट मंत्री अनिल कुमार को एक प्रार्थना पत्र दिया है। मंत्री ने थाने के प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है। गांव खोजा नगला निवासी किसान तोकिर ने केबिनेट मंत्री को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके खेतों के पास ही सगे ताऊ तमरेज आलम के खेत है। पीड़ित के खेत जाने वाले रास्ते को आरोपी खोदकर बंद कर देता है विरोध करने पर वह थाने में झूठी तहरीर देता है ओर उनके नाबालिग बच्चों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा कर उनका भविष्य खराब करने की धमकी देता है। पीड़ित ने परेशान होकर मंत्री से तमरेज, दानिश से अपनी व बच्चों की सुरक्षा व रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई है।

### शुकतीर्थ हनुमद्धाम में श्री हनुमत चरित्र चिंतन कथा का शुभारंभ

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में श्री हनुमत जयन्ती महोत्सव के दौरान श्री हनुमत चरित्र चिंतन कथा का शुभारंभ करते हुए हरिद्वार से आए महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज ने कहा कि संसार के लोग भगवान के भक्त है लेकिन हनुमान जी राम जी के भक्त ही नही अपितु प्रिय भक्त है। राम जी कार्य संपन्न कराने के लिए ही शिव ने एकादश रूद्रावतार के रूप में हनुमान जी का स्वरूप धारण किया। हनुमान जी की प्रत्येक लीला वर्तमान में प्रासंगिक है। कथा व्यास नर हरिदास महाराज ने कहा कि राम से भी बढ़कर राम का नाम है इसलिए मनुष्य को राम नाम का गुणगान करना चाहिए। इससे पहले महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती महाराज, महंत गीतानंद तीर्थ महाराज, स्वामी महेशानंद महाराज, स्वामी गीतानंद महाराज ने हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तत्पश्चात ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके टंडन व पत्नी मधु टंडन ने व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास नर हरिदास महाराज का पूजन किया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई। कथा में प्रबंधक स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती, स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती, भीम सैन गोयल, कंवर सैन गोयल, जीके अग्रवाल, राजीव गुप्ता आदि देश भर से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

### स्कूल चलो अभियान को लेकर निकाली रैली

**बुढ़ाना।** प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां के समस्त स्टाफ और सैंकड़ों स्कूली बच्चों के द्वारा ग्राम हुसैनपुर कलां के मुख्य मार्गों पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक विशाल रैली का सफल आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां के समस्त स्टाफ और स्कूली बच्चों के द्वारा ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के नेतृत्व में ग्राम हुसैनपुर कलां में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक विशाल रैली का सफल आयोजन किया गया। इस भव्य रैली में ग्रामीणवासियों को अपने बच्चों के नामांकन के संबंध में पूरी जानकारी दी गई और इसी के साथ साथ ग्रामीणवासियों को संचारी रोग और बच्चों के पालन पोषण के संबंध में भी पूरी जानकारी दी गई। इस रैली के दौरान यहां पर गांव के सम्मानितगणों का काफी सहयोग देखने को मिला। प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां में एक सप्ताह में 25 नए नामांकन करने का कार्य भी पूर्ण किया गया।

### आदित्य को मिला नवोदय विद्यालय में प्रवेश

**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, मीरापुर के कक्षा-5 के मेधावी छात्र आदित्य ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय, बघरा जिला मुजफ्फरनगर में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। आदित्य का चयन इस प्रतिष्ठित विद्यालय में होना न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे स्कूल के लिए गर्व की बात है। प्रधानाचार्य सजी वर्गीस ने आदित्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे छात्र ने जिस मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, वह वाकई सराहनीय है। आदित्य के माता-पिता ने भी इस उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। जवाहर नवोदय विद्यालय, बघरा देश के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में से एक है।

# खतौली तहसील में किसानों का शोषण रोकेगी भाकियू तोमर

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) कि एक सभा गांव पूरा मे नीशू त्यागी के आवास पर हुई सभा मे मौजूद किसानो ने बताया कि खतौली तहसील मे किसानो का शोषण किया जा रहा है और खतौली एसडीएम द्वारा किसानों को पूरी तरह से अनदेखा किया जा रहा है और पूरा गांव मे नाले का जो निर्माण है वो भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते गन्दा पानी मन्दिर मे जा रहा जिसके चलते गांव वासियों कि आस्था पर ठेस पंहुच रही है सभी समस्याओं को सुनकर भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने भी भारी नरायजगी जताते हुए उन्होने कहा है कि 15 अप्रैल को संगठन खतौली तहसील मे पंचायत करेगा ओर पूरे जनपद से किसानों पंचायत में पहुंच



कर किसानों की समस्याओं को उठाएगा जिसकी जिम्मेदारी खुद ब्लॉक खतौली कि होगी ।।

इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, अजय त्यागी, हनी चौधरी, अमित पूर्व प्रमुख तनसीर चौधरी, अमित कुमार ,गयूर चौधरी, जय भगवान त्यागी ,महेन्दर त्यागी, अशोक त्यागी, प्रदीप त्यागी, रामेशवर त्यागी, कालू राम त्यागी ,बीनू त्यागी, विनीत त्यागी ,विकास त्यागी, हर्श त्यागी, आशीष त्यागी, अकित त्यागी, प्रवेश त्यागी, उज्जवल त्यागी, मनोज त्यागी, अशोक त्यागी, राकेश त्यागी मौजूद रहै।

# शिक्षा अधिकारी ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

**मीरापुर।** विकास खंड जानसठ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर नंबर 2 में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गौड़ ने विद्यालय की कक्षा एक से पांच तक की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षाफल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित बच्चों में समद, जोया, आदित्य, अवनी, कैफ, शाद, विराट, आसमा एवं ईशान प्रमुख रूप से शामिल रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्री गौड़ ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय द्वारा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत 'पोषण जागरूकता रैली' तथा 'स्कूल चलो अभियान रैली' का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पोषण, स्वच्छता, बच्चों के स्कूल नामांकन एवं आधार आईडी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सादिक अली, विमल सिंह, कविता रानी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## तीन बच्चों के पिता ने लगाई पत्नी को घर वापस भेजने की गुहार

**भोपा।** थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी अनिल कुमार ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि कुछ दिन पूर्व पत्नी और सगे भाई में किसी बात को लेकर नाराजगी हो गई थी जिसके चलते पत्नी के मायके वाले उसे और बच्चों को अपने साथ ले गए थे। अनिल ने बताया कि बीते रविवार की शाम पत्नी के दो भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसके दो पुत्रों को उसके पास छोड़ने आए थे जिसपर उसने उक्त दोनों से अपनी पत्नी के बारे में पूछताछ की तो दोनो ने उसके सिर में हेलमेट मारकर मारपीट करनी शुरू कर दी। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपी अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर उसे जान से मारने और पत्नी द्वारा झूठी शिकायत कर जेल भिजवाने की धमकी देते हुए भाग गए।

## नैनो तरल यूरिया जबरन देने पर बसेडा सोसायटी में किसानों का धरना

**छपार।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बसेड़ा में भाकियू के कार्यकर्ता ब्लाक अध्यक्ष मोनू प्रधान के नेतृत्व दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए।ओर प्रबंध निदेशक व कोपरेटिव बैंक के मैनेजर को बीच धूप में बैठाया। आरोप है किसानों को नैनो तरल यूरिया की बोतल जबरन दी जा रही है। प्रबंध निदेशक के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

बसेड़ा स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति परिसर में मंगलवार को भाकियू के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये ओर समिति के प्रबंध निदेशक रोशन कुमार व कोपरेटिव बैंक के मैनेजर चुन्नी लाल को भी चिलचिलाती धूप में अपने बीच बैठाया। ब्लाक अध्यक्ष का आरोप है कि प्रबंध निदेशक मनमानी कर जबरदस्ती किसानों को खाद के बोरों के साथ नैनो तरल यूरिया की बोतल ले रहा है ओर दस बीघा के किसान को एक बोरा खाद देता है ब्लाक अध्यक्ष का कहना है कि तीन प्रतिशत ब्याज की जगह 7: प्रतिशत ब्याज जमा कराया जा रहा है।जो सरासर गलत है। किसानों को खाद भी कम दिया जा रहा है ओर प्रति. बंधित कीटनाशक दवाईयां बेची जा रही है। लगभग पांच घंटे बाद दोनों अधिकारियों ने खेद प्रकट किया। प्रबंध निदेशक ने भविष्य में किसानों को जबरन नेनो न थोपने ओर सरकार द्वारा भेजी गई नैनो वापस करने का आश्वासन दिया उसके बाद धरना समाप्त किया। न्याय पंचायत अध्यक्ष मोबीन,वली मिस्त्री, नवाब,सालिम, काका प्रधान, बिट्टू, विकास चौधरी, बाबू,अंशुल देशवाल,मोबीन, कामिल, विकास व चंद्रबीर पूर्व चेयरमैन,हुसैन अहमद, हबीब, शाहरुख, ओमकार, मंसूर, संजय ,आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पार्श्वनाथ पूजन, जलाभिषेक शान्ति धारा से हुआ

**खतौली।** धर्म नगरी खतौली में पंचदिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तृतीय दिन की शुरुआत पार्श्वनाथ पूजन, जलाभिषेक, शान्ति धारा से हुआ। नित्यनियम पूजन के पश्चात नितिन भै"या जी के निर्देशन में भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति कल्याण स्तोत्र महामण्डल विधान का आयोजन किया गया। यह विधान समस्त जगत का कल्याण करने वाला और प्राणिमात्र की अहिंसा करने वाला है, विधान के मुख्य सौधर्म इंद्र मनीष जैन, स्वाति जैन और धन कुबेर अर्पित जैन, करिश्मा जैन रहे। पांचवें तीर्थंकर सुमतिनाथ जी का जन्म,ज्ञान व मोक्ष कल्याणक बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान को निर्वाण फल समर्पित किया गया। विधान के मध्य में परम् पूजनीय आचार्य श्री भारत भूषण जी महाराज ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि हमे क्रोध मान माया लोभ जैसे शत्रुओं को अपने निजस्वरूप के ज्ञान व समता रूपी अमृत से जीतना है हमे प्रतिसमय मन के राग द्वेष को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।दोपहर मेंउत्सव पंडाल में 6 अप्रैल में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली के संयोजन में रथ यात्रा में सम्पूर्ण रास्ते भक्ति करने वाले साधर्मी जनों को उत्सव समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद भव्य जलकलश यात्रा निकाली गई। जिसमे प्रमुख इंद्र तरंग जैन, कुबेर इंद्र सुनील जैन गैस वाले,विपिन जैन, माहेन्द्र, आलोक जैन और ईशान इंद्रा बनने का सौभाग्य नवल जैन, रिसभ जैन, आगम जैन व संजय जैन दादरी को प्राप्त हुआ। जल कलश यात्रा बैंड बाजो व झांकियों के साथ उत्सव पंडाल से जीटी रोड होते हुए निशियाँ जी पर पहुंची मार्ग में व्यापारियों व संस्थाओं लायन्स क्लब ,महिला फेडरेशन ,हौंडा एजेंसी आदि द्वारा जलजीरा ,ठंडाई, गन्ने के रस फूटी,शिकंजी आदि का वितरण किया गया निशियाँ जी मंदिर से जल लेकर पुन: उत्सव पंडाल में आई पंडाल में चौत्यालय में स्थित भगवान महावीर की प्रतिमा का जल प्रक्षालन किया गया बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों ने प्रतिभाग किया संध्या आरती की शोभायात्रा टीकमगढ़ से पधारे जैन बैंड के साथ प्रेमचंद जैन एवं समस्त टीकरी परिवार की ओर से जैन मंडी सेप्रभु का गुणगान करते हुए उत्सव पंडाल पहुँची जहां सभी ने दीपों द्वारा भक्ति नृत्य पूर्वक आरती की प्रवचन में नितिन भै"या ने बताया कि जिस प्रकार जीवन मे गणित में जोड़ घटा,गुणा और भाग करते उसी प्रकार हमे अपने गुण और दोषों का गणित अवश्य देखना चाहिये और दोषों को घटा कर गुणों का जोड़ व गुणा करना चाहिए और अपना कल्याण करना चाहिए।रात्रि में अखिल भारतीय महिला युवा फेडरेशन मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आहार -चौका की चर्चा,तोते की कहानी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए और दर्शकों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया जैन संस्थाओं द्वारा रात्रि में ठंडे दूध व ठंडाई का वितरण किया गया कार्यक्रम में सुरेन्द्र जैन ,सतेन्द्र जैन, अनुपम जैन,राजेन्द्र जैन, सुशील जैन ,हंस कुमार जैन ,सुनील जैन,प्रदीप जैन, बालेश्वर जैन संजय जैन दादरी,अरुण जैन,नीरज जैन ,मुकेश आढ़ती, मनोज आढ़ती,वैभव जैन,संजीव जैन,पीयूष जैन,;षभ जैन,मुकुल जैन,अजय जैन प्रवक्ता ,प्रीति जैन,बबिता जैन ,संतोष जैन, रजनी जैन, शैलबाला जैन,संगीता जैन,दर्शिता जैन,स्वाति जैन,अलका जैन,मनीषा जैन,करिश्मा जैन,रीतू जैन,मंजू जैन,अंजू जैन आदि सैंकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहें।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की कयावद हुई तेज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग बनाने के लिए की गई पहल में एक महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ चुकी है जिसके बाद अब इस मुद्दे को लेकर मजबूती से गांव गांव गली गली प्रचार प्रसार करने के लिए तेजी से अभियान शुरू हो चुका है। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पार्टी में जनरल सैकेट्री की नियुक्ति कर दी गई है।

सोमवार को क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने अपने निवास स्थान पर प्रेस वार्ता करते हुय पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग बनाने की मुहिम में एक अहम किरदार निभाने वाले मजबूत किरदार की एंट्री करते हुय मानवेन्द्र सिंह को पार्टी का जनरल सैकेट्री नियुक्त किया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुय राजवीर सिंह ने कहा कि उनकी



पार्टी ने पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग बनाने की मुहिम शुरू की थी इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के लिए मानवेन्द्र के नेतृत्व में अब दिन रात गाँव गाँव और जिला स्तर पर जागरूक अभियान चलाया जाएगा उन्होंने कहा कि पश्चमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनने के बाद हमारे युवाओं और किसानों को फायदा होगा उन्होंने कहा क्षेत्रीय विकास पार्टी पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाकर की दम लेगी इसके लिए 27 जोलाई को खतौली में विशाल जनसभा की जाएगी जिसमें सभी धर्म हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई समाज के लोगों को बुलाया जाएगा और उसी समय पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की नींव रखी जायेगी। वही प्रेस वार्ता में बोलते हुय जनरल सैकेट्री मानवेन्द्र ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें इस पद के लिए चुन कर उनके सिर पर बड़ी जिम्मेदारी सोपी है जिसके लिए वे एड़ी चोटी का बल लगा देंगे और अलग राज्य बनाने के लिए अब हमें सर्व समाज के बीच जाना होगा और उनका समर्थन लेने के बाद पार्टी को मजबूत करने के साथ साथ पश्चमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के बाद ही आराम से बैठेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें युवाओं को भारी संख्या में पार्टी से जोड़ने का काम होगा और युवाओं के साथ साथ नारी शक्ति को भी पार्टी से जोड़ा जाएगा क्योकि आय युवा और नारी शक्ति को साथ लेकर हम बुलंदियों की और बढ़ सकते है। जनरल सैकेट्री बनाने के बाद पार्टी के अन्य लोगों ने मानवेन्द्र को फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई दी वही राजवीर सिंह ने भी मानवेन्द्र को फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई देते हुय उनकी हौशला अफजाई की। बैठक में संदीप उर्फ बिट्टू, छोटू, आदि मौजूद रहे।

# लूटी गई भेड़ों के प्रकरण में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना पदाधिकारियों ने लखनौती सहारनपुर निवासी बीरबल सिंह से एक माह पूर्व बागोवाली गांव में लूटी गई 50 से अधिक भेड़ो के मामले में नई मंडी इंस्पेक्टर से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, इस मामले में पुलिस कार्यवाही से अवगत कराते हुए मंडी इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और शीघ्र ही फरार दो आरोपियों से लूटी गई भेड़ो को बरामद कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इससे पूर्व पार्टी कार्यालय पर आयोजित पदाधिकारीयो की बैठक में पब्लिक स्कूलों द्वारा अभिभावको के शोषण पर रोष व्यक्त करते हुए कल जिलाधिकारी करने पर प्रदर्शन का निर्णय लिया गया, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, क्रांतिसेना सहारनपुर जिला अध्यक्ष नीरज रोहिल्ला क्रांतिसेना महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान संजीव वर्मा उज्ज्वल पंडित राजेंद्र पाल अमित बॉबी बीरबल सिंह प्रवीण प्रधान शुभम पाल प्रमोद कुमार नीरज भारती दिनेश चंद्र शास्त्री आदि उपस्थित थ।

## नगर पंचायतकर्मियों ने वार्डों मे किया फोगिंग स्प्रे

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल के निर्देश पर बुढ़ाना नगर पंचायत के काफी कर्मचारियों के द्वारा अलग अलग टीमें बनाकर आज मंगलवार की देर रात नगर पंचायत बुढ़ाना के कई वार्डों में मच्छरों के खात्मे के लिए फोगिंग स्प्रे किया गया। स्प्रे डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए कराया जा रहा है। नगर पंचायत डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए फोगिंग करवा रही है। नगर पंचायत बुढाना के कई विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में फोगिंग की गयी। यह फोगिंग शाम के समय ही की जाती है। नगर पंचायत के अलावा कस्बे के सभी लोगों को भी मच्छरों से बचने के लिए कुछ उपाय करने चाहिएं जैसे कि अपने आसपास पानी जमा ना होने दें। मच्छरदानी का प्रयोग करें और मच्छर भगाने वाले क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें। पानी जमा न होने दें क्योंकि मच्छर पानी में पनपते हैं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। खुले में जाते समय मच्छर भगाने वाले क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें। अपने घर के आसपास कूड़ा-करकट साफ करें।ध्अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखें। कुछ पौधे ऐसे होते हैं जो मच्छरों को दूर भगाते हैं जैसे कि पुदीना, तुलसी और नीलगिरी ये पौधे जरुर लगाएं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी पर समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई।





पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा कानून व्यवस्था, अपराध की रोकथाम व अनावरण हेतु शेष अभियोगो की समीक्षा, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर, गुंडा व गैंग पंजीकरण कराने, लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण, जनसुनवाई, शासन द्वारा निर्गत आद. शो निर्देशो का शत प्रतिशत अनुपालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। गोष्ठी में भा.द.वि. बीएनएस. के अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए एवं ई-आफिस के कुशल संचालन हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गोष्ठी में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर आम-जनमानस को जागरूक करने, लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकोंध फरियादियोंध जनप्रतिनिधियों के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें, जिससे कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानों पर आ सके। फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी से पूर्व महोदय द्वारा सैनिक सम्मैलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना गया एवं निराकरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंगलवार सुबह थानाभवन पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो चोरों से मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक चोर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों के पास से अवैध हथियार, कारतूस, चोरी का माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।



थानाभवन थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना पुलिस टीम के साथ जलालाबाद से गंगोह जाने वाले मार्ग पर अहमदपुर पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों को पास के आम के बाग में घेर लिया। मुठभेड़ में एक युवक के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दूसरे को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। घायल युवक की पहचान शौकीन पुत्र गुलजार और दूसरे युवक की पहचान आरिफ निवासी मालीपुर थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि शौकीन और आरिफ थानाभवन क्षेत्र में 17 जनवरी 2025 को अंकुर कुमार और 29 मार्च 2025 को राजकुमार एवं हिमांशु कुमार की दुकानों के बाहर से बादाम के कट्टे चोरी की वारदातों में वांछित थे। इन मामलों में थाने पर मुकदमे दर्ज थे। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया।

पुलिस ने उनके पास से चोरी का एक बादाम का कट्टा, ध8000 नगद, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ सहारनपुर और शामली जिलों में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के साथ उप निरीक्षक इंद्रसेन, उप निरीक्षक पवन कुमार, हेड कांस्टेबल भगत सिंह भाटी, कांस्टेबल अमित कुमार और कांस्टेबल शेखर आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ग्राम पलठेडी को शिक्षा का तोहफा

## राजकीय इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के ग्राम पलठेडी में वर्षों की प्रतीक्षा और ग्रामीणों के अथक प्रयासों के बाद राजकीय इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की विधिवत शुरुआत हो गई है। कॉलेज भवन का निर्माण करीब दो वर्ष पूर्व पूरा हो गया था, लेकिन सत्र की शुरुआत न होने के कारण यह निष्क्रिय था। अब जब शिक्षा की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है, तो गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, प्रभारी प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक नीरज कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान चौधरी शरीफ अहमद और प्रधान पति बिलाल हसन मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों का प्रवेश जल्द से जल्द कराएं और शिक्षा के इस अवसर का लाभ उठाएं। प्रवेश के लिए टीसी द्धमूल व प्रतिऋ, पिछली कक्षा की अंकतालिका, चार पासपोर्ट साइज फोटो, माता-पिता के आधार कार्ड, राशन कार्ड द्धयदि उपलब्ध होऋ, छात्र का ब्लड ग्रुप, वजन, ऊंचाई और ईमेल आईडी आवश्यक बताए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने कॉलेज की शुरुआत को शिक्षा के क्षेत्र में नई शुरुआत बताते हुए इसे आने वाले समय में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव कहा है।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय किसान (पीजी) कॉलेज एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो। सत्एंद्र पाल ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनीयों का संक्षिप्त परिचय कराया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केन्द्र और प्रदेश सरकार नौजवानों के रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है इस क्षेत्र के युवा बहुत ही प्रभावशाली है, वो हर क्षेत्र में अपने कौशल विकास का परिचय देते हुए प्रगति की ओर अग्रसर है।

मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी जी ने बताया कि इस रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं के भविष्य का निर्माण होगा साथ ही नई पीढ़ी में ऊर्जा का सकारात्मक संचार होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनी जिसमें स्टार मैनपावर सोल्यूशन, सन फार्मा, सिग्नेचर सर्विस सिंडीकेट, सिस्का इलेक्ट्रिकल एंड मैनेजमेंट एंटरप्राइजेज, बिग ट्री रिसोर्स मैनेजमेंट प्रा लि, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लि, क्वेस क्राप लि, भारतीय जीवन बीमा निगम, होली हर्ब्स हेल्थकेयर प्रा लि, निकिता पेपर्स लि, एकेएस जाब्स प्लेसमेंट सर्विस, मेधावी एस्पायर प्रा लि, पुखराज हेल्थकेयर प्रा लि, क्वीन सिक्सटीन एपेरेंल्स प्रा लि, कैरियर व्हील्स प्रा. लि., डिक्शन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड आदि 19 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमे कुल 462 छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट किया गया।

इस अवसर पर प्लेसमेंट अधिकारी डॉ मांगे राम ने सभी अथितियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बिनिता कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर पीके सिंह, डॉ रजनी रानी डॉक्टर रोहित राणा प्रोफेसर आरपी सिंह डा रवि बंसल डॉ मनोज मलिक, निकिता, पूजा, आयुषी, दीपक, नीरज, संजीवकुमार, सतेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# सातवें पोषण पखवाड़े का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले सातवें पोषण पखवाड़े का उद्घाटन राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। जिसका कलेक्ट्रेट सभागार शामली में अधिकारियों एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकत्रियों द्वारा उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली यामिनी रंजन द्वारा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया कि इस बार 7 वां पोषण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है।



जिसकी मुख्य थीम 1-जीवन के प्रथम 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 2 वर्ष में विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाना, 2-लाभार्थी मॉडयूल का लोकप्रियकरण, 3-कुपोषण प्रबंधन के लिए मॉडयूल का क्रियान्वयन, 4-बच्चों के मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली हैं। उक्त समस्त थीम पर कार्य करते हुए समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लोगो को जागरूक करते हुए बच्चों व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष प्राथमिकता देते हुए सन्दर्भ सेवाएं दिए जाएंगे। इसके उपरान्त जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा हरी झण्डी दिखाकर पोषण पखवाडा रैली को कलेक्ट्रेट से रवाना किया गया। उक्त रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए बनत नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी (वि0/रा0) संतोष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, बाल विकास परियोजना अधिकारी शामली ममता देवी तथा सैकडो कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मृत पड़ी नील गाय से फैली दुर्गन्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कांग्रेस नेता अश्वनी शर्मा सींगरा ने बताया कि मेरठ करनाल हाईवे के गांव जाट फार्म के सामने एक सप्ताह पूर्व सड़क पार करते समय एक नील गाय घायल हो गई थी, जो इलाज न मिलने के कारण मौत के मुंह में समा गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव, खण्ड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल एवं ग्राम प्रधान ओमवीर तोमर को घटना के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। मृत नील गाय के शव से दुर्गंध आने की वजह से यहां से लोगों का निकलना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता अश. वनी शर्मा सींगरा के द्वारा मंगलवार को पुन: प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन समाधान नहीं हो पाया।

# श्रीमदभागवत गीता विमोचन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में सैफ शॉप डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी की ओर से मद् भगवद् गीता विमोचन कार्यक्रम का आयोजन। किया गया। मंगलवार को रॉक गोल्ड एकेडमी में सैफ शॉप डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी की ओर से मद् भगवद् गीता विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य हर घर मद भगवद् गीता का ज्ञान पहुचाना है। विमोचन तीन ग्रन्थों मद भगवद् गीता, सम्पूर्ण रामायण, सम्पूर्ण हनुमान आदि का किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र राधव एवं विपिन राठी चीफ गैस्ट रहे। कार्यक्रम



संयोजक शिखर गोयल एवं डा। मोनू लोहान, मनोज कपूर, सुनील गोयल ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपरोक्त सभी महानुभावों ने विमोचन बहुत ही सुन्दर ढंग से किया। इसके पाठ के महत्व को भी समझाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में संस्कारों का प्रोत्साहन करना भी है। यह भगवद् गीता डिजिटेलाइज्ड है जिसमें विजडम उपकरण द्धरीडरऋ का उपयोग किया जाता है। इस ग्रन्थ का पंन्द्रह भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध है। इसके द्वारा उच्चारण स्पष्टता के साथ सुना जा सकता है।

# शिक्षा नहीं, धंधा बन गए स्कूल, बच्चों के भविष्य और अभिभावकों की जेबों पर डाका

**इकराम राणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नया सत्र शुरू होते ही प्राइवेट स्कूलों ने अपने धंधे भी शुरू कर दिए हैं। ऊंची-ऊंची इमारतें, एसी क्लासरूम और चमचमाते बोर्ड दिखाकर अभिभावकों को फंसाया जा रहा है। शिक्षा के नाम पर हजारों-लाखों की वसूली की जा रही है। हालत ए है कि पहली-दूसरी कक्षा के मासूम बच्चों की किताबें 5 से 6 हजार रूपए में थमाई जा रही हैं। नौवीं दसवीं की किताबें 8 से 10 हजार के लगभग दी जा रही है।जिससे सीधा अभिभावकों की जेबों पर डाक डाला जा रहा है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस खर्च के बदले में आपके बच्चे को मिल क्या रहा है?

**भ्रम, रट्टा और खोखला आत्मविश्वास**

सीबीएसई का नाम लेकर सभी विषय अंग्रेजी में पढ़ाए जा रहे हैं, लेकिन बच्चे को न अंग्रेजी समझ आती है, न विषय। बच्चा बस शब्द रटता है, अर्थ नहीं। अपनी मातृभाषा हिंदी, जिसमें वह आसानी से सोच और समझ सकता था, उसे एक कोने में डाल दिया गया है।सिर्फ एक विषय के रूप में हिंदी पढ़ाई जा रही है।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अधिकतर शिक्षक खुद हिंदी माध्यम से पढ़े हुए हैं और टूटी-फूटी अंग्रेजी बोलते हैं, वही बच्चों को श्इंग्लिश मीडियमश का पाठ पढ़ा रहे हैं। जिसका नतीजा बच्चा न तो विषय पकड़ पाता है, न भाषा!अंग्रेजी भाषा खुद बच्चों के लिए एक पहाड़ जैसी चुनौती है।

स्कूल संचालक सीबीएसई पैटर्न का नाम लेकर शिक्षा का स्तर ऊंचा दिखाने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन असलियत इससे कोसों दूर है। सीबीएसई से जुड़े अधि. कतर स्कूलों में सारे विषय अंग्रेजी में पढ़ाए जाते हैं, जबकि बच्चों के लिए अंग्रेजी खुद एक चुनौती है। बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई को आसानी से समझ सकता है, लेकिन अंग्रेजी में पढ़ाई से वह केवल रटने तक सीमित रह जाता है। क्षेत्रीय स्कूलों में गणित, विज्ञान और अन्य कठिन विषय अंग्रेजी में पढ़ाए जा रहे हैं, जबकि इन बच्चों की बुनियादी अंग्रेजी कमजोर है। पढ़ाई कराने वाले अधिकतर शिक्षक भी सरकारी या हिंदी माध्यम स्कूलों से पढ़े हुए होते हैं। ऐसे में अंग्रेजी माध्यम के नाम पर बच्चों को सिर्फ भ्रम में डाला जा रहा है।और फिर खेल शुरू होता है नंबरों का दिखावा।

80-90 प्रतिशत अंक बांट दिए जाते हैं ताकि अभिभावक खुश हो जाएं। लेकिन सच्चाई ए है कि 80 90 प्रतिशत अंकों वाले अधिकतर बच्चे बुनियादी सवालों के जवाब भी नहीं दे पाते।

**अभिभावकों से सवाल**

क्या आप बच्चों को सिर्फ ऊंची बिल्डिंग और बड़ी फीस के दम पर स्कूल भेज रहे हैं?

या आप चाहते हैं कि आपका बच्चा सच में कुछ सीखे, समझे और आगे बढ़े? तो समय है जागने का और ध्यान देने का। स्कूल का चुनाव करते वक्त दिखावे में न फंसिए।

देखिए कि शिक्षक कैसे हैं, पढ़ाई का तरीका कैसा है, बच्चे की समझ किस भाषा में विकसित हो सकती है।बच्चे का भविष्य आपकी जिम्मेदारी है। शान के लिए नहीं, ज्ञान के लिए स्कूल चुनिए। उस भाषा में पढ़ाइए जिसे बच्चा दिल से समझ सके और जिसमें वह खुद को सबसे बेहतर ढंग से व्यक्त कर सके।

याद रखिए भविष्य शिक्षा बनाती है। ऊंची ऊंची इमारतें नहीं।

अभिभावकों का दर्द - जो हर किसी को सुनना चाहिए हे गुरुजनों! मेरे बच्चे को अच्छे से पढ़ाओ। मैं पता नहीं कैसे-कैसे मेहनत मजदूरी कर आपकी फीस दे रहा हूं। मैं नहीं चाहता कि मेरे बच्चे भी मेरी तरह अनपढ़ ही रह जाएं। यह सिर्फ एक पिता की पुकार नहीं, लाखों अभिभावकों की आवाज है। वो अभिभावक जो दिन-रात पसीना बहाकर फीस चुकाते हैं, ताकि उनके बच्चे अंधेरे से निकलकर रौशनी में कदम रखें। लेकिन आज के समय में शिक्षा भी एक व्यापार बन गई है।

## एक नजर

### अभियुक्त की कोर्ट से कुर्की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव पिंडोरा में हत्या के मामले में फरार चल रहे हैं अभियुक्त की कोर्ट द्वारा कुर्की के आदेश दिए गए हैं, जिसमें पुलिस ने लाउडस्पीकर से मुनादी करा कर गांव के मुख्य स्थानो पर नोटिस चस्पा किया है गांव पिंडोरा में वर्ष 2008 में भाईयो ने अपने चाचा मोहर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी इस प्रकरण में चाची कमला देवी भी घायल हो गई थी मृतक की पुत्री ने अपने भाइयों पर मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें नीटू पुत्र कृष्ण पाल जेल में बंद है तथा विकास पुत्र कृष्ण पाल फरार चल रहा है जिसमें कोर्ट द्वारा धारा82 का नोटिस जारी किया है लेकिन अभियुक्त के पास कोई गांव में चल चल संपत्ति नहीं है न हीं कोई सगा संबंधी गांव में रहता है। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि लाउडस्पीकर से मुनादी कर नोटिस मुख्य स्थानो पर चश्पा कराया गया है।

### पुत्रवधू व उसके माता-पिता पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक महिला ने कोर्ट के आदेश पर अपनी पुत्रवधू, उसके पिता व मां पर गाली-गलौच व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

आदर्शमण्डी थानाक्षेत्र के कस्बा बनत निवासी कुसुम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना के आदेश पर कैराना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसकी पुत्रवधू रूबी निवासी ग्राम कसेरवा कलां थाना आदर्शमण्डी ने कैराना स्थित न्यायालय में उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का एक वाद दायर करा रखा है। विगत 11 दिसंबर 2024 को वह अपने पति राजेन्द्र व भाई सुरेन्द्र के साथ में कोर्ट में तारीख पर आई हुई थी। इसी दौरान उसकी पुत्रवधू रूबी ने कोर्ट रूम के सामने उसका गला दबाया तथा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट परिसर में स्थित पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसकी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश उर्फ भीम पुत्र आत्मा निवासी ग्राम आदमपुर थाना बाबरी जनपद शामली व उदयवीर पुत्र हरपाल निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हैं।

### तीन मामलों में सुनाई कारावास की सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 03 मामलो में 05 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 29,050/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 1995 में अभियुक्त सर्फू पुत्र सवरिया निवासी झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय CJJD/JM कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1,050/- रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। 2. वर्ष 2015 में अभियुक्तगण 1. राजवीर पुत्र कलिराम निवासी ग्राम जमालपुर झिंझाना जनपद शामली 2. सोनू पुत्र रामबीर निवासी ग्राम जमालपुर झिंझाना जनपद शामली 3. नाहार सिंह पुत्र कलिराम निवासी ग्राम जमालपुर झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय CJJD/JM कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 8,000-8,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। 3. वर्ष 2004 में अभियुक्त इनाम उर्फ सोनू पुत्र नसीर निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज 8.4.2025 को न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 4,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### विभिन्न मामलों में सुनाया कारावास

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में चोरी के 2 अलग-अलग मामलों 1 अपराधी को मा0 न्यायालय मुजफ्फरनगर द्वारा सुनाई जेल में बिताई गई अवधिद्ध 3 वर्ष 9 माह 17 दिवस के कारावास की सजा एवं 2,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2021 में थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त जीशान उर्फ मामा पुत्र अशरफ निवासी हमजागढ थाना गंगोह जनपद सहारनपुर द्वारा चोरी की घटनाएं कारित की गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किए गए थे। जिसमें शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा सुसंगत एवं ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। जिसके क्रम में शामली पुलिस के अथक प्रयास एवं निरंतर प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय सीजेजेडी/जेएम शामली द्वारा उक्त मामले में अभियुक्त जीशान को उपरोक्त दोनों मुकदमों में दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि (03 वर्ष 09 माह 17 दिवस) के कारावास व 1,000-1,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 05-05 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त जीशान उर्फ मामा पुत्र अशरफ निवासी हमजागढ थाना गंगोह जनपद सहारनपुर है।

### पत्नी, साले व साली पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** बाबरी थानाक्षेत्र के गांव बुटराड़ा निवासी फरमान ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान में उसकी सुसराल है। उसकी पत्नी फातिमा ने उसके विरुद्ध घरेलू हिंसा का एक झूठा मुकदमा दर्ज करा रखा है। वह तभी से ही अपने मायके में ही रह रही है। पत्नी द्वारा दर्ज मुकदमें में जिम्मेदार लोगों ने विगत 06 मार्च को समझौता करा दिया था। विगत सोमवार को शाम करीब 4।20 बजे वह अपनी पत्नी को लेने सुसराल गया था। आरोप है कि इसी दौरान वहां पर मौजूद पत्नी फातिमा, साली आयसा व साले दीन मोहम्मद ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर लाठी-डंडों व लात-मुक्कों से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसकी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के बीए फर्स्ट, थर्ड व फिफ्थ सेमेस्टर का रिजल्ट एमजेपी विश्वविद्यालय रुहेलखंड द्वारा घोषित किया गया, जोकि शतप्रतिशत रहा। फर्स्ट सेमेस्टर में छात्रा सुहाना परवीन पुत्री शमीम अहमद ने **65.2** प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इकरा शमीम पुत्री शमीम अहमद व समरीन परवीन पुत्री नजर हसन ने **64.3** प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हुमैरा कुरैशी पुत्र मकबूल अहमद ने **63.5** प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। थर्ड सेमेस्टर में रिम्शा इमरान पुत्री इमरान अहमद ने **74.4** अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंशा इमरान पुत्री इमरान अहमद व मनतशा परवीन पुत्री नईम अहमद ने **71.2** प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा आलिया पुत्री मौहम्मद अयाज व इरम मौहम्मद तारिक ने **68.8** प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# दुस्साहस:बदमाशों ने हत्या कर लाखों लूटे

## बदमाशों ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को बनाया निशाना, मौके पर पहुंचे आला पुलिस अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** रात के अंधेर में रेलवे रोड पर चिलकाना तिराहे के समीप अपने भाई के साथ कलेक्शन इकट्ठा कर अपने कमरे पर जा रहे माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से दो मोटरसाइकिलों पर आए चार नकाबपोश बदमाशों ने करीब 5 लाख 92हजार रुपए लूट कर्मी के सर में मारी गोली कर्मी के भाई द्वारा लूट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल कर्मी को अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।



सहारनपुर के सदर बाजार थाना क्षेत्र शारदानगर निवासी आशीष त्यागी, माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्य करता है। अंकित त्यागी अपने भाई अभिषेक त्यागी के साथ कस्बा सरसावा से फाइनेंस कंपनी का कैस इकठ्ठा कर सोमवार रात करीब 11 बजे कस्बा सरसावा के रेलवे रोड से फाइनेंस के करीब 5 लाख 92 हजार रुपए इकट्ठा कर वापस अपने कमरे पर जाने लगा तो जैसे ही वह चिलकाना तिराहा के समीप पहुंचा तो पहले से ही घात लगाए बैठे दो मोटरसाइकिलों पर चार नकाबपोश बदमाशों ने उसे आतंकित करते हुए अभिषेक से रुपयों से भरा बैग लूटने का प्रयास करने लगे तभी कर्मी ने लुट का विरोध एवं धक्का मुक्की में एक बदमाश का नकाब हटने से कर्मी ने उसे पहचान लिया तो बदमाशों ने कर्मी के सर में गोली मार कैस लूट फरार हो गए। अंकित के भाई अभिषेक ने लूट की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस में हड़कंप मच गया आनन फानन में सरसावा थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने कर्मी की हालत गंभीर देखते हुए उसे तुरंत राजकीय मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सीओ नकुड मौके पर पहुंचे पुलिस ने बदमाशों की तलाश में आसपास घंटों तक कांबिंग की लेकिन पुलिस को बदमाशों को पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगी। जिसके बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच जांच में जुटी। पुलिस बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है।

# दो पक्षों के बीच संघर्ष मामले में दोनों तरफ के दस लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना क्षेत्र के कुंडी गाव मे सोमवार की रात दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व पत्थर चले जिसमे दोनों पक्षों के करीब दस बारह लोग चोटिल हुए दोनों पक्षो की ओर से एक दूसरे के खिलाफ मार-पीट व फायरिग का आरोप लगा तहरीर दी गई। मामला दलित व ठाकुर पक्ष के बीच का था पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला शात कर दोनों पक्षो के दस लोगों को हिरासत मे लिया। सवेरे विधायक मुकेश चौधरी व गांव के गणमान्य लोगों की मध्यस्थता मे दोनो पक्षों के बीच फैसला हुआ मगर रात मे दोनो पक्षों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने करीब तीस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया था लिहाजा हिरासत मे लिए गए दोनों पक्षों के दस लोगों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडी में पांच छ दिन पहले किसी बात को लेकर राजपूत बिरादरी के अशोक तथा दलित बिरादरी के नरेंद्र के पुत्र के बीच कहासुनी हो गई थी उस वक्त लोगों ने फैसला कर दिया था परंतु सोमवार की रात एक बार फिर से अशोक तथा नरेंद्र की कहासुनी हो गई।

विवाद इतना बढा कि दोनों पक्ष एक दूसरे के आमने-सामने आ गए दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे ईट-पत्थर चले आरोप है कि इस दोराना फायरिंग भी हुई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शात करते दोनों पक्षो के दस लोगों को रात मे ही हिरासत मे ले लिया इस दौरान दोनों पक्षो की ओर से एक दूसरे के करीब तीस लोगो व अज्ञात के खिलाफ तहरीर देते मुकदमा दर्ज कराया। अगले दिन मंगलवार को विधायक मुकेश चौधरी व गणमान्य लोगों की मध्यस्थता मे दोनो पक्षों के बीच फैसला कराया गया मुकदमा दर्ज होने के कारण पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हिरासत मे लिए दस नामजद को न्यायालय के समकक्ष पेश किया।

■ **विधायक की मौजूदगी में कराये गये फैसले के बाद पुलिस कार्रवाई**

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस फैसला आने से पहले कानूनी कार्रवाई कर चुकी थी।

# बाइक-ट्रक की भिड़ंत में युवक की मौत, बहन की आनी थी बारात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मिर्जापुर।** शादी की खुशियाँ उस समय मातम मे बदल गयी हैं जब कोतवाली मिर्जापुर के कासमपुर हाइवे पर सोमवार की देर रात बाइक सवार 28 वर्षीय युवक की ट्रक की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा मिर्जापुर निवासी 28 वर्षीय युवक बादशाहीबाग से वापस मिर्जापुर लौट रहा था। कासमपुर हाइवे किनारे पर अनियंत्रित ट्रक ने युवक की बाइक मे टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी है।मृतक युवक की पहचान गुलनवाज पुत्र यामीन निवासी मिर्जापुर के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि दस अप्रैल को युवक की बहन गुलशन की बारात आनी है और बहन की शादी का काम निपटाकर युवक वापस लौट रहा था लेकिन युवक को क्या पता था कि खुशियाँ मातम मे बदल जायेगी। दर्दनाक घटना से परिवार सहित गांव मे को. हराम मच गया है और शादी की खुशियाँ मातम मे बदल गयी है।मृतक युवक गुलनवाज पर पुरे घर की जिम्मेदारी थी। कमाने वाले घर मे मात्र मृतक युवक ही था जिसके दो छोटे छोटे बच्चे हैं।

# स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तकों के नाम पर की जा रही कथित लूट के खिलाफ अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा गया है, जिसमें शिक्षा व्यवस्था में सुधार और एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य करने की मांग की गई है।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि प्राइमरी कक्षाओं की पुस्तकों की कीमत करीब 6000 रुपये तक पहुंच रही है, जिसमें से 60 से 70 प्रतिशत कमीशन स्कूल प्रबंधकों को जाता है। सुबोध कुमार अभिभावक ने कहा कि हर साल नई किताबें खरीदना हमारी कमर तोड़ रहा है। 6000 रुपये की किताबें और उसमें भी कमीशन का



खेल चल रहा है। एनसीईआरटी की किताबें सस्ती हैं, फिर भी स्कूल इन्हें लागू क्यों नहीं करते? सरकार को सख्ती करनी चाहिए। सतीश रावत सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि यह बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा व्यापार बन गया है। सिलेबस हर साल बदलता है ताकि पुरानी किताबें बेकार हो जाएं। हम चाहते हैं कि कम से कम तीन साल तक सिलेबस स्थिर रहे। संदीप काम्बोज एडवोकेट ने कहा कि स्कूल और प्रकाशक मिलकर अभिभावकों को लूट रहे हैं। कमीशन की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई हो। सलमान चौधरी स्थानीय निवासी ने कहा कि एनसीईआरटी की किताबें हर जगह मान्य हैं, लेकिन यहाँ मुनाफे के लिए इन्हें नकारा जा रहा है। यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

अभिभावकों ने शिकायती पत्र में चार बड़ी मांगें रखी गई हैं, अभिभावकों ने प्रदेश में आदेश जारी हो कि किसी भी कक्षा का सिलेबस कम से कम तीन साल तक बदले नहीं। सभी निजी स्कूलों में छब्म्त्ज की किताबों का प्रयोग अनिवार्य हो. स्कूलों द्वारा अनुशंसित किताबों से मिलने वाले कमीशन की उच्चस्तरीय जांच हो। दोषी प्रकाशकों और स्कूल प्रबंधकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सुबोध कुमार, सतीश रावत, संदीप काम्बोज एडवोकेट, सलमान चौधरी, सचिन एडवोकेट, राहुल बर्मन, विना. ेद पेगवाल शामिल हैं।

# कोर्स के नाम पर निजी स्कूलों में खुली लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे के देहरादून रोड पर केडी पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा यूकेजी के बच्चों के कोर्स और किताबों के नाम पर अभिभावकों से जमकर लूट मचाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और विभाग इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए जारी पुस्तक सूची के मुताबिक, यूकेजी के एक बच्चे का कुल खर्च 2005 रुपये तय किया गया है। इसमें चाइल्ड ग्लोरी बैग की कीमत 1885 रुपये और 6 कॉपियाँ 120 रुपये शामिल हैं। अभिभावकों का कहना है कि इतनी छोटी कक्षा के लिए इतनी भारी-भरकम फीस और किताबों की कीमतें स्कूल की लूट को साफ दर्शाती हैं। एक अभिभावक ने गुस्से में कहा 1885 रुपये का बैग और 20 रुपये की कॉपियाँ? यह शिक्षा नहीं, बल्कि धन उगाही का धंधा है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ाकर मुनाफाखोरी कर रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इस खुले लूटतंत्र के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की खामोशी अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक स्कूलों की इस मनमानी को बर्दाश्त किया जाएगा और कब जिम्मेदार इस लूट पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाएँगे? अभिभावकों ने माँग की है कि इसकी जाँच हो।

## एक नजर

### शटर के नीचे से होती शराब की अवैध बिक्री




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में चमारीखेड़ा चेकपोस्ट से महज दस कदम की दूरी पर हाल ही में खुला शराब का ठेका सुर्खियों में है। यहाँ सुबह होते ही शराब की बिक्री शुरू हो जाती है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि ठेका खुलने के तय समय से पहले ही सेल्समैन शटर के नीचे से अवैध तरीके से शराब बेच रहा है।

जानकारी के अनुसार, 70 रुपये का पव्वा 100 रुपये में बेचा जा रहा है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। सेल्समैन की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई है कि उसे न तो पुलिस का डर सता रहा है और न ही आबकारी विभाग की कोई फिक्र। चेकपोस्ट के इतने करीब होने के बावजूद यह गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है, जिससे विभागीय लापरवाही साफ झलकती है। सवाल उठता है कि क्या यह सब आबकारी विभाग की जानकारी में हो रहा है या यह महज उसकी नाकामी का नतीजा है?स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध बिक्री से इलाके में अशांति बढ़ रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि प्रशासन और आबकारी विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल

**बेहट।** सहारनपुर विकासनगर मार्ग पर गांव गंदेवद के पास ई रिक्शा तथा बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस गाड़ी ने घायलों को सी एच सी बेहट भर्ती कराए गए है जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय भर्ती के लिए रेफर कर दिए है।घटना आज शाम की है सहारनपुर विकासनगर मार्ग पर गांव गंदेवद के पास तेज गति से आरही बाइक ने ई रिक्शा से जबड़स्त टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक पर सवार दो युवक गंभारी रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना एंबुलेंस तथा पुलिस को दी गई। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस गाड़ी में डालकर सी एच सी बेहट भर्ती कराए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। डायल 112पुलिस भी सी एच सी पहुंची मगर तब तक घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिए गए थे। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि घायल युवक इतने बदहवास हालत में थे कि प्राथमिक उपचार भर्ती के समय उन्होंने अपना कोई पता भी नहीं लिखवाया है।

### यमुना में कराया मूर्तियों को स्नान

**चिलकाना।** चोरी मंडी गांव में चल रही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में आज सर्वप्रथम गणेशादि की पूजा कराई गई। जिसके बाद मूर्तियो को टैक्टर ट्राली में रखकर पूरे गांव की परिक्रमा कराते हुए हनुमान मदिर में जाकर यमुना में मूर्तियो का स्नान कराया गया।मंगलवार को पूजा के दौरान आचार्य कुलदीप दीक्षित एवं आचार्य योगेश ने कहा कि जो भी व्यक्ति कलश में जल भरकर अपने शीश पर रखकर शोभा यात्रा में चलता है उसको एक एक कदम पर एक हजार अश्वमेध यज्ञ का पुण्य प्राप्त होता है। आचार्य उमेश चंद पाठक, आचार्य राहुल कृष्णन, आचार्य उज्ज्वल व आचार्य प्रवेश ने वेद मंत्रों के साथ आरती कराई। आज की कथा के यजमान चौधरी सतीश, मेघपाल मास्टर, राजपाल, पंडित दीपचंद, विशाल मित्तल, चौधरी जसबीर, बंशीलाल, संदीप मुखिया, डॉ जितेन्द्र सैनी, मास्टर राजेंद्र सैनी, डॉ प्रदीप सैनी आदि रहे।

### जलापूर्ति न होने से भटक रहे लोग

**अंबेहटा।** सुचारु रूप से कस्बे मे जल आपूर्ति न मिलने से नगर वासियो को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे मे सुचारु रूप से जलापूर्ति न मिलने से लोग दर दर भटक रहे है। जिस कारण लोगों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल आपूर्ति न मिलने के कारण लोग सरकारी हेडपंप का रुख कर रहे है परन्तु कस्बे में अधिकतर हेडपंप खस्ता हालत मे है। जो महज सड़को की शोभा बढ़ाने का काम कर रहे है। नगर वासियो का आरोप है कि केवल बिजली आपूर्ति के साथ ही जलआपूर्ति चालू कि जा रही है। जबकी उसके तुरन्त बाद ही जलआपूर्ति को बंद कर दिया जाता है। जिस कारण लोगो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के दिलशाद, रहमान, सोनू, अफजाल,कलीम, मोबीन, कामिल, अलीशान, मेहफुज आदि ने समस्या समाधान कराने की मांग की है।

वही इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत अधिसासी अधिकारी अनिल कुमार भास्कर का कहना है कि कस्बे मे नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर है.जो कस्बे कि मैन मार्किट से होकर गुजरता है। जिसके चलते मैन मार्किट मे ओवरफ्लो न हो। इस कारण लोगो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा नाला निर्माण के बाद समस्या का स्थायी समाधान कराया जायेगा। जिससे लोगो भविष्य मे असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग

पत्रांक:- 20/सम्प०अनु०/न०नि०सहा०/2025-26 दिनांक:- 08, अप्रैल 2025

**खुली बोली नीलामी**

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 व 2026-27 के लिये ठेका नगर पथ विक्रेता वसूली हेतु खुली बोली नीलामी दिनांक 16.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग ले सकते हैं:-

| क्र.सं. | पत्र. सं. | ठेके का नाम | जमानत राशि | वर्ष 2024-25 में ठेका धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | न्यूनतम ऑफर (मय जी.एस.टी.) वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | NZ6/2025 | ठेका नगर पथ विक्रेता | 11 लाख 10 हजार | 1,11,00,000/- | 1,11,00,000/- |

**नीलामी शर्तें निम्नवत् है-**

1-ठेके की नीलामी में भाग लेने से 01 दिन पूर्व सम्पत्ति अनुभाग में निम्नलिखित प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे:-

✓ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जमानत राशि की एफ०डी०, नगर आयुक्त महोदय को सम्बोधित अंकन 100 रू0 के नोटरी शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह तथ्य अंकित होगा कि वह किसी भी संस्था का बकायेदार नही है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है।

✓ बोलीदाता की हैसियत 40 लाख रूपये होनी चाहिये व पिछले 03 वित्तीय वर्ष की औसतन टर्नओबर 40 लाख रू० होनी चाहिये, जो कि सी०ए० द्वारा निर्गत होनी चाहिये, संलग्न करनी होगी।

✓ बोली में केवल फर्म, पार्टनर फर्म, कम्पनी ही प्रतिभाग कर सकते है, Joint Venture प्रतिभाग नही कर सकते है, पार्टनरशिप फर्म की स्थिति में समस्त पार्टनर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।

2- ठेके से संबंधित सभी शर्ते सम्पत्ति अनुभाग में देखी/पढी जा सकती है, व सूचना व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com व एन०आई०सी० की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3- ठेका बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4- जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षों के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नही होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित/ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी बोली में भाग नहीं ले सकेगें।

**प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)**
**नगर निगम, सहारनपुर।**

**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम, सहारनपुर।**

## कार्यालय- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर

पत्रांक : कृ0उ0म0स0/सफाई ई-निविदा/2025-24 दिनांक : 08.04.2025

**अति अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कायदिश से दिनांक 31.03.2026 तक नवीन मण्डी स्थल एवं उप मण्डी स्थल, बेहट की सफाई व्यवस्था हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा दरें दिनांक 09.04.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 15.04.2025 की प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाईट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है तथा उक्त निविदायें दिनांक 15.04.2025 की सांय 04.00 बजे कार्यालय मण्डी समिति, सहारनपुर मे खोली जायेगी। निविदादाता को उ०प्र० सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है, जिसके लिए यूपी. इलैक्ट्रानिक कॉरपोरेशन से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अपलोड की गयी निविदा पत्र की एक हार्ड कॉपी, वांछित प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रति सहित, निविदा मूल्य की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नाम से देय हो तथा निर्धारित जमानत राशि की एफ.डी.आर. जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के पदनाम से बन्धक हो तथा सहारनपुर पर देय हो, दिनांक 15.04.2025 की दोपहर 02.00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक निविदादाता नियम व शर्ते समिति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस मे देख/प्राप्त कर सकते है, जो वेबसाइट पर भी अपलोड की जा रही है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) 11 माह 15 दिन | निविदा का मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित (रु0 में) | जमानत राशि (लाख रु0 में) | निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | कार्यालय/प्रशासनिक /आवासीय भवन/ पार्किंग/सावर्जनिक स्थल | रु0 02.88 लाख (GSTअतिरिक्त) | रु० 708.00 | रु० 0.30 | कोई भी फर्म /व्यक्ति जो निविदा की शर्ते पूरी करता हो |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के खाद्यान्न एवं दाल परिसर तथा मैंगो पैक हाउस, सहारनपुर | रु0 08.93 लाख (GSTअतिरिक्त) | रु० 1770.00 | रु० 0.90 | |
| 3 | नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के फल सब्जी परिसर की दैनिक सफाई का कार्य | रु0 18.34 लाख (GSTअतिरिक्त) | रु० 3422.00 | रु० 1.83 | -तदैव- |
| 4 | उप मण्डी स्थल, बेहट की दैनिक सफाई का कार्य | रु0 4.46 लाख (GSTअतिरिक्त) | रु० 1062.00 | रु० 0.45 | -तदैव- |

**(सुमन भारती)**
**सचिव**

**(गजेन्द्र कुमार)**
**नगर मजिस्ट्रेट/सभापति**

# नुक्कड़ नाटक से स्कूल जाने की दी प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** शासन के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व और सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन के प्रति लोगों को जागरूक किया।

मंगलवार को सूचना विभाग एवं जनसंपर्क विभाग की टीम दिल्ली रोड़ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय न.4 में पहुंची। टीम के नेतृत्व में प्रभात कुमार एंड पार्टी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा का महत्त्व समझाया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इरा चौहान ने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। साथ ही स्कूल चलो अभियान में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। प्रभात कुमार पार्टी के बाल जी मिश्रा ने बताया कि उनकी 6 सदस्य टीम यूपी के उन्नाव से लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक कर स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के प्रयास में जुटी है।

इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका उमा, नीरज, मीनाक्षी, सोनिया, रेशमा, सारिका, प्रवेश ,संयोगिता ,नीतू, सोनू आदि सहित नुक्कड़ नाटक टीम से पूनम सिंह नेगी, सुधीर, स्नेहा, बहुरन मौजूद रहे।

## कार्यालय- बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर

पत्रांक/समग्र शिक्षा/गुण०वि०/ 291-99 / दिनांक -08/04/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या- 902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 एवं शासनादेश संख्या 68-5099/143/2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग-05 दिनांक 10.10.2024 एवं राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक गुण०वि०/ए०आर०पी०/9333/2024-25 दिनांक 15.01.2025 के क्रम में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में निम्न विवरणानुसार Academic Reource Person (ARP) के रिक्त पदों पर चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से दिनांक 18.04.2025 तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर के पते पर आमंत्रित किये जाते है:-

| क्र०सं० | ए०आर०पी०/विषय विशेषज्ञ हेतु पदनाम | कुल पद | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | ए०आर०पी० सामाजिक अध्ययन विषय | 6 | सामाजिक अध्ययन विषय के (चयन हेतु कला संवर्ग में निर्धारित विषय समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान सांख्यिकी, कृषि) |
| 2 | ए०आर०पी० अंग्रेजी विषय | 5 | अंग्रेजी विषय के (चयन हेतु कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो) |
| 3 | ए०आर०पी० गणित विषय | 7 | गणित विषय के (चयन हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, पी०सी०एम०, सवर्ग से अनिवार्य हों। |
| 4 | ए०आर०पी० विज्ञान विषय | 3 | विज्ञान विषय के (चयन हेतु जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान जेड०वी०सी० संवर्ग से अनिवार्य हो) |

अर्हता एवं शर्तेः-

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता।
2. परिषदीय विद्यालय में न्यूनतम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव। सेवा निवृति होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हों।
3. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
4. ए०आर०पी० के रूप में 03 वर्ष या इससे अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर चुके, ऐसे ए०आर०पी० पुनः ए०आर०पी० पद पर चयन हेतु अनर्ह होगें।
5. विषयवार लिखित परीक्षा 60 अंक। माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन (10 से 15 मिनट प्रति प्रतिभागी श्रोताओं को बांधे रखना, संतुलित दृष्टिकोण, सहज एवं तार्किक प्रवाह एक अच्छे सम्प्रेषक के रूप में इत्यादि) 30 अंक। साक्षात्कार (विषयगत जानकारी, स्वप्रेरणा, लीडरशिप, कमिटमेंन्ट, प्रारम्भिक शिक्षा के प्रति विजन इत्यादि) 10 अंक।
6. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रों टीचिंग के लिए क्वालिफाई करेंगे।
7. माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्वालिफाई करेंगें।
8. साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाईनल चयन हेतु क्वालिफाई करेंगे।
9. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग को जोडने के बाद जिन अभ्यर्थियों का नवम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर होगा, उन्हें ए०आर०पी० के चयन के लिए मेरिट लिस्ट में रखा जायेगा।
10. ए०आर०पी० का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफारमेन्स अप्रेजल के आधार पर जनपद स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चायत इनका नवीनीकरण किया जायेगा। अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात् पुनः नवीन चयन की प्रक्रिया की जायेगी।
11. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर लाल रोशनाई से मोटे अक्षरों में आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
12. आवेदन पत्र को खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराना अनिवार्य है। शिक्षण अनुभव / सेवा निवृति में समय की गणना हेतु विज्ञापित तिथि को आधार माना जायेगा।
13. आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय सहारनपुर एवं समस्त खंड संसाधन केन्द्र पर उपलब्ध हैं।
14. पदों की संख्या घट-बढ़ सकती हैं।
15. विज्ञप्ति में संशोधन तथा निरस्त का सम्पूर्ण अधिकार समग्र शिक्षा अभियान, उ०प्र० निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**(कु० कोमल)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**सहारनपुर।**

# रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** करंजाली गांव में रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।



करंजाली गांव निवासी सुखबीर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि परिवार के कुछ लोग उससे रंजिश रखते हैं। मंगलवार की सवेरे दूसरे पक्ष ने कुत्ते के मल को रसोई के हिस्से में डाल दिया। आरोप है कि जब शिकायत करते हुए इसको हटाने के लिए कहा तो उक्त लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरु कर दी। सुखबीर के मुताबिक बीच बचाव को आई पत्नी लीलावती, पुत्र भोजराम और पुत्रवधू को भी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने आकर बीच बचाव कराया। पुलिस का कहना है कि घायलों का मेडिकल परीक्षा कराया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीयत की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन न करने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर मुस्लिम समाज में भारी आक्रोष बना हुआ है। अलग-अलग प्रांतों में इसको लेकर विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मुल्क की आवाम (जनता) से सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन न करने की अपील की है।

मौलाना अरशद मदनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अन्याय के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर आवाज बुलंद करना गलत नहीं है। लेकिन इसका तरीका सही होना चाहिए। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि अगर सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया तो हो सकता है कि सांप्रदायिक ताकतें कभी भी



आपको निशाना बना सकती हैं। माहौल के मद्देनजर सभी को चाहिए कि वह अपने जज्बातों पर काबू रखे। मौलाना मदनी ने कहा कि कहा कि शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराने के बहुत से तरीके हैं। जिसके जरिये अपनी बात रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि रमजान माह में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। इसमें जमीयत ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अब बोर्ड की तरफ से दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सभा की जा रही है। हमने भी अपने लोगों से कहा कि इसमें भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सड़कों पर उतरने के बजाए शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात सरकार देश व दुनिया के सामने रखें। इससे सांप्रदायिक ताकतों की साजिशें भी नाकाम हो जाएंगी।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को होगी सुनवाई

**देवबन्द।** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। सोमवार को जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से इस मामले की शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। जमीयत के प्रेस सचिव फजलुर्रहमान कासमी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार की ओर से एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फुजैल अय्यूबी को दी गई जानकारी के अनुसार मौलाना अरशद मदनी की ओर से दाखिल याचिका पर 16 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। जमीयत अध्यक्ष मौलाना मदनी ने इसे एक उत्साहजनक प्रगति बताते हुए कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि इस मामले में अदालत से न्याय मिलेगा।

# मंडी समीति में प्रथम दिन हुई 50 क्विंटल गेहूं की खरीद

**देवबन्द।** सहकारी उत्पादन मंडी समिति में शुरू हुई गेहूं की खरीद के प्रथम दिन मंडी में 50 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। दो दिनों में मंडी समिति में 130 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। शुरू दिन गेहूं लेकर पहुंचे किसान गौरव और सौरभ सेठ का अधिकारियों ने स्वागत भी किया। मंडी समिति के सचिव संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार को दूसरे दिन 50 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। जबकि शुरू दिन की खरीद को मिलकर समिति अब तक 130 क्विंटल गेहूं की खरीद कर चुकी है। बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जितना भी गेहूं बिक्री के लिए आ रहा है उसे तुरंत ही बोरियों में भरकर टीनशेड के नीचे रखा जा रहा है। ताकि बारिश आदि से उसका बचाव किया जा सके। संजय सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के मुताबिक गेहूं का भुगतान 48 घंटे के भीतर किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा। किसानों को गेहूं उतराई व छनाई में 20 प्रतिशत का भी भुगतान किया जाएगा।



# त्योहार आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं: अनवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी कांफ्रेंस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इसलिए त्योहारों के अवसर पर सामूहिक आयोजनों का होना बेहद जरुरी है।

मंगलवार को बनारसी दास मार्केट में आयोजित ईद मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अनवर सईद ने कहा कि त्योहारों ने हमेशा से प्यार मोहब्बत का संदेश दिया है। हमारा मुल्क परंपराओं का देश है, इसमें सभी मिलजुलकर त्योहार मनाते हैं। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति पर कहा कि यूनानी पद्धति के विकास, शिक्षण और चिकित्सकों के हितों के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

इस दौरान डॉ. अनवर सईद, बोर्ड ऑफ आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बी सिस्टम ऑफ मेडिसिन लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद शर्मा ने पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर डॉ. हारून रशीद साहब, डॉ. रवीश आलम, डॉ. सज्जाद मंजूर, डॉ. रजा फारूकी, निदेशक डॉ. एसएम. रिहान, नदीम अब्बास, डॉ. आकांशा गोयल आदि मौजद रहे।



## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को गंभीरता से ले सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने यूपी में कानून व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कहा कि राजनीतिक जीवन में सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की टिप्पणी पहली बार देखी है। मंगलवार को जारी बयान में शशिबाला पुंडीर ने कहा कि आखिर भाजपा की क्या मजबूरी है जो इतने धुरंधर नेता होते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की टिप्पणी आ रही है, हैरत की बात है। उन्होंने कहा कि मैने अपने राजनीतिक जीवन में सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की टिप्पणी पहली बार सुनी है। इसके बारे में भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को सोचना चाहिए।

# मंच ने एसडीएम को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में रमजान, ईद, होली, और नवरात्रो को सकुशल समपन्न कराने को लेकर उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच ने चौधरी ओमपाल सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को सम्मानित किया।

चौ. ओमपाल सिंह ने कहा देव. बंद और देहात में जिस प्रकार रमजान, जुमे, होली ,ईद ,और नवरात्रो को सकुशल समपन्न कराने में सहारनपुर जिले और नगर के अधिकारियों कि महनत रही उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को पटका पहनाकर सम्मानित किया और साथ ही नगर की कुछ समस्याओं से भी अवगत कराया गया चौधरी ओमपाल सिंह ने बताया उन्होने सभी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया जिसके लिए उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच उनका आभार व्यक्त करता है इस दौरान मंच के अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह, दिनेश, ऋषि डॉक्टर, कल्याण सिंह ,अंग्रेस पवार, शिव कुमार कश्यप ,राकेश, भगत ,देवपाल राणा, सुखबीर ,खेमकरण, विराज, देशवाल आदि मौजूद रहे।



# स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदरसा तुल बनात पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी बच्चों को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठ की छात्रा फातिमा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।

सोमवार को मोहल्ला बैरून कोटला स्थित मदरसा तुल बनात पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा आठ तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें कक्षा आठ की छात्रा फातिमा विद्यालय टॉपर घोषित की गई। प्रधानाचार्य शगुफ्ता परवीन ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें मौलाना इब्राहीम, सहायक अध्यापिका निशात, सुबुही, जेबा उस्मानी, नगमा, फायजा तसमिया, शबनम शुमायला आदि मौजूद रहे।




## नवनियुक्त प्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कॉलेज में नवनियुक्त प्रधानाचार्य हेम सिंह द्वारा कार्यभार सभालने पर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंगलवार को भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के संयोजक मोहनलाल कोरी, पूर्व सभासद राजकुमार जाटव, डा. केपी सिंह और यशपाल सिंह ने एचएवी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजेश कुमार, शिवनंदन, बिजेंद्र चौधरी, अमरीश त्यागी, रविन्द्र चौधरी और पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ईपीएस 95 पेंशनर्स ने डीएम को पेंशन बढ़वाने को भेजा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को मचे 95 पेंशनर्स ने जिलाधिकारी को अपनी पेंशन बढ़वाने के लिए मनसुख मांडविया के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मचे 95 पेंशनर्स को ईपीएफओ से मात्र 1000 रूपए पेंशन मिल रही है जो इस महंगाई के दौर में नाकाफी है। इसलिए पेंशन बढ़ाकर 7500 रूपए तथा डीए और मेडीकल सुविधा भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर डीएम ने कहा कि ए मुद्दा केवल मुजफ्फरनगर का नहीं, बल्कि पूरे देश का है।फिर भी मैं जितनी कोशिश होगी उतना करूंगा और आपका ज्ञापन श्रम मंत्री मनसुख मांडविया जी को भेज दूंगा। इस मौके पर उन्होंने ईपीएफओ के सेंट्रल कमिश्नर से तुरंत बात की और बताया कि आपका काम तेजी से चल रहा है। ज्ञापन देने वालों में रोहिताश सिंह, अशोक अग्रवाल उत्तरी भारत के प्रभारी, आर पी त्यागी, मेरठ, तेजवीर सिंह जिला सचिव, सुरेंद्र प्रकाश , सुरेश चंद्र शर्मा मेरठ आदि मौजूद रहे।

## बीबीए पंचम सेमेस्टर में स्नेहा प्रथम

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स्, धामपुर (बिजनौर) के बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर (तृतीय वर्ष) का परीक्षाफल रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। जिसमें छात्रा स्नेहा रस्तौगी पुत्री धनेश रस्तौगी



ने इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र प्रशान्त कुमार पुत्र अशोक कुमार द्वितीय स्थान पर रहें। छात्र नवाजिश पुत्र इनफान तृतीय स्थान पर रहें। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक गौरव सिंह, विभागाध्यक्ष ब्रजनेश सिसौदिया, विवेक कुमार, डा. एकता मलिक, नाजिश, राजेश कुमार, निधि चौहान, डा. समीर अहमद आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनॉए दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी छात्र/छात्राओं को अधिक से अधिक प्रयत्न कर कामयाबी की ऊचाईयों को छुने के लिए प्रेरित किया गया।

# सिस्टम के अनुसार ई-रिक्शा कराए परिवर्तित: विवेक सेन

## रिक्शा का पंजीकरण कराने को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शासन स्तर पर ई रिक्शा के प्रति चलाए जा रहे अभियान से स्थानीय ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा है। बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन के कार्यालय पर पहुंचे। ई रिक्शा चालकों ने जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही कार्रवाई में नरमी बरतने की मांग की। विवेक सेन ने सभी रिक्शा चालकों से सिस्टम के अनुसार अपनी ई रिक्शा परिवर्तित कराने को प्रेरित किया।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ में एक ऑटो चालक के द्वारा युवती से दुराचार करने के बाद उसकी हत्या करने के मामले को गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में ई-रिक्शा तथा टेंपो चालकों के प्रति आईडी अभियान चलाने को निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग के द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रही ई रिक्शा को बंद कराने के लिए रजिस्ट्रेशन वाली रिक्शा संचालित करने को अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग के अभियान से ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन के फूल बाग कॉलोनी स्थित कार्यालय पर पहुंचे। ई रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए विवेक सेन ने सभी से अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने को प्रेरित किया। ई रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मौके पर ही ऑनलाइन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए फार्म भरवाये गए। विवेक सेन ने कहा कि ई रिक्शा चालक जल्द से जल्द सिस्टम में आकर अपने रिक्शा का पंजीकरण करा लें, ताकि वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## कूड़ा विवाद में भिड़े दो पक्ष

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेला गुर्जर से अपनी पत्नी महताब के साथ थाने पहुंचे खुर्शीद पुत्र सईद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि झाड़ू लगाते वक्त पड़ोसी सारा कूड़ा नाली में डाल रहे थे जिससे नाली अट



जाती है। कूड़ा नाली में न डालने की बात कहना उसकी पत्नी को इतना महंगा पड़ गया कि दूसरे पक्ष ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उसकी पत्नी महताब के सिर में गुम चोट आई है। वहीं खुर्शीद पर भी डंडों से हमला कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए। खुर्शीद पक्ष ने स्वयं को पीड़ित बताते हुए कानून से इंसाफ की गुहार लगाई है।

## भाकियू अराजनीतिक की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक की मासिक बैठक बिजली घर में हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान मौहम्मद अजमईन ने की और संचालन हितेष चौधरी ने किया।

बैठक में बिजली विभाग से संबंधित सभी समस्याओं को एसडीओ प्रमोद कुमार को लिखित रूप में दिया गया। सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की गई। एसडीओ प्रमोद कुमार ने लिखित सभी समस्याओं को जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि विकास खंड किरतपुर ब्लॉक, थाना बिजली विभाग और तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार को देखते हुए जिला मासिक बैठक जिले पर न होकर किरतपुर ब्लॉक में 17 अप्रैल 2025 को मंडी समिति में होगी।

# एसपी कान्वेंट स्कूल का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम तिगरी स्थित एसपी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। परीक्षाफल डिक्लेयर हो जाने पर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षाफल देख अपनी अपार प्रसन्नता जताई।

सत्र **2024-25** के शिक्षा सत्र समापन पर विद्यालय मे पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग व परिणाम घोषणा सेरेमनी कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 9वीं व 11वीं तक का वार्षिक रिजल्ट घोषित किया गया। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर बच्चों और अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। बच्चों द्वारा अपनी कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर बच्चों द्वारा विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन करने पर विद्यालय प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय न केवल वर्क प्लेस बल्कि यहां एक परिवार के सदस्य की तरह प्रति एक अध्यापक व कर्मचारी कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर मेधावी छात्रों को व रैंकर्स को अवार्ड और सर्टिफिकेट के साथ विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी कक्षा के बच्चों को कई अनेक चीजों के लिए भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इंप्रूव्ड स्टूडेंट, अनुशासित स्टूडेंट, परफेक्ट अटेंडेंस, गुड हैंडराइटिंग, गुड लर्नर आदि को विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार शर्मा व प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें ढेर सारी बधाई दी। विद्यालय के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल और प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने बच्चों के पूर्ण विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों की साझेदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र सनव्वर व पुत्रवधु हिना मेरे कहने व सुन्ने में नहीं हैं आये दिन गाली गलौच व झगड़ा करते रहते हैं तथा मुझे व मेरे परिवार को झुठे मुक. दमें में फंसाने की धमकी देते हैं। इसलिए मैंने इन्हे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन का में व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

जुल्फक्कार
पुत्र मौहम्मद यासीन
निवासी ग्राम पहाड़पुर थाना नागल
तहसील देवबन्द (सहारनपुर)

**सूचना**

मेरी वर्ष 2000 की इण्टरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0144479 हैं व सनद वास्तव में खो गई हैं काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली हैं।

वाज़ीदा अंजुम
पुत्री फज़लुर्रहमान
निवासी मौहल्ला किला
देवबन्द, जिला सहारनपुर



● विराट कोहली की उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13 हजार रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए है

# विराट ने टी-20 में 13 हजार रन बनाए

■ खिलाड़ियों में विंडीज खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे है, जिन्होंने 14562 रन बनाए हैं

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पुरुष टी-20 क्रिकेट में 13 हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय और दुनिया के पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने अपनी 386वीं पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 36 वर्षीय कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपना 17वां रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वह टी-20 रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए, जिसमें वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे हैं, जो 381 पारियों में 14 हजार 562 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर हैं। टी-20 में सर्वकालिक रन बनाने वालों की सूची में कोहली से आगे इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स (474 पारियों में 13,610), पाकिस्तान के शोएब मलिक (487 पारियों में 13,557) और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (594 पारियों में 13,537) हैं। कोहली की यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं, उनसे आगे केवल गेल हैं। सभी प्रारूपों में अपनी निरंतरता और क्लास के लिए जाने जाने वाले कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए मुख्य खिलाड़ी बने हुए हैं और विश्व क्रिकेट में सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं।

## आईपीएल-2025 का यह सप्ताह शानदार होगा: शेन वॉटसन

● बुमराह की वापसी से मुंबई को सपोर्ट मिलेगा, 13 अप्रैल को एमआई-डीसी के बीच मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और जियोस्टार एक्सपर्ट शेन वॉटसन को लगता है आईपीएल 2025 का यह सप्ताह काफी शानदार होने वाला है। दरअसल, इस सप्ताह कई राइवल मैच होने है। 12 अप्रैल को गुजरात का सामना लखनऊ से और 13 अप्रैल को मुंबई का सामना दिल्ली से होगा। शेन वॉटसन ने कहा कि मेरे लिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक शानदार मुकाबला होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के पास काफी अच्छी टीम है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह की वापसी से मुंबई इंडियंस को सपोर्ट मिलेगा, जिसकी उन्हें जरूरत थी। इसलिए मुझे लगता है कि यह इस राइवल वीक के बेस्ट मुकाबलों में से एक होने वाला है।श उन्होंने आगे कहा कि लीग में इस समय जब बात लखनऊ जायंट्स और गुजरात टाइटंस की हो रही है तो जीटी आग उगल रही है। उन्होंने अपने आखिरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बहुत अच्छा खेला। टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगा कि लीग की शुरुआत से पहले जीटी टीम में कुछ कमियां रही होंगी, लेकिन टीम ने हैदराबाद के खिलाफ इस सीजन पहली बार वॉशिंगटन सुंदर को खिलाया, वे वास्तव में अपनी टीम के लिए काफी वैल्युएबल प्लेयर साबित होंगे। अक्षर पटेल शानदार लीडर वॉटसन ने कहा, श्जब बात इस सीजन किसी बेहतरीन खिलाड़ी की आती है, तो मैं अक्षर पटेल का नाम लूंगा।

# रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना



● रजत की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी

**मुम्बई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रूपये जुर्माना लगा हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर जीत के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में आरसीबी पर पहली बार धीमे ओवर रेट अपराध के लिए जुर्माना लगा हैं। इससे पहले हार्दिक पांड्या, रियान पराग और ऋषभ पंत पर भी धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा चुका हैं। पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। आईपीएल की आचार संहिता के तहत उन्हें धीमे ओवर रेट का दोषी करार देते हुए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरसीबी ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस को 12 रनों से हरा दिया था।

## पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से लिया संन्यास



■ 27 वर्षीय विल पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया हैं।

विल पुकोवस्की ने मंगलवार को मेलबर्न में एसईएन रेडियो पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत निराश हूं, यह बहुत कठिन साल रहा है। उन्होंने कहा कि काश मैं बेहतर परिस्थितियों में होता। उन्होंने कहा कि सरल संदेश यह है कि मैं फिर से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेलूंगा। 27 वर्षीय पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

वह पिछले वर्ष शेफील्ड शील्ड में मैच के दौरान तस्मानिया के खिलाफ रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद वे चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए थे। पिछले वर्ष ही चोट लगने के बाद एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोवस्की को क्रिकेट से संन्यास लेने का सुझाव दिया था। उन्हें किशोरावस्था में फुटबॉल खेलते समय पहली बार सिर में चोट लगी थी। वह कंस्यूशन से पीड़ित थे। पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45-19 की औसत से 2350 रन बनाए, जिसमें सात शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दो. हरे शतक शामिल है।

## वनडे त्रिकोणीय सीरीज भारतीय टीम में तीन नए खिलाड़ी

■ आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत को कप्तान बनाया गया

**मुम्बई, वार्ता।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है।

चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गें. दबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिए। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3-48 की इकॉनमी रेट और 15-44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व. कप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा। एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।



भारतीय टीम का फाइल फोटो

## कलिंगा सुपर कप 2025 के कार्यक्रम घोषित

■ कलिंगा सुपर कप 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कलिंगा सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जायेगा जिसमें 16 क्लब (इंडियन सुपर लीग से 13 और आई-लीग से तीन) भाग लेंगे। नॉक आउट प्रारूप में खेले जाने टूर्नामेंट के सभी मैच कलिंगा स्टेडियम में होंगे।

आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी। तीन आई-लीग टीमों चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा, इंटर काशी और गोकुलम केरल एफसी ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। उनका सामना शीर्ष तीन आईएसएल टीमों (मोहन बागान सुपर जायंट, एफसी गोवा और बेंगलुरु एफसी) से होगा। इन तीनों मुकाबलों का फैसला 9 अप्रैल को ड्रॉ से होगा। राउंड ऑफ 16 20, 21, 23 और 24 अप्रैल को, क्वार्टर फाइनल 26 और 27 अप्रैल को, सेमीफाइनल 30 अप्रैल को और फाइनल 3 मई को खेला जाएगा। यदि राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो कोई अतिरिक्त समय नहीं होगा और विजेता का निर्धारण पेनल्टी शूट-आउट से होगा।

यदि फाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो अतिरिक्त समय होगा, जिसके बाद चैंपियन का निर्धारण करने के लिए पेनल्टी शूट-आउट होगा। कलिंगा सुपर कप 2025 के विजेता 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्रारंभिक दौर के लिए क्वालीफाई करेंगे। ईस्ट बंगाल एफसी गत चैंपियन है, जिसने भुवनेश्वर में 2024 के फाइनल में ओडिशा एफसी को हराया था।

## हार्दिक पांड्या के विस्फोट के बावजूद मुम्बई को मिली हार



**मुबंई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुबंई इंडियन (एमआई) को 12 रन से हरा दिया। बेंगुलुरु दस साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुबंई को हराने में सफल रहा है।

हार्दिक पांड्या (42 रन 15 गेंद) और तिलक वर्मा (56) के क्रीज पर रहते मुकाबला मुबंई के पाले में जाता दिख रहा था मगर 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की ऑफ स्टंप के बाहर जाती धीमी गति की गेंद को कट करने के प्रयास में तिलक डीप कवर में कैच दे बैठे जबकि अगले ही ओवर में पांड्या को जोश हेजलवुड ने अपना शिकार बना लिया। दोनो के आउट होने के बाद मुकाबला एक बार फिर बेंगलुरु के पाले में चला गया। आरसीबी के दिये गए 222 रन के जवाब में मुबंई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना सकी। लक्ष्य पीछा करने उतरी मुबंई की शुरुआत औसत रही। 12वें ओवर में सूर्य कुमार यादव (28) के आउट होने के बाद पांड्या ने क्रीज पर आते ही चौके छक्कों की बरसात कर दी। उन्होने हेजलवुड के ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़ कर मैच को रोमांच से भर दिया जबकि अगले ओवर में उन्होने अपने भाई कृणाल पांड्या पर भी रहम नहीं किया और उनकी भी जमकर धुनायी की। दूसरे छोर पर तिलक वर्मा भी बेंगलुरु के गेंदबाजो पर कहर बरपाते रहे और दोनो ने 89 रन की पार्टनरशिप कर डाली। इससे पहले विराट कोहली (67)-देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत आरसीबी ने मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया।

## लखनऊ ने कोलकाता को चार रन से हराया

■ पूरन ने नाबाद 87 रन और मिचेल मार्श ने 81 रनों की पारी खेली

**कोलकाता, वार्ता।** निकोलस पूरन (नाबाद 87), मिचेल मार्श (81) की अर्धशतकीय और एडन मारक्रम (47) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 21वें मुक. ाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह इस सत्र की तीसरी जीत हैं। 239 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 37 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक (15) का विकेट गवां दिया। क्विंटन डी कॉक को तीसरे ओवर में आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सुनील नारायण के साथ पारी को संभाला। सातवें ओवर में दिग्वेश राठी ने सुनील नारायण (30) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट करा कोलकाता को दूसरा झटका दिया। 13वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे को निकोलस पूरन के हाथों कैच आउट कराकर लखनऊ को तीसरी सफलता दिलाई। अजिंक्य रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। कोलकाता का चौथा विकेट रमनदीप सिंह (एक) के रूप में गिरा। उन्हें रवि बिश्नोई ने आउट किया। 15वें ओवर में आवेश खान ने अंगकृष रघुवंशी (पांच) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच आउटकरा दिया।16वें ओवर में आकाश दीप ने वेंकटेश अय्यर को मारक्रम के हाथों कैच आउटकरा कर पवेलियन भेज दिया। वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में एक छक्के और छह चौकों की मदद से (45) रन बनाए। 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने आंद्रे रसल (सात) को आउट किया। रिंकू सिंह ने अंतिम ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी और अपनी टीम को जीत की दहलीज तक, तो ले गए, लेकिन जीत नहीं दिला पाए। रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 38) रनों की पारी खेली। हर्षित राणा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई।



# बढ़े टैक्स के विरोध में धरने पर बैठे पार्षद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में जीआई सर्वे के आधार पर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में पार्षदों ने नगरायुक्त के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जीआई सर्वे को निरस्त करने की मांग की।

धरने पर टिंकू अरोडा ने कहा कि सर्वे लगने से जनता में हाहाकार मचा हुआ है और नगर निगम के टैक्स विभाग के कर्मचारी अवैध धन वसूली कर रहे हैं। आमजन ओर मध्यम वर्गीय वर्ग व गरीब जनता का आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। पार्षद फजलुर्रहमान ने कहा कि किसी सूरत में भी यह टैक्स जनता पर नहीं लगने दिया जाएगा। सत्ता पक्ष के लोग मौन हैं और सहारनपुर की जनता को लूटने का काम किया जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद फहाद सलीम ने कहा की जीआईएस सर्वे में जो खामिया है उनको ठीक किया जाए व सर्वे को पार्षदों की मौजूदगी में दोबारा कराया जाए। फर्जी सर्वे निरस्त होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जब तक किसी भी संपत्ति पर सील की कार्यवाही ना की जाए मेरठ नगर निगम की तर्ज पर की सर्वे एक वर्ष का लागू कराया जाए। इस मौके पर पार्षद हाजी गुलशेर, अहमद मलिक, नितिन जाटव, हाजी नूरआलम, इमरान सैफी, अब्दुल खालिक, महमूद, फराज अंसारी, डॉ मोहतसीन, डॉ एहतेशाम, परवेज मलिक फहाद सलीम, मोहर्रम अली पप्पू , नदीम अंसारी, जावेद, डॉ मंसूर, मास्टर मेनपाल, स्वराज मौजूद रहे।

## बिना आधार निरस्त नहीं होगा जीआईएस सर्वे: संजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा है कि जीआईएस सर्वे प्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह शहर के टैक्स को रेशनलाइज (पुर्नगठन) करने की प्रक्रिया है। अतः जीआईएस सर्वे को बिना किसी आधार के निरस्त नहीं किया जा सकता। यदि इसके क्रियान्वन में कहीं कोई कमी होगी तो उसे दुरुस्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे के सम्बंध में शासन के निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

नगरायुक्त ने कहा कि कुछ लोग जीआईएस सर्वे को लेकर मेरठ का उदाहरण दे रहे हैं, मेरठ व दूसरों निगमों से भी इस संबंध में तथ्य मंगाकर उनका अध्ययन कर, शासन के निर्देशों के आलोक में निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य रुप से टैक्स में गड़बड़ी की बात कह देना ठीक नहीं है, इससे न तो गड़बड़ी का निराकरण संभव है और न नगर निगम द्वारा टैक्स जमा करने में कर्मचारियों के मनोबल को बरक. रार रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके बार-बार कहने के बावजूद टैक्स में गड़बड़ी का कोई स्पेसिफिक केस किसी व्यक्ति द्वारा आज तक न तो उनके संज्ञान में लाया गया है और न टैक्स के वरिष्ठ प्रभारीध्अपर नगरायुक्त के संज्ञान में लाया गया है।

# संवाद व समाधान से बनेगी विकास की संभावना: अशोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने आगामी 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह के सहारनपुर आगमन एवं संवाद व समाधान को सफल बनाने के लिए मंडल एवं जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सर्किट हाऊस में बैठक की।

बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों मंडलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष कुमार बंसल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. अर्चना द्विवेदी, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के उपायुक्त उद्योग वी. के.कौशल को जानकारी देते हुए बताया श्री अग्रवाल ने बताया कि संवाद एवं समाधान कार्यक्रम में सहारनपुर मण्डल एवं निकटतम जिलों के उद्यमी, निर्यातक प्रगतिशील किसान आदि के साथ क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य सहारनपुर मण्डल व निकटतम जिलों के उद्यमी किसानों की आय बढ़ाने में लकड़ी (पेड़ों) के लगाने व कृषि व काष्ठ आधारित उद्योग, क्षेत्र के उत्पादो के निर्यात प्रोत्साहन आदि के अलावा अन्य विकास की संभावनाओं पर चर्चा की जायेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 'प्रदेश व जिले के प्रमुख औद्योगिक संगठन आईआईए एवं सहारनपुर वुड कार्विंग एसोसिएशन, हौजरी एसोसिएशन, वुडन स्पून एसोसिएशन शामली, वन अनुसंधान संस्थान देहरादून, इन्वेस्ट यूपी' आदि संस्थाएं भी प्रतिभाग करेंगी। मंडलायुक्त अटल कुमार राय एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव अनुज गर्ग आगामी 13 अप्रैल को प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह के संवाद एवं समाधान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, चौप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, चौप्टर सचिव ऋषभ अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. हरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जैन, विशेष आमंत्रित सदस्य आर. के. धवन, राकेश गाँधी, एफएसएसएआई वर्किंग ग्रुप चेयरमैन संजय बंजाज आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम ने हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज भी नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहा। विश्वकर्मा चौक से पेपरमिल रोड फाटक तक चलाये गए अभियान के दौरान अनेक स्थानों से अस्थायी व स्थायी अतिक्रमण हटाया गया और सामान जब्त करने के अलावा जुर्माना भी वसूला गया।

नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने विश्वकर्मा चौक से पेपरमिल रोड फाटक तक सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान चालस से अधिक स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण तथा दो स्थानों से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क पर रखे आठ फलेक्स बोर्ड, 15 प्लास्टिक फ्रूट कैरेट, चार प्लास्टिक स्टूल जब्त कर निगम लाये गए। अतिक्रमणकारी दुकानदारों से 6100 रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

दो स्थानों पर स्थायी अतिक्रमण पाया गया जिसें निगम के अतिक्रमण दस्ते ने अपने सामने ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चेता. वनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही भारी जुर्माना लगाया जायेगा।

## जनसुनवाई की

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जलकल व सफाई सम्बंधी दो-दो तथा अतिक्रमण सम्बंधी एक शिकायत आयी। जिसमें से सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि चारों शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड संख्या 60 के दिलशाद ने मंशा कॉलोनी के सामने नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सफाई निरीक्षक व कर्मचारी भेजे गये।

# भगवान राम के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में चल रहे भव्य श्री राम लीला महोत्सव के तीसरे दिन का मंचन शानदार और भावुक रहा। इस पावन अवसर पर भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को बड़े ही प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया।

इस भव्य महोत्सव का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के सभासद मित्रपाल, विपिन पाल, सुशील धीमान, पुनीत चौधरी और पंकज सैनी द्वारा विधिवत रूप से भगवान श्रीराम की आरती और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पधारे अतिथियों ने महोत्सव के महत्व को उजागर किया।

अभिनय से प्रभावित दर्शक श्री राम के रूप में बसंत सैनी, लक्ष्मण के रूप में जतिन, माँ राक्षसी ताड़का के रूप में कृष्ण लाल भटनागर, राजा दशरथ के रूप में डॉ. प्रदीप धनगर और गुरु विश्वामित्र के रूप में धर्मपाल सैनी के शानदार अभिनय को दर्शकों से खूब सराहना मिली। उनके अभिनय ने मंच पर जीवंतता और वास्तविकता का एहसास कराया। राम लीला महोत्सव कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जैन और राजेश जैन राजू ने बताया कि चौथे दिन की लीला में भगवान राम के द्वारा धनुष तोड़ने के प्रसंग का मंचन किया जाएगा। राम लीला महोत्सव के इस भव्य आयोजन में महोत्सव कमेटी के प्रधान हरीश गर्ग, महामंत्री वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र नारायण, अनिल गोयल, वर्धन जैन, विजय त्यागी, नवदीप मित्तल, संजीव जैन सर्राफ, संयम जैन, ऋषिपाल शर्मा, श्रवण त्यागी, राजन शर्मा, नरेश गोयल, राज. कुमार प्रजापति, अरुण चौधरी, मनोज गोयल, पंकज जैन, राजेश जैन राजू, अंकित गोयल आदि नेआयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# भीषण आग से तबाही, घर राख के ढेर में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** समीपवर्ती गांव मुगल माजरा उर्फ रेतगढ़ में एक अचानक लगी भीषण आग ने तबाही मचाई। भीषण आग ने एक घर को राख में बदल दिया। जिसमें लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

रेतगढ़ निवासी जयचंद पुत्र मेहर सिंह ने बताया कि आग लगने के कारण का पता नहीं चला है। उन्होंने बिजली या आग के स्रोत को नहीं देखा। सब कुछ अचानक से हो गया। घर के भीतर भूसा, चारपाई, वसंदूक, दरवाजे, कड़ियां, चौखटें आदि वस्तुएं पूरी तरह से जल गई, जिससे परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घर में लगी आग की लपटें आसमान तक उठ रही थी। तेज धुएं ने आसपास के इलाके को घेर लिया था। गांव वासियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, तथा खुद आग को नियंत्रित करने के लिए प्रयास करने लगे। मौके पर आई फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मिलकर गांव वासियों ने लेंटर को तोड़कर आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन अधिकारी (एफएसओ) विनय धनगर, हेड कांस्टेबल जसवीर सिंह, उदयवीर सिंह, अनिल गंगवार, लोकेश और अंकित ने मिलकर स्थिति को संभाला और आग को फैलने से रोका। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार के लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# विधायक चौ.किरत ने किया करोड़ों की परियोजना का शुभारंभ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** गंगाह विधायक चौ. किरत सिंह ने 2 करोड़ 56 लाख 45 हजार रुपये की निर्माण कार्य की परियोजना का हवन पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया।

विधानसभा गंगोह अंतर्गत ब्लॉक गंगोह के ग्राम दौलतपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव ने गंगोह विधायक किरत सिंह के अनुरोध पर यमुना नदी के बाएं किनारे पर स्थित एप्रोच रोड बंध किमी 2.270 से किमी 2900 के मध्य क्षतिग्रस्त 06 नग स्टड की पुर्नस्थापना के कार्यों की परियोजना लिए 2 करोड़ 56 लाख 45 हजार रुपये के निर्माण कार्य की मंजूरी दी थी। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। यमुना नदी के किनारे स्थित एप्रोच रोड बंध के क्षतिग्रस्त स्टड की पुर्नस्थापना से नदी के कटाव को रोका जा सकेगा और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस परियोजना से स्थानीय निवासियों को कई लाभ होंगे, जिनमें सड़क सुरक्षा में सुधार, यातायात में सुधार और क्षेत्र के आर्थिक विकास में वृद्धि शामिल है। विधायक किरत सिंह ने गंगोह विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव को हृदयपूर्वक धन्यवाद दिया है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मांगेराम सैनी, जसवंत कश्यप, नवीन सैनी शकरपुर, ललित चौधरी, अतुल सैनी, अवनीश, नीरज प्रधान, दीपक काका, मनोज शर्मा, मोहित प्रधान, विजय, विपुल, रोहित, सोनू, लाड्डी, सिंचाई विभाग से एक्सन रामबाबू व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री रामचरित मानस के पाठ से होते दुख दूर: कृष्णात्रेय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंडित अभिषेक कृष्णात्रेय ने कहा कि श्री रामचरितमानस का पाठ करने से दुखों का अंत होता है।

दिल्ली रोड पर चल रहे चतुर्थ अष्टोत्तर शत 108 श्री रामचरितमानस नवान्ह पारायण एवं पंचकुंडीय होमात्मक लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पं अभिषेक कृष्णात्रेय ने बताया कि श्री रामचरितमानस का पाठ करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इससे जीवन में सकारात्मकता आती है, समस्याओं का हल मिलता है, और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है, साथ ही प्रभु श्री राम और माता सीता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मुख्य यजमान हरमेंद्र बतरा , मुकेश मेहता , गुरप्रीत बग्गा, अशोक शर्मा, अभिषेक गोयल, राजन चानना, श्रवण मक्कड़, पंकज हरजाई, राजीव वाधवा, बोकी राणा, एवं सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी का आरोप

**नागल।** थाना गागलहेड़ी के गांव माल्ली निवासी एक महिला ने क्षेत्र के गांव डंगहेड़ा निवासी एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी से उसके बैंक खाते में से रकम निकालने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित महिला मधु ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका कस्बे के शिवालिक बैंक में खाता है। करीब 6 वर्ष से उसके खाते में बच्चों की छात्रवृत्ति एवं गैस सिलेंडर सब्सिडी तथा श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण सहित अन्य सरकारी सहायता की धनराशि आ रही थी। करीब एक वर्ष पहले जब वह अपने बैंक खाते से अपनी रकम निकलवाने के लिए गई तो बैंक कर्मियों ने खाते में पैसा न होना बताया। जिसको लेकर उसके होश उड़ गए और उसने खाते की जानकारी चाहिए तो बैंक कर्मी आनाकानी करते रहे।

# दुष्कर्म आरोपी को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग युवती के साथ एक युवक द्वारा खेत में लेजाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित युवती ने घटना के संबन्ध में परिजनो को बताया। युवती के पिता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे के खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया है। जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

मामला सोमवार शाम का है कोतवाली बेहट क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग युवती अपने घर के बाहर खेल रही थी आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसे खींचकर पास के एक गेहूं के खेत में ले गया और उस के साथ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया।बच्ची के रोने चिल्लाने पर युवक उसे खेत में ही छोड़कर भाग गया। युवती रोती बिलखती हुई अपने घर पहुंची तो उस के परिजनो ने उस से उसके साथ हुई घटना के बारे में पूछा तो उसने अपने हुई घटना के बारे में बताया तो पीड़ित युवती के पिता उसे साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर नामजद तहरीर दी। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दाऊद पुत्र याकूब निवासी गांव रायपुर कला थाना बेहट जनपद सहारनपुर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

# निजी स्कूल संचालकों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ ने आज निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रद. ेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा 2016 से आरटीई के द्वारा निशुल्क बच्चों के प्रवेश दिए जा रहे थे जिनकी संख्या 2024 -25 में 84 बच्चों की थी जिसका जिला अधिकारी द्वारा गठित समिति ने 26 नवंबर 2024 को सत्यापन खंड शिक्षा अधिकारी गंगोह ने किया था जिसमें 84 बच्चों में से 80 बच्चे उपस्थित पाए और चार बच्चे बीमारी के कारण अनुपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए नोटिस में कहीं भी 84 बच्चों की जांच नहीं की गई इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने गत 3 वर्षों से जांच भी नहीं की गई उसके बावजूद भी 3 वर्षों का 13 लाख 1850 रुपए रोक दिया है। पैसा रोकने से पूर्व बीएसए ने लिखित में स्कूल प्रबंधन को पैसा रोकने के लिए अवगत नहीं कराया है।

डॉ अशोक मलिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंतर्गत फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावकों का पैसा विभाग ने नहीं दिया तो अपने स्कूलों पर ताले लगा देंगे अब हम बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे इसके जिम्मेदार शिक्षा विभाग जिला प्रशासन होगा। उन्होंने अकूत संपदा के मालिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सर्विस से पूर्व और अब तक की संपत्ति की जांच कर सार्वजनिक करने की मांग की।

इस अवसर पर श्रीमती सुदेश रानी श्रीमती गीता श्रीमती सविता मंजू सुनीता बलजीत कौर गीता बृजबाला कविता खुशी पूजा प्रिया सरिता चौधरी सुरेंद्र सिंह भोपाल सिंह संजय प्रमोद परवीन सोनू बिट्टू राजेश सुषमा नेहा मोनिका कविता श्रीमती रीना डिंपल चौधरी श्रीमती मीना बबीता श्रीमती पिंकी कमलेश ममता बुरहन अली प्रकाश मंजूर अली अब्दुल सत्तार प्रवीण गुप्ता केपी सिंह गययूर आलम अमजद अली एडवोकेट ओंकार सिंह दिनेश देवरानी डॉक्टर तौकीर आदि सैकड़ो की संख्या में अभिभावक में स्कूली बच्चों उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव तल्हेडी बुजुर्ग में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों व छात्रों ने रैली निकाल. कर ग्रामीणों को जागरूक किया।

मंगलवार को तल्हेडी बुजुर्ग गांव के पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान सचिन सैनी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधानाचार्य डॉ नवीन सिंह ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने 6 वर्ष के बच्चे का दाखिला पीएम श्री विद्यालय में अवश्य कराए। इस अवसर पर डॉ नवीन कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, मनोज लांबा ,मो. मेहताब ,मो. मुसव्वर अली, काला सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा से निकाली मंगल कलश यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आचार्य अजय किरण महाराज के सानिध्य में श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ पर महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली।

शोभा यात्रा के दौरान अध्यक्ष राजू खेड़ा, अनिल दत्त शर्मा, रमेश शर्मा, विक्रम सिंह, प्रेम चौहान, नंदकिशोर, दिनेश, विनोद, टोनी और पार्षद टिंकू अरोड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोभा यात्रा का कई जगह स्वागत किया गया और करीब 150 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, सुरेंद्र, अनिल, राकेश और रमेश यादव समेत अन्य साथी उपस्थित रहे। आचार्य अजय किरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे पढ़ना और सुनना चाहिए। शोभा यात्रा के दौरान व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की गई और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## पुलिस ने स्मैक तस्कर दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक आरोपी स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 10 ग्राम नाजायज स्मैक भी बरामद की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव की अगुवाई में नशा तस्करी पर रोकथाम लगाए जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक आरोपी स्मैक तस्कर मूसा पुत्र इरफान निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को ग्राम नल्हेडा से दुमझेडी जाने वाली पक्की सडक से नीचे उतरकर जाने वाली कच्ची चकरोड पर हरिजन के पट्टे के निकट से मय 10 ग्राम नाजायज स्मैक गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** असामा. जिक तत्वों ने एक देवस्थल को खंडित कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गांव मल्हीपुर में प्राथमिक विद्यालय के पास कश्यप समाज के लोगों ने देव पितृ और शीतलामाता का पूजा स्थल बनाया हुआ है। जहां कश्यप समाज के लोग पूजा पाठ करते है। शरारती तत्वों ने देव स्थल को खंडित कर दिया। मंगलवार सुबह ग्रामीण जब पूजा पाठ करने के लिए देव स्थल पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके पांव तले से जमीन निकल गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बूझकर शांत कराया। मामले में बलियाखेड़ी ब्लाक से भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अंकित कश्यप ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता ने तहरीर में अज्ञात लोगों पर कश्यप समाज के धार्मिक स्थल को जानबूझकर तोड़ने का आरोप लगाया है। मल्हीपुर के ग्राम प्रधान ने कश्यप समाज के लोगो को देव स्थल का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। जिस पर कश्यप समाज के लोगों ने साफ इनकार कर दिया। समाज के लोगों का कहना है कि देव स्थान का निर्माण कार्य पंडित जी से मुहूर्त निकलवा कर समाज द्वारा चंदा इकट्ठा कर कराया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस से दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## क्यों पिछड़ रही कांग्रेस

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। जो 8 से 9 अप्रैल तक चलेगा। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। मीटिंग के बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। कांग्रेस को अब लगा कि वह अगले चुनाव में अपना अस्तित्व बरकरार रख सकती है। आज इन्हें सरदार वल्लभाई पटेल याद आ रहे है। अगर पार्टी का प्रदर्शन गिरा, तो गांधी परिवार पर भी सवाल उठेंगे। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कांग्रेस कहां पिछड़ रही है और विपक्षी दलों के बीच ग्रैंड ओल्ड पार्टी की पोजीशन क्या है। आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे और सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरु आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस को इस बात पर भी जोर देना होगा कि तराजू के दोनों पलड़ों का आकलन किया जाए। किस तरफ क्या है और क्या नहीं है? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ताकत और कमजोरियां क्या रही हैं, इन सब बातों पर भी मंथन करना जरूरी है। आज देश में जिस तरह नफरत फैल रही है, वहीं कांग्रेस इसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। उसे लोगों के बीच जाना होगा और अपने एजेंडे तथा पिछले किए गए कामों को बताना होगा, ताकि लोग उसमें विश्वास कर सकें। क्योंकि निकाय से लेकर लोकसभा तक भाजपा हर चुनाव पूरी गंभीरता और ताकत से लड़ती है। पन्ना प्रमुख' और 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' जैसे नए कॉन्सेप्ट से बीजेपी ने भारत में चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आज के समय में भी कांग्रेस ही असल मायने में अखिल भारतीय पार्टी है। चौतरफा निराशा और निगेटिव खबरों के बावजूद, पार्टी की तीन राज्यों में सरकारें हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का जलवा बरकरार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। यह अकेली विपक्षी पार्टी थी जिसे डबल डिजिट में वोट मिले थे। ऐसे में पिछड़ने के बाद भी कांग्रेस दूसरे विपक्षी दलों से आगे है। राहुल की पहले भारत जोड़ो यात्रा, फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा... लोग कह रहे हैं कि इंडियन पॉलिटकल लीग में पार्टी अब गंभीरता दिखा रही है। हालांकि राहुल गांधी की इन यात्राओं का चुनाव में कितना असर दिखेगा, यह कहा नहीं जा सकता है। पिछले डेढ़ साल से राहुल लगातार घूमते रहे हैं। रोडशो किया, ट्रक में घूमे, लोगों से मिले, बातें की। इससे उनकी इमेज भी सुधरी है। राहुल गांधी बीजेपी-आरएसएस को खतरा बताते रहे हैं, लेकिन अब उन्हें और उनकी पार्टी को नए नारों की जरूरत है, जिससे पीएम मोदी और भाजपा को चुनौती दी जा सके। ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर मिलिंद देवड़ा तक राहुल गांधी के कई पुराने साथी एक-एक कर 10 साल में बिछड़ गए। आज के कई मुख्यमंत्री पहले कांग्रेसी हुआ करते थे। कांग्रेस छोड़कर पहले भी नेता गए हैं, लेकिन राहुल की लीडरशिप में यह ज्यादा हुआ। वास्तव में आज कांग्रेस के सामने अगर कोई बड़ी चुनौती है तो उसे बूथस्तर पर एक मजबूत कार्यकर्ता की है देखने में आया भी है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता चाहे वह राहुल गांधी हो या प्रियंका गांधी चुनावी सभाओं में भीड़ खींचने में तो सफल दिखाई देते है, लेकिन वह उसको वोट में कन्वर्ट नहीं कर पाते। आलोचक भी यही बात कहते है कि कांग्रेस भीड़ को वोटों में नहीं बदल पाती। यह कांग्रेस को सोचना होगा कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए शीर्ष मंथन के बाद किस तरह आगे बढ़ा जाए। इस समय जो अच्छी बात है वो यह है कांग्रेस के बड़े नेताओं से अब यह संकेत मिलने लगे है कि वह इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर रहे है और अब उन्हे लगने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को बूथस्तर पर संगठन को मजबूती देनी होगी। जाहिर है उसके लिए जरूरी है युवाओं को उसके लिए ज्यादा प्रेरित किया जाए। अहमदाबाद में होने जा रही यह बैठक भी इसी का हिस्सा है।

## अहिंसा के सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती



सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भाजपा और आरएसएस भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणाम स्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया, सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है, गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है, इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल, ये सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे, गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# जंगल उजड़ते रहे और हिरण मरते रहे, पर मुकदमा किस पर चले

**सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था, वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है**



**प्रियंका सौरभ**

भारत में पर्यावरणीय न्याय के दोहरे मापदंड है। एक ओर अभिनेता सलमान खान पर एक हिरण के शिकार का वर्षों तक मुक़दमा चलता है, जबकि दूसरी ओर, हैदराबाद में एक पूरे जंगल को उजाड़ दिया जाता है। जिसमें दर्जनों हिरण मारे जाते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। क्यों व्यक्तिगत अपराधियों को कठघरे में खड़ा किया जाता है, जबकि संस्थागत अपराधों पर कानून मौन हो जाता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण कानूनों की अक्षमता, मीडिया की चुप्पी और समाज की निष्क्रियता है। यह जरूरी है कि वन्यजीवों और जंगलों की रक्षा के लिए आवाज़ उठाएं और न्याय की परिभाषा को व्यापक और निष्पक्ष बनाएं।

सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था। वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है, और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं। लेकिन क्या वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है, तो न तो खबरें बनती हैं, न जांच बैठती है और न ही कोई मुकदमा चलता है। क्या कानून सिर्फ उन्हीं पर लागू होता है जो प्रसिद्ध हैं, और संस्थाएं या सरकारें इससे परे हैं?

### वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण कानून...

भारत में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए कई सख्त कानून मौजूद हैं। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत किसी भी संरक्षित जीव की हत्या, पकड़ या उसे नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। वहीं, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रस्तुत करता है। लेकिन ये कानून कितने प्रभावी हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें लागू करने की राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति कितनी है।

### दोहरे मापदंड: व्यक्तियों पर सख्ती, संस्थाओं पर मौन...

सलमान खान जैसे अभिनेता के खिलाफ मामला इसलिए सुर्खियों में रहा क्योंकि वह एक प्रसिद्ध चेहरा थे। उन्हें कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जेल भी जाना पड़ा भले ही बाद में जमानत मिल गई। यह दिखाने के लिए पर्याप्त था कि कानून काम कर रहा है। पर जब बात किसी कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट, सरकारी योजना या शहरी विकास परियोजना की आती है, जो एक साथ सैकड़ों पेड़ों और दर्जनों जानवरों की बलि लेती है, तो प्रशासन मौन हो जाता है। न मुकदमा, न मीडिया ट्रायल, न जनआंदोलन।

### हैदराबाद की घटना: जंगल की मौत, हिरणों का नरसंहार...

हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक बड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के तहत जंगल का एक विशाल क्षेत्र साफ कर दिया गया। इस क्षेत्र में रहने वाले हिरण, नीलगाय, खरगोश और कई पक्षियों की प्राकृतिक निवास स्थली नष्ट हो गई।

सूत्रों के अनुसार, जंगल की सफाई के दौरान दर्जनों हिरण मारे गए, कुछ मशीनों की चपेट में आए, तो कुछ भोजन और पानी की कमी से मारे गए। इस पर कोई औपचारिक आंकड़ा या सरकारी रिपोर्ट नहीं आई। कारण साफ हैकृइसका जिम्मेदार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि 'प्रोजेक्ट' था। और प्रोजेक्ट्स पर मुकदमा नहीं चलता।

### मीडिया और न्याय प्रणाली की भूमिका...

यह भी गौर करने योग्य है कि मीडिया की भूमिका भी इन दो चेहरों वाली न्याय व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करती है। जहां एक ओर सेलेब्रिटी केस महीनों तक चौनलों पर बहस का मुद्दा बनते हैं, वहीं दूसरी ओर हैदराबाद जैसी घटनाओं की खबरें स्थानीय अख़बारों के कोनों में दब जाती हैं या पूरी तरह नज़रअंदाज़ हो जाती हैं। न्याय प्रणाली भी अक्सर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेती जब तक कि कोई जनहित याचिका दायर न की जाए या कोई एनजीओ इस पर विशेष ध्यान न दे।

### हमारी भूमिका: सवाल पूछना जरूरी है...

समाज का भी दायित्व है कि वह ऐसे दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए। जब एक हिरण के शिकार पर हम नाराज़ होते हैं, तो सैकड़ों जानवरों की मौत पर हम क्यों चुप हो जाते हैं। क्या जंगल सिर्फ विकास के नाम पर बलिदान चढ़ाने के लिए हैं। क्या विकास की परिभाषा में प्रकृति का विनाश अनिवार्य है। हमें इन सवालों को अपने शहर, राज्य और देश के प्रशासन से पूछना होगा।



### कानूनी समाधान और संभावनाएं

इस तरह की घटनाओं के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में मामला दायर किया जा सकता है। जनहित याचिकाएं (पीआईएल) उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जा सकती हैं। पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की प्रक्रियाएं पारदर्शी और मजबूत की जानी चाहिएं, ताकि किसी भी परियोजना को जंगलों को नुकसान पहुंचाने से पहले कठोर जांच से गुजरना पड़े।

### जन आंदोलन और युवाओं की भागीदारी...

इतिहास गवाह है कि जब-जब जन आंदोलनों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए आवाज़ उठाई है, तब-तब व्यवस्थाओं को झुकना पड़ा है। आज भी जरूरत है कि छात्र, युवा, पर्यावरण प्रेमी, पत्रकार और जागरूक नागरिक मिलकर इस प्रकार के जंगल विध्वंस के खिलाफ संगठित हो जाएं। सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम हो सकता है, लेकिन उससे आगे जाकर जमीन पर भी बदलाव की मांग करनी होगी।

### न्याय का पुनर्परिभाषण...

सलमान खान पर मुकदमा इसलिए नहीं गलत था क्योंकि वह अकेले दोषी थे, बल्कि इसलिए कि वह अकेले दोषी नहीं थे। असली समस्या यह है कि बाकी दोषी लोग, संस्थाएं और परियोजनाएं कभी कटघरे में नहीं खड़ी होतीं।

# हिंदू राष्ट्र संभव राजशाही कदापि नहीं...

**2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लभगभ सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे, अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है नेपाली कांग्रेस भारत का समर्थक माना जाता है**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में हुई हाल की घटनाओं को राजशाही के आगाज की दृष्टि से देखा जाना मुनासिब नहीं है,हां इसे हिंदू राष्ट्र की बढ़ रही मांग माना जा सकता है। नेपाल राजा शासन के वक्त नेपाल हिंदू राष्ट्र था। वहां मुस्लिम, क्रिश्चियन आदि की आबादी इतनी भी नहीं है कि वे हिंदू राष्ट्र का विरोध करें। इस छोटी समुदाय को हिंदू राष्ट्र से कोई गिला शि. कवा भी नहीं रहा। राजशाही खत्म होने के बाद जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तब संविधान में नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया। यह शासक दलों का अपना फैसला था न कि किसी ने इसकी मांग की थी।

हैरत है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित होने के बाद कुछ राजनीतिक दलों को हिंदू राष्ट्र की याद आई इसमें नेपाली कांग्रेस भी शामिल है। पिछले आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने अपने भाषणों में कहा था कि उनकी सरकार सत्ता में आई तो हिंदू राष्ट्र की पुनर्बहाली पर विचार करेगी। बहरहाल नेपाली कांग्रेस सत्ता में नहीं आई। और अभी राजा समर्थक प्रदर्शन के बीच नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशांक कोइराला ने भी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में अपनी राय जाहिर की है। नेपाल में जब से लोकतंत्र बहाल हुआ तब से हुए अब तक चार चुनावों में किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं नसीब हुआ लिहाजा गठबंधन की सरकारें आती जाती रहीं।

लोकतांत्रिक नेपाल का यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। हैरत है कि वर्ष 2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से। यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लगभग सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे। अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है। नेपाली कांग्रेस को भारत का समर्थक माना जाता है।

राजशाही समर्थक नेपाल में 1991 का संविधान फिर से लागू किए जाने,देश में संवैधानिक राजशाही दोबारा लागू करके राजशाही और संसदीय लोकतंत्र एक साथ होने की मांग कर रहे हैं। यह संभव नहीं है। सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर से इस मांग को अस्वीकार कर दिया है। पूर्व पीएम प्रचंड जो हाल की घटनाओं के लिए ओली सरकार को जिम्मेदार मानते हैं उन्होंने भी राजशाही की वापसी की मांग को खतरनाक माना है। प्रचंड ने तो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को नारायण हिटी नरसंहार की घटना का जिम्मेदार मानते हुए उक्त घटना की जांच हेतु आयोग के गठन तक की कर डाली। 2001 में नेपाल नरेश स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह सहित संपूर्ण परिवार की उस समय हत्या कर दी गई थी जब यह शाही परिवार साप्ताहिक भोज पर इकट्ठा था। इस घटना का आरोप उनके बड़े बेटे दीपेंद्र पर लगा था। कहा गया कि नशे की हालत में उन्होंने पूरे परिवार की गोली मारी कर हत्या कर खुद को भी गोली मारी ली थी। घायल दीपेंद्र की भी दो दिन बाद मौत हो गई लिहाजा इस घटना की सच्चाई से पर्दा उठने से रह गया। प्रचंड ने ढाई दशक पूर्व की इस घटना की जांच की मांग कर नेपाल की राजनीति में न केवल हलचल मचा दी वे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के निशाने पर आ गए।

यह एक सच्चाई है कि लोकतंत्र बहाली के बाद से गठबंधन और अस्थिर सरकारों ने जनता का कोई भला नहीं किया। जनता में आक्रोश स्वाभाविक है, उसे किसी तीसरे विकल्प की तलाश तो है लेकिन वह राजशाही नहीं हो सकता। हां इस आंदोलन को तब भारी समर्थन मिल सकता था जब स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह जीवित होते। नेपाल राज्याभिषेक परंपरा के अनुसार उनके छोटे भाई ज्ञानेंद्र शाह राजा तो हो गए थे, लेकिन जनता में इनकी वह लोकप्रियता नहीं थी जो स्वर्गीय वीरेंद्र की थी। आज भी नेपाल में घर घर स्वर्गीय नरेश विरेंद्र और उनकी पत्नी एश्वर्य राज लक्ष्मी की तस्वीरें टंगी हुई दिख रही हैं। नेपाल में राजा को विष्णु का अवतार माना जाता है इस वजह से वे जनमानस में श्रेय होते हैं।

बेमेल गठबंधन और अस्थिर सरकारों से जनता की नाराज़गी का फायदा राजा वादी समर्थकों ने पूर्व नरेश को आगे कर उठाने की भरपूर कोशिश की। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को भी पुन: राजसत्ता का सपना आने लगा। वे भी अपने लोगों के स्वागत समारोहों में शामिल होकर जनता का नायक बताने लगे नतीजा उनके समर्थक कुछ ज्यादा उत्साहित हो उठे। अभी कुछ रोज पहले काठमांडू में जिस तरह की अशांति हुई, उससे पूर्व नरेश के प्रति लोगों में नाराजगी ही दिखी। एक टीवी कैमरामैन सहित दो की हत्या, निर्दोषों के घरों में आगजनी और आते जाते निजी और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को उन अराजक तत्वों का कारनामा माना गया जो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के समर्थन में पूरे नेपाल खासकर तराई बेल्ट से आए हुए लोग थे।

फरवरी से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में राजा वादी समर्थकों के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं जिसमें काठमांडू का कार्यक्रम हिंसक हुआ है। राजा वादियों के समर्थन में जगह जगह भारी भीड़ तो उमड़ी लेकिन इसे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में लहर या आंधी नहीं कह सकते। आखिर राजशाही के खिलाफ 1996 से 2006 तक चले जनयुद्ध में आम जनता ही भागीदार रही। हजारों आंदोलनकारियों ने अपनी जान भी दी। ऐसे में राजशाही के समर्थन में इसी जनता का पुन: उठ खड़ा होना न तो संभव है और न ही संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिन भी देशों में लोकतंत्र स्थापित हुआ वहां चुनी हुई सरकार से लाख मतभेद के बावजूद राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र को ही प्राथमिकता दी है। लोकतंत्र को मजबूती देना राजनीतिक पार्टियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। नेपाल की राजनीति में राजशाही या हिंदू राष्ट्र की मांग के बहाने जो उथल पुथल मचा है, समझा जाना चाहिए कि नेपाल की राजनीतिक पार्टियां इससे जरूर सबक ली होंगी और वे आपसी मतभेद भुलाकर जनता की भलाई और लोकतंत्र की मजबूती पर अब से जरूर ध्यान देंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# खाओ पियो स्वस्थ रहो...

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है, लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है, तो स्थिति बदल सकती है**



**रजनीश कपूर**

व्यायाम और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। नियमित शारीरिक गतिविधि से हृदय मजबूत होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, और तनाव कम होता है। लेकिन क्या इस अच्छी आदत की भी कोई सीमा होती है? क्या ज्यादा व्यायाम करने से दिल की बीमारी हो सकती है। हाल के वर्षों में यह सवाल वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही, इंटरमिटेंट फास्टिंग जैसी लोकप्रिय जीवनशैली प्रथाओं और कम उम्र के फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामलों ने भी दुनिया भर में चिंता बढ़ाई है। आज कल के विज्ञापन के दौर में हर रोज़ कोई न कोई नई तकनीक प्रचारित की जाती है जो आपको स्वस्थ रहने के उपाय बताती है। लेकिन क्या ऐसे शॉर्टकट उपायों से वास्तव में आपके शरीर को फ़ायदा होता है। व्यायाम हृदय के लिए वरदान है। जब हम दौड़ते हैं या साइकिल चलाते हैं, तो हृदय तेज़ी से धड़कता है, जिससे रक्त में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सप्ताह में 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है। लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है, तो स्थिति बदल सकती है। अति व्यायाम तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक कसरत करता है, या बिना पर्याप्त आराम या पोषण के ऐसा करता है। लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाला व्यायाम हृदय पर दबाव डाल सकता है। शोध बताते हैं कि मैराथन धावकों या ट्रायथलॉन एथलीटों में व्यायाम के बाद रक्त में ट्रोपो. निन का स्तर बढ़ जाता है। यह प्रोटीन हृदयाघात के संकेत के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, 'एथलीट हार्ट सिंड्रोम' भी एक जोखिम है, जिसमें हृदय की मांसपेशियाँ मोटी हो जाती हैं और अनियमित धड़कन (एरिदमिया) की समस्या हो सकती है। कुछ मामलों में यह गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया ने इंटरमिटेंट फास्टिंग को वजन घटाने और स्वास्थ्य सुधार के लिए काफ़ी लोक. प्रिय किया है। इसमें व्यक्ति निश्चित समय तक भोजन नहीं करता, जैसे 16 घंटे उपवास और 8 घंटे खाने का समय। हालांकि इसके कुछ फायदे भी हैं, जैसे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार। लेकिन जानकारों के अनुसार अति व्यायाम के साथ इसे जोड़ने से खतरे बढ़ सकते हैं। जब शरीर को ऊर्जा के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिलता और साथ ही भारी व्यायाम किया जाता है, तो हृदय पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है। इससे इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, कमज़ोरी, और हृदय की अनियमित धड़कन (एरिदमिया) का जोखिम बढ़ता है।



2023 में अमेरिका में एक 28 वर्षीय फिटनेस ट्रेनर की मृत्यु का मामला चर्चा में आया। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग के साथ रोज़ाना 2 घंटे की तीव्र कार्डियो और वेटलिफ्टिंग भी करता था। पोस्टमॉर्टम में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई, जिसका कारण इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और हृदय पर अत्यधिक दबाव था। यानी बिना संतुलन के फास्टिंग और व्यायाम खतरनाक हो सकता है।हाल के वर्षों में कम उम्र के स्वस्थ और फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामले बढ़े हैं। भारत में भी ऐसी घटनाएं देखी गई हैं। उदाहरण के लिए, 2022 में गुजरात में एक 19 वर्षीय युवक की जिम में वर्कआउट के दौरान मृत्यु हो गई। वह नियमित रूप से भारी वजन उठाता था और प्रोटीन सप्लीमेंट्स भी लेता था। जांच में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदयाघात से हुई, जो संभवत: अति व्यायाम और अपर्याप्त रिकवरी के कारण था। 2024 में दिल्ली में एक 25 वर्षीय मैराथन धावक की दौड़ के बाद मृत्यु हो गई। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग पर था और बिना पर्याप्त हाइड्रेशन के लंबी दूरी दौड़ रहा था। डॉक्टरों ने इसे 'सडन कार्डियक डेथ' का मामला बताया, जो युवा एथलीटों में दुर्लभ लेकिन संभव है। ऐसे मामलों में अक्सर अज्ञात हृदय दोष (जैसे हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी) या अति तनाव जिम्मेदार होता है। अति व्यायाम और फास्टिंग का जोखिम हर किसी के लिए समान नहीं है। जिन लोगों का पारिवारिक इतिहास हृदय रोगों से जुड़ा है, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावा, पेशेवर एथलीट, जो अपनी सीमाओं को बार-बार चुनौती देते हैं, और युवा जो बिना मार्गदर्शन के जिम में घंटों बिताते हैं, वे भी जोखिम में हैं। अपर्याप्त नींद, खराब आहार, और डिहाइड्रेशन इस खतरे को और बढ़ाते हैं। क्या हमें व्यायाम या फास्टिंग से डरना चाहिए? नहीं, ये दोनों ही स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी हैं, बशर्ते इन्हें संतुलित तरीके से अपनाया जाए। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि व्यायाम की तीव्रता और अवधि आपकी उम्र, फिटनेस स्तर, और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, 20 साल के युवा के लिए 1 घंटे की तीव्र कसरत ठीक हो सकती है, लेकिन 40 साल से ऊपर के व्यक्ति को मध्यम व्यायाम पर ध्यान देना चाहिए। इंटरमिटेंट फास्टिंग करते समय भी पोषण और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। भारी व्यायाम से पहले और बाद में पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। अगर आपको थकान, चक्कर, या अनियमित धड़कन महसूस हो, तो तुरंत रुकें और डॉक्टर से संपर्क करें। 'अति सर्वत्र वर्जयेत', यह कहावत व्यायाम और फास्टिंग दोनों पर लागू होती है। अति व्यायाम और असंतुलित फास्टिंग हृदय पर दबाव डाल सकते हैं, खासकर जब इन्हें बिना तैयारी या मार्गदर्शन के किया जाए। कम उम्र के फिट लोगों की मृत्यु के मामले हमें सावधान करते हैं कि स्वास्थ्य के प्रति उत्साह अच्छा है, लेकिन उसे अंधे उत्साह में नहीं बदलना चाहिए। अपने शरीर के संकेतों को सुनें, संतुलन बनाए रखें, और ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लें। आखिरकार, हमारा लक्ष्य लंबा, स्वस्थ, और सुखी जीवन जीना है।

# Heatwave का अलर्ट जारी: दिखें ये 7 लक्षण तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं

अप्रैल के महीने में तापमान काफी इजाफा हो रहा है। धीरे-धीरे गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी है। ऐसे में प्डक ने हाल ही में दिल्ली समेत राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आपको सावधान रहने की जरुरत है। अब आपको तेज गर्मी में लू से कैसे बचें इस लेख में हम आपको बताएंगे।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

### शरीर का तापमान बढ़ना...

हीट स्ट्रोक का सबसे बड़ा लक्षण है शरीर का तापमान अचनाक 40°C या इससे अधिक भी हो जाता है। इस दौरान पसीना आना बंद हो जाता है, शरीर की ठंडा होने की प्रक्रिया फेल हो जाती है।

### सिरदर्द और चक्कर आना...

लू लगन से तेज सिरदर्द होना और पानी की कमी होने लगती है, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी जैसी समस्याएं देखने को मिलती है।

### त्वचा का गर्म या लाल होना

लू लगने के बाद स्किन लाल, ड्राई और गर्म हो जाती है। पसीना निकलना बंद हो जाए, तो यह बड़ी गंभीर समस्या हो सकती है। इसका तुरंत उपचार कराए।

### मतली और उल्टी होना...

हीट स्ट्रोक के दौरान जी मिचलना, पेट में जलन, मतली और उल्टी होने लगती है।

### मांसपेशियों में ऐंठन होना...

डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस कारण मांसपेशियों में ऐंठन या हाथ-पैरों में दर्द होने लगता है।

### दिल की धड़कन तेज होना...

हीट स्ट्रोक के कारण हार्ट बीट भी तेज हो जाती है, क्योंकि यह शरीर को खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा मेहनत करता है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय...

- जितना होने सके खूब पानी पिएं। दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरुर पिएं।
- नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस को घोल काफी फायदेमंद होता है।
- चाय, कॉफी और शराब से बचें, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन बढ़ाते हैं।
- गर्मियों मे सूती और लाइट कलर के कपड़े, जो पसीना सोख लें।
- धूप में निकलते समय छाता, टोपी या सनग्लासेस का इस्तेमाल करें।
- इस दौरान दोपहर में 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। धूप में ज्यादा देर तक न रहें।

## अमेरिका और ब्रिटेन की अदालतों ने प्रत्यर्पण पर सुनाया अहम फैसला

# अमेरिका से तहव्वुर को झटका, ब्रिटेन से भंडारी को लेकर निराशा



**न्यूयार्क।** मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद तहव्वुर को भारत लाने की राह और आसान हो गई। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा फिलहाल लास एंजिल्स के मेट्रोपालिटन डिटेंशन सेंटर में बंद हैं और भारत प्रत्यर्पण रुकवाने के पैंतरे आजमा रहा है। तहव्वुर राणा ने 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन दिया था। पिछले महीने की शुरुआत में जस्टिस कागन ने राणा के आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। राणा ने इसके बाद जस्टिस कागन को पूर्व में संबोधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित रहने तक स्थगन के लिए एक नया आपातकालीन आवेदन दिया। उसने अनुरोध किया कि नया आवेदन चीफ जस्टिस राबर्ट्स के पास भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक राणा के नए आवेदन को 4 अप्रैल को कोर्ट के पास भेजा गया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नोटिस के जरिये बताया गया कि अदालत ने उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। इससे पहले तहव्वुर राणा ने अपने भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए नई चाल चली थी। राणा ने अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका दायर की थी। आतंकी तहव्वुर राणा ने आवेदन में दावा किया था कि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है, इसलिए भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा, लिहाजा उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाए। रणा ने अपने खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया है।

**लंदन: संजय भंडारी प्रत्यर्पण** मामले में भारत सरकार को बड़ा झटका लगा है। लंदन हाईकोर्ट ने भारत सरकार के ब्रिटेन सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने के आवेदन को खारिज कर दिया है। रक्षा क्षेत्र के सलाहकार संजय भंडारी को नई दिल्ली लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि उनके खिलाफ कर चोरी और धन शोधन मामला चलाया जा सके। लंदन हाईकोर्ट के जज लार्ड जस्टिस टिमोथी होलरोयड ने पिछले महीने भारत सरकार द्वारा दायर आवेदन के जवाब में रायल कोर्ट आफ जस्टिस में सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। भारत सरकार ने लंदन हाईकोर्ट में अपील दायर करते हुए कहा था कि इस मामले में जो मुद्दे हैं, वे केवल कानूनी नहीं, बल्कि सार्वजनिक महत्व के हैं। जस्टिस होलरोयड ने कहा कि अदालत को भारत सरकार की ओर से एक आवेदन प्राप्त हुआ। इसमें सामान्य महत्व के कानूनी बिंदुओं के प्रमाणीकरण तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी गई थी। लिखित प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद हमने पाया कि मौखिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। साथ ही आगे कोई और प्रस्तुतिकरण की आवश्यकता भी नहीं है। जिन दो बिंदुओं पर अपील की अनुमति मांगी गई थी, उन्हें अस्वीकार कर दिया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि सामान्य महत्व के कानून के दोनों बिंदुओं को न्यायालय के निर्णय में शामिल नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि अपील में पहला बिंदु आरोपी व्यक्ति पर लगाए गए प्रमाण के मानक से संबंधित था तथा दूसरा दिल्ली की तिहाड़ जेल की स्थितियों से जुड़ा था। इन दोनों बिंदुओं में से कोई भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचार किए जाने योग्य नहीं है। मामले में भारत सरकार ने दो-चरणीय प्रक्रिया में पहले चरण के रूप में आवेदन दायर किया था।



## आर्कटिक महासागर की बर्फ 47 सालों में सबसे कम

**ब्रुसेल्स।** आर्कटिक महासागर की बर्फ इस साल मार्च में 47 सालों में सबसे कम हो गई है। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी 3 एस) की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में, समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से छह प्रतिशत कम था, जो चौथा लगातार न्यूनतम रिकॉर्ड है व अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से 24 प्रतिशत कम था। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2025 वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे गर्म माह था, जिसमें औसत सतही वायु तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री अधिक और पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.60 डिग्री अधिक था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पिछले 21 महीनों में से 20वां महीना भी था, औसत वैश्विक सतही वायु तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। सी 3 एस की उप निदेशक सामंथा बर्गेस ने कहा कि मार्च में, यूरोप सबसे गर्म स्थान था। इस महाद्वीप में बारिश में अत्यधिक बदलाव देखा गया।

# ट्रेड वॉर की आग में कूदने को तैयार: चीन का कड़ा संदेश



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वार की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। इसे लेकर चीन ने कहा है कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है।

इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा, तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था कि अगर ट्रेड वार हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है और इससे और मजबूत होकर निकलेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने एक टिप्पणी में लिखा कि अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन आसमान नहीं गिरेगा। 2017 में अमेरिका की तरफ से पहले ट्रेड वार की शुरुआत के बाद से चाहे अमेरिका ने जितना भी दबाव डाला हो, हमने लगातार विकास किया है और आगे बढ़े हैं।

हमने लचीलापन दिखाया है। जितना ज्यादा दबाव आता है, हम उतने ही मजबूत बनते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहाकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता बाजार होने के नाते, चीन अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बदलने के बावजूद दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोलता रहेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के उपमंत्री लिंग जी ने अमेरिका से फंडिंग पाने वाली 20 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इनमें टेस्ला और जीई हेल्थकेयर जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थीं। लिंग ने चीन को निवेश के लिए एक आदर्श, सुरक्षित और संभावनाओं से भरा हुआश स्थान बताया।

# ओमान में पहली बार आमने-सामने होंगे ईरान-अमेरिका

## ऐतिहासिक पल: परमाणु कार्यक्रम पर विशेष बातचीत की संभावना



**तेहरान।** ईरान में बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर इन दिनों मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ते ही जा रहे है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन के दौरान पहली बार अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ से ओमान में मुलाकात करेंगे। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, क्योंकि मध्य पूर्व में तनाव अभी भी बना हुआ है। मामले में जानकारी देते हुए अराघची ने एक टेलीविजन से बात करते हुए कहा कि ए वार्ता अप्रत्यक्ष रूप से होगी, जिसमें ओमानी मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर सकते हैं। बता दें कि बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वार्ता को प्रत्यक्ष वार्ता कहा था, लेकिन ईरान ने इसे अप्रत्यक्ष बातचीत बताया है। हालांकि अमेरिका और इस्राइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रम को लेकर सैन्य हमले की चेतावनी भी दी है, जबकि ईरान लगातार यह चेतावनी देता आ रहा है कि वे परमाणु बम बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इसको लेकर अराघची ने कहा कि इन वार्ताओं का मुख्य लक्ष्य ईरानी लोगों के अधिकारों को बहाल करना और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाना है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल ईरान की प्राथमिकता अप्रत्यक्ष वार्ता ही है, और इसे प्रत्यक्ष वार्ता में बदलने की कोई योजना नहीं है। इस वार्ता की घोषणा के बाद, ईरान की अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार देखने को मिला। ईरान की मुद्रा रियाल, जो पहले 1 मिलियन रियाल के निचले स्तर तक पहुंच गई थी, अब 990,000 रियाल पर आ गई है। इस खबर के बाद तेहरान स्टाक एक्सचेंज में भी लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि बीते शनिवार को बातचीत तब शुरू हुई जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को पत्र लिखकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत शुरू करने की कोशिश की। ट्रम्प का यह कदम बातचीत को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। इस बीच, ट्रम्प के प्रशासन ने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमलों का अभियान तेज कर रखा है। हौथी विद्रोही ईरान के प्रतिरोध की धुरी का हिस्सा माने जाते हैं, जो इजरायल पर हमले की क्षमता रखते हैं। वहीं, गाजा पटी में इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध के दौरान अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

## एक अमेरिकी-दो रूसी क्रू आईएसएस रवाना

**मास्को।** नासा के अंतरिक्ष यात्री जानी किम और दो रूसी क्रू मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने रूसी अंतरिक्ष यान में सवार होकर आईएसएस के लिए सफलापूर्वक उड़ान भरी। तीनों आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगे।

सोयुज बूस्टर राकेट ने मंगलवार को तय समय पर बैकोनूर लॉन्च सुविधा से उड़ान भरी, जिसे रूस द्वारा कजाकिस्तान में लीज पर लिया गया है। तीनों क्रू के साथ सोयुज एमएस-27 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। वे तीन घंटे बाद स्टेशन पर डाक करने के लिए तैयार हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री किम और रूस के सर्गेई रेजिकोव और एलेक्सी जुब्रित्स्की अंतरिक्ष में लगभग आठ महीने बिताएंगे। नासा ने बताया कि किम भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए क्रू को करेंगे। इसके अलावा, पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक जांच और तकनीकी प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि किम लास एंजिलिस के मूल निवासी हैं। वह अमेरिकी नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर हैं और फ्लाइट सर्जन भी हैं। तीनों अमेरिकी-रूसी क्रू नासा के अन्य अंतरिक्ष यात्री डान पेटिट, ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स के साथ मिलकर अंतरिक्ष स्टेशन पर काम करेंगे। इसके अलावा, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी, रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओ. विचिनिन, इवान वैगनर और किरिल पेसकोव भी उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शामिल होंगे।

## वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग

**न्यूयार्क।** अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट आफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयार्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड आब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया।

# हसीना का दावा- मैं बांग्लादेश जरूर लौटूंगी

## कहा: अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है। हसीना ने कहा- बांग्लादेश अब आतंकी देश बन गया शेख हसीना ने कहा कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चैनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। हसीना बोलींकि अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा, मैं लौटकर आऊंगी अपने पूरे परिवार की भयानक हत्या को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा कि मैंने अपने पिता, मां, भाई- सभी को एक ही दिन में खो दिया और फिर हमें देश लौटने भी नहीं दिया गया। मैं जानती हूं अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। अल्लाह हमेशा मेरी हिफाजत करता आया है, शायद वह मुझसे कुछ अच्छा करवाना चाहता है। जिन्होंने ये जघन्य अपराध किए हैं, उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। यही मेरा वादा है।

# अमेरिकी यूट्यूबर बिना इजाज़त भारत के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पहुंचा

## डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया, वीडियो भी बनाया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस ने 24 साल के एक अमेरिकी यूट्यूबर को हिंद महासागर के एक प्रतिबंधित द्वीप पर पहुंचने और वहां की जनजाति से संपर्क करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह यूट्यूबर अमेरिकी राज्य एरिजोना के रहने वाल है। उसका नाम मिखायलो विक्टोरोविच पोलियाकोव है। 29 मार्च को वह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पर पहुंचा था। वहां रहने वाली सेंटिनली जनजाति से नहीं मिल पाया तो डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया था। उसे 31 मार्च को पोर्ट ब्लेयर में गिरफ्तार किया गया था। एक स्थानीय कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उसे 17 अप्रैल को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इस द्वीप की आबादी कई हजार साल से दुनिया से दूर है। ये लोग तीर और कमान लेकर जानवरों का शिकार करते हैं। यहां अगर कोई बाहरी व्यक्ति पहुंच जाए तो उस पर भी तीरों से हमला करते हैं। पुलिस ने बताया कि पोलियाकोव ळच्ै नेविगेशन का इस्तेमाल करके इस द्वीप तक पहुंचा था। द्वीप पर उतरने से पहले उसने बाइनोकुलर्स से द्वीप का सर्वे किया। वह करीब एक घंटे तक द्वीप पर रुका। इस दौरान उसने सीटी बजाकर सेंटिनली लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसे जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसने एक डाइट कोक और नारियल को वहां रखा, अपना वीडियो बनाया और रेत के कुछ नमूने लेकर वहां से वापस लौट गया। वापस जाते समय एक स्थानीय मछुआरे ने उसे देख लिया और प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पोर्ट ब्लेयर में उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ भारतीय कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि पोलियाकोव ने इस द्वीप पर जाने से पहले समुद्री कंडीशन, ज्वार और द्वीप तक पहुंचने के रास्ते की गहरी रिसर्च की थी।







